CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, मंगलवार 16 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 39 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पांच साल वाला नियम सिर्फ मुस्लिमों के लिए क्यों: ओवैसी पेज 2



मोहम्मद सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने खेल टाइम्स



नेपाल: सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़ सम्पादकीय



इजरायल के खिलाफ कतर में जुटे 50 मुस्लिम देश पेज 12

## पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं, तीन बदलावों पर स्टे

# वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या तय: केंद्रीय बोर्ड में 4, राज्य में 3 होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शीर्ष अदालत ने कहा: अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रहेगी रोक**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर पूरी तरह से रोक लगाने से सोमवार को इन्कार कर दिया, लेकिन कहा अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक रहेगी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित कानून के संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि अदालतों को संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की वैधता माननी चाहिए और केवल दुर्लभतम मामलों में ही स्थगन देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि हमने प्रत्येक धारा को दी गई चुनौती पर प्रथम दृष्ट्या विचार किया है। हमने पाया है कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, कुछ धाराओं को कुछ संरक्षण की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का न्यायनिर्णयन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती और यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने अपने 128 पन्नों के फैसले में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति के संबंध में कहा कि यद्यपि यह न्यायालय कोई निर्देश जारी नहीं कर रहा है, फिर भी यह उचित होगा कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में क्रमश: 22 और 11 सदस्यों में से चार और तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह बात एक गैर-मुस्लिम को मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देने वाले संशोधन पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए कही। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए वक्फ के लिए संपत्ति दान करने के लिए पांच साल तक इस्लाम का पालन करने के मानदंड के कार्यान्वयन पर भी रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि जब तक नियम नहीं -**शेष पृष्ठ दो पर**

### वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का मुस्लिम बोर्ड ने किया स्वागत



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारी समिति के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुस्लिम पक्ष की कुछ दलीलों को स्वीकार करने के अंतरिम आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस मामले पर पूरा फैसला आने पर मुसलमानों को पूर्ण राहत हासिल होगी। मौलाना ने कहा कि आज के जजमेंट में उच्चतम न्यायालय ने हमारी कुछ दलीलें स्वीकार कर उन प्रावधानो पर रोक लगाई है। हमे उम्मीद थी कि पूरे एक्ट पर स्टे दिया जाएगा।



### लोकतंत्र के हित में है वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय : किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उच्चतम न्यायालय के वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत का निर्णय लोकतंत्र के हित में है। श्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को कहा कि यह देश के लिए बहुत अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के लिए यह बहुत अच्छा संकेत है। कुछ लोग बिना वजह के संसद के निर्णय को चुनौती देते हैं। उन्होंने कहा कि संसद के अधिकार को चुनौती नहीं दी जा सकती है। संसद में बने कानून के प्रावधान को लेकर चुनौती दी जा सकती है। सरकार ने शीर्ष अदालत में अधिनियम की मंशा और प्रावधान के बारे में बताया है। शीर्ष अदालत का फैसला लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।

# एसआईआर: कोई भी गड़बड़ी मिली, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7अक्टूबर की तारीख तय की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा कि हम मानते हैं कि एक संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है।

अगर हमें बिहार एसआईआर के किसी भी चरण में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दी जा सकती, अंतिम फैसला पूरे भारत के लिए लागू होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते चुनाव आयोग ने एसआईआर के संचालन में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन किया है।

### ...तो 'भानुमती का पिटारा' खुल जाएगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने कहा कि राजनीतिक दलों पर ये अधिनियम लागू करने से 'भानुमती का पिटारा' खुल जाएगा तथा यह ब्लैकमेल और दुरुपयोग का एक साधन बन जाएगा। पीठ ने केरल उच्च न्यायालय के संबंधित फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि माफ कीजिए! खारिज!

### एक करोड़ के इनामी नक्सली सहदेव सहित 3 नक्सली ढेर

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का इनामी माओवादी सहदेव सोरेन और उसके दो साथी मारे गए हैं। यह मुठभेड़ सोमवार सुबह हजारीबाग के पनतीतरी जंगल में हुई, जो बोकारो और गिरिडीह जिलों की सीमा पर स्थित है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सहदेव सोरेन किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर कोबरा बटालियन, गिरिडीह और हजारीबाग पुलिस की एक संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान माओवादियों के दस्ते से उनकी मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद चलाए गए तलाशी अभियान में तीन शव बरामद हुए, जिनकी पहचान एक करोड़ के इनामी सहदेव सोरेन, 25 लाख के इनामी रघुनाथ हेम्ब्रम और 10 लाख के इनामी बिरसेन गंझू के रूप में हुई है। इनके पास से तीन एके-47 राइफलें भी बरामद हुई हैं।

### वित्त मंत्रालय कर्मी की मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रिंग रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय में कार्यरत कर्मचारी नवजोत सिंह की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। श्री सिंह वित्त मंत्रालय के उपसचिव के पद पर तैनात थे। दिल्ली कैंट क्षेत्र में रिंग रोड पर हुए दर्दनाक बीएमडब्ल्यू हादसे ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या यदि हादसे के बाद नवजोत सिंह को तुरंत नज़दीकी बड़े अस्पताल पहुंचाया जाता, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी? पत्नी संदीप कौर का कहना है कि हादसे के बाद उनके पति की सांसें चल रही थीं, लेकिन आरोपी महिला चालक उन्हें नज़दीकी अस्पताल ले जाने के बजाय 19 किलोमीटर दूर एक छोटे अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने नवजोत को मृत घोषित कर दिया।

### अगस्त में थोक मुद्रास्फीति दर 0.52 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** खाने-पीने के सामानों, खासकर विनिर्मित खाद्य उत्पादों, के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की सालाना दर इस साल अगस्त में बढ़कर 0.52 प्रतिशत दर्ज की गई, जो इस साल अप्रैल के बाद का उच्चतम स्तर है। लगातार दो महीने शून्य से नीचे रहने के बाद थोक महंगाई बढ़ी है। इससे पहले, जुलाई में यह शून्य से 0.58 प्रतिशत और जून में 0.13 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई थी। खाद्य पदार्थों की थोक मुद्रास्फीति दर भी 0.21 प्रतिशत रही जो जुलाई में शून्य से 2.15 प्रतिशत नीचे थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में प्राथमिक उत्पादों की मुद्रास्फीति दर शून्य से 2.10 फीसदी नीचे रही। ईंधन एवं बिजली वर्ग में मुद्रास्फीति दर 3.17 प्रतिशत और विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग में 2.55 प्रतिशत रही।

# अमृतसर व गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल



**चंडीगढ़।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को पंजाब दौरे पर पहुंचे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे।

वहां से अजनाला, रामदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रामदास स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में भी नतमस्तक हुए। इसके बाद वह गुरदासपुर गए और वहां के हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी की। राहुल गांधी हवाई सर्वे के बजाय सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से रूबरू हो रहे हैं। राहुल गांधी के पंजाब दौरे पर लुधियाना के पूर्व सांसद और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिटटू ने तंज कसा है।

# भारत की बेरोजगारी दर में आई गिरावट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अगस्त में लगातार दूसरे महीने घटकर 5.1 फीसदी पर रही**

**नई दिल्ली।** अगस्त 2025 में भारत की समग्र बेरोजगारी दर गिरकर 5.1 प्रतिशत हो गई। यह दर लगातार दूसरे महीने घटी है, जून में 5.6 प्रतिशत से घटकर जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा अब अगस्त में 5.1 प्रतिशत हो गई है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में यह बात कही गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में बेरोजगारी दर अगस्त में घटकर 5.0 फीसदी हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद से सबसे कम है। शहरी पुरुष बेरोजगारी जुलाई में 6.6 फीसदी से घटकर अगस्त में 5.9 फीसदी हो गई, जबकि ग्रामीण पुरुष बेरोजगारी घटकर 4.5 फीसदी हो गई। ग्रामीण बेरोज़गारी दर लगातार तीन महीनों तक गिरती रही, मई में 5.1फीसदी से अगस्त में 4.3फीसदी तक। ग्रामीण और शहरी बेरोज़गारी दर मिलाकर 5.1 फीसदी रही।

# घुसपैठ खत्म करने की मोदी की गारंटी

पटना, वार्ता

**बिहार के सीमांचल में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने दिया देश को संदेश**



**बिहार में** चुनाव की अधिसूचना अगले माह के पहले हफ्ते में जारी होने के आसार हैं। चुनाव को लेकर घमासान जारी है। विपक्ष मतदाता सूची प्रारूप को लेकर चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। इन सबके बीच पीएम मोदी ने उस क्षेत्र से बड़ा ऐलान किया है, जहां सबसे अधिक घुसपैठ होने के आरोप लगते हैं।

पीएम मोदी ने पूर्णिया के शीशाबाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर हालत में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। अब इस देश में उनकी मनमानी नहीं चलेगी। यह मोदी की गारंटी है कि हर हाल में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। आज सीमांचल और पूर्वी भारत में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी का कितना बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बिहार, बंगाल और असम के लोग अपनी बहन बेटियों के लिए चिंतित हैं। इसलिए मैंने लालकिले से डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। लेकिन, कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। उन्हें बचाने में लगे हैं। बेशर्मी के साथ विदेश से आने वाले घुसपैठियों को बचाने के लिए यह लोग नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। यह लोग बिहार और देश के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं। आज पूर्णिया की इस धरती से मैं इन लोगों को एक बात अच्छी तरह समझाना चाहता हूं। यह राजद और कांग्रेस की जमात कान खोलकर मेरी बात सुन लो, जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा।

# हर थाने में सीसीटीवी कैमरे जरूरी: शीर्ष अदालत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: पुलिस थानों में सीसीटीवी न होने से निगरानी में हो रही मुश्किल, 26 को आएगा फैसला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे की कमी से जुड़े मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि थानों में सीसीटीवी न होने से निगरानी में मुश्किल हो रही है।

कोर्ट ने राजस्थान से जुड़ी एक रिपोर्ट पर एक्शन लेते हुए सुनवाई की। इस मामले में फैसला 26 सितम्बर को आएगा। बेंच अपने आदेश में पुलिस स्टेशन और जांच एजेंसियों के दफ्तरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर राज्यों और केंद्र सरकार को भी निर्देश दे सकती है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि यह मुद्दा निगरानी का है। कल को अधिकारी थाने में कैमरे बंद कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा कंट्रोल रूम चाहते हैं, जिसमें इंसानी दखल कम से कम हो। जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि पुलिस थानों की भी प्राइवेट एजेंसी से जांच करवानी चाहिए। हम आईआईटी को शामिल कर ऐसा सिस्टम बनाने पर विचार कर सकते हैं। वे हमें ऐसा सॉफ्टवेयर दें, जिससे हर सीसीटीवी फीड की निगरानी की जा सके। यह निगरानी भी मानवीय न होकर, पूरी तरह से एआई बेस्ड हो।



# अंबानी के वंतारा को क्लीनचिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: जानवरों की खरीद-बिक्री कानूनी, जैन मठ से हथिनी की शिफ्टिंग पर विवाद**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल ने रिलायंस फाउंडेशन के वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वंतारा' को क्लीन चिट दी है।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने शीर्ष अदालत की ओर से गठित जांच दल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मौखिक रूप से कहा कि पशुओं को गोद लेकर उसकी देखभाल करने के मामले में नियमों की अनदेखी करने समेत अन्य आरोपों में प्रथम दृष्ट्या सच्चाई नहीं दिखती। पीठ ने आगे कहा कि न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल को कोई गड़बड़ी नहीं मिली। अदालत ने कहा कि पशुओं को गोद लेना नियामक तंत्र के अंतर्गत आता है। अदालत ने कहा कि न्यायालय इस रिपोर्ट को अपने आदेश का हिस्सा बनाएगा। वंतारा रिलायंस फाउंडेशन के तहत अनंत अंबानी द्वारा जामनगर में विकसित 3,000 एकड़ का एक विशाल संरक्षण केंद्र है।

# मुंबई में भारी बारिश, ट्रैक डूबने से लोकल ट्रेनें लेट

**हैदराबाद में बाढ़ के हालात, दो लोग बहे**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। सोमवार को सुबह से लगातार बारिश के कारण मुंबई में कई जगह जलभराव और ट्रैफिक जाम हो गया। अंधेरी सबवे में डेढ़ फीट तक पानी भर जाने से पुलिस ने इसे बंद कर दिया।

दादर, कुर्ला और बांद्रा स्टेशनों पर पानी भरने से लोकल ट्रेनें 10-15 मिनट देरी से चल रही हैं। हैदराबाद में भी तेज बारिश जारी है। हबीब नगर इलाके में रविवार रात भारी बारिश के बाद दो लोग बाढ़ में बह गए। तीन डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन इलाके में पानी का बहाव अभी भी तेज है। रविवार को तय समय से 3 दिन पहले पश्चिमी राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। राजस्थान के श्रीगंगानगर, नागौर, जोधपुर और बीकानेर से मानसून विदा ले चुका है। अगले दो-तीन दिन में पंजाब और गुजरात के कुछ हिस्सों से भी मानसून लौटना शुरू हो जाएगा। जबकि मध्य प्रदेश में मानसून दो हफ्ते और रहेगा। देश के अधिकांश हिस्सों से 15 अक्टूबर तक मानसून पूरी तरह लौट जाएगा। दक्षिण कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में बारिश जारी रह सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से दिल्ली के लिए पहली समर्पित पार्सल ट्रेन रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कश्मीर से दिल्ली के लिए पहली समर्पित पार्सल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल ने आठ पार्सल वैन और 23 टन भार क्षमता वाली इस ट्रेन को कश्मीर घाटी के बडगाम रेलवे स्टेशन से दिल्ली के आदर्श नगर के लिए हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह नयी मालगाड़ी सेवा केंद्र शासित प्रदेश के सेब उत्पादकों के लिए अपनी उपज देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने घाटी में सेब उत्पादकों और व्यापारियों के लिए व्यापार एवं व्यवसाय के अवसरों के नए युग की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### ट्रेलर से टकराई टूरिस्ट बस, चार मरे, नौ घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र में सोमवार तध्के अयोध्या से वाराणसी जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक टूरिस्ट बस की ट्रेलर से हुयी टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से आए श्रद्धालु भगवान श्री राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या गए हुए थे, जहां से वे बस से वाराणसी जा रहे थे कि सीहीपुर रेलवे क्रासिग के पास ट्रेलर को ओवरटेक करने के प्रयास में बस टकरा गई और उसके अगले हिस्से के पर परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बस में सवार लगभग 50 यात्रियों में से चार की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# मुख्यमंत्री योगी ने लगाया जनता दरबार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सुनीं समस्याएं और समाधान के लिए किया आश्वस्त

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए लगभग 50 पीड़ितों की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। जनता दर्शन में रायबरेली से आए किडनी व हर्ट के मरीज को योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए। 'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंग. वाने को कहा। तो उपलब्ध करा रही है सरकार इस दौरान आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्राथना पत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज के खर्च की चिता सरकार करेगी।

### गाजीपुर नोनहरा कांड: सीएम ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिवार के साथ एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पांच साल वाला नियम सिर्फ मुस्लिमों के लिए क्यों

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले को लेकर ओवैसी की तीखी प्रतिक्रिया

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट कोर्ट के अंतरिम फैसले को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है।

ओवैसी ने कहा कि यह अंतरिम आदेश है। हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट इस पूरे कानून पर जल्द अंतिम फैसला सुनाए और सुनवाई शुरू हो। यह फैसला एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए कानून से वक्फ की संपत्तियों को बचाने में मदद नहीं करेगा। इससे अतिक्रमण करने वालों को फायदा मिलेगा। वक्फ की संपत्तियों का विकास नहीं हो पाए। हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट जल्द ही अंतिम फैसला सुनाएगा। उन्होंने कहा कि सीओ की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह व्यक्ति श्जहां तक संभव होश मुस्लिम होना चाहिए। अब सरकार यही कहेगी कि उन्हें कोई योग्य मुस्लिम नहीं मिला, जो पार्टी किसी मुसलमान को सांसद का टिकट नहीं देती, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, क्या वह मुसलमान अधिकारी चुनेगी? खुफिया विभाग (आईबी) में कितने मुसलमान अधिकारी हैं? वे वक्फ में गैर मुसलमानों की नियुक्ति करेंगे। क्यों? यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। सोचिए अगर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) में किसी गैर-सिख को सदस्य बना दिया जाए तो सिख कैसा महसूस करेंगे। हैदराबाद सांसद ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान पर पूरी तरह तरह से रोक नहीं लगाई है कि संबंधित व्यक्ति को कम से कम पांच साल से इस्लाम धर्म को मानने वाला होना चाहिए।

कोई भी ऐसा कानून नहीं है जो किसी धर्म के व्यक्ति को दूसरे धर्म को दान देने से रोकता हो। संविधान के अनुच्छेद 300 के मुताबिक मैं अपनी संपत्ति जिसे चाहूं, उसे दे सकता हूं। तो फिर केवल इस (इस्लाम) धर्म के लिए ऐसा प्रावधान क्यों बनाया गया है? भाजपा को बताना चाहिए कि अब तक कितने लोगों ने धर्म बदलने के बाद वक्फ को संपत्ति दान की है। कलेक्टर जांच वाला प्रावधान जरूर रोका गया है, लेकिन कलेक्टर के पास सर्वे कराने की ताकत अभी भी है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की कुछ अहम धाराओं पर रोक लगा दी है।

## कांग्रेस ने आदेश का स्वागत करते हुए फैसले को न्याय संगत बताया

# वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश विपक्ष की जीत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कहा: संयुक्त संसदीय समिति में विभिन्न दलों के सदस्यों की सभी असहमतियां सही साबित हुई

■ बिहार के भागलपुर में ओने-पौने दाम पर किसान की जमीन अडानी को दी गई: पवन खेड़ा

कांग्रेस ने वक्फ कानून पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए इसे न्याय संगत बताया और कहा कि यह निर्णय उन राजनीतिक दलों तथा संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों की जीत है, जिन्होंने संसद में इसका विरोध किया था और संसदीय समिति में इसे लेकर अपने असहमति पत्र पेश किए थे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय का आदेश संसद में इसका विरोध करने वाले राजनीतिक दलों के साथ ही संयुक्त संसदीय समिति के उन सदस्यों की भी जीत है, जिन्होंने इसको लेकर विस्तार से अपने असहमति पत्र प्रस्तुत किए थे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक पर न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि इस मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के असहमति पत्रों को तब भले ही नकार दिया गया हो, लेकिन आज वे सभी असहमतियां सही साबित हुई हैं। रमेश ने कहा कि इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के वकीलों ने तर्क दिया था कि इस कानून के जरिए ऐसा ढांचा तैयार किया जा रहा है कि कोई भी इसकी स्थिति को चुनौती दे सकता है। ऐसे मुक. दमों की वजह से संपत्ति की स्थिति अनिश्चित रहेगी। इन नियमों को जोड़ने की मंशा मतदाताओं को प्रभावित करते रहने तथा विवाद को उलझाए रखनी की प्रतीत होती है। अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने कानून के तहत कलेक्टर को मिले अधिकारों पर रोक लगा दी है और मौजूदा वक्फ संपत्तियों को संदिग्ध चुनौतियों से बचाने और नियम बनने तक मुस्लिम होने के प्रमाण की आवश्यकता वाले प्रावधान को पांच साल के लिए रोक दिया है। रमेश ने कहा कि हम इस आदेश का स्वागत करते हैं और इस आदेश को न्याय, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों की जीत के रूप में स्वीकार करते हैं। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार के भागलपुर में किसानों की जमीन ओने पौने दाम पर ऊर्जा संयंत्र निर्माण के लिए मोदी के करीबी उद्योगपति गौतम अडानी को दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि बिहार की भागलपुर में गौतम अडानी की ऊर्जा संयंत्र के लिए 10 लाख आम, लीची सागवान के पेड़ काटकर किसानों की 1050 एकड़ जमीन एक रुपए की लीज पर उद्योगपति अडानी को 33 साल के लिए दी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संयंत्र को लगाने का प्रस्ताव बजट में किया था, लेकिन बाद में तय किया गया कि किसी निजी कंपनी को संयंत्र दिया जाए।

### वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी: नकवी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी और वक्फ के प्रशासनिक व्यवस्था के ऐतिहासिक सुधार से सम्बंधित है। नकवी ने वक्फ कानून के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि यह संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) और दोनों सदनों में चर्चा के बाद पारित हुआ। संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक वार करने वाली लूट की लम्पट लाबी लूट पर छूट के लीगल लाइसेंस की बहाली चाहती है, वक्फ सुधार वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत है। इस कानून पर चल रहे मंथन से अमृत ज़रूर निकलेगा।

# अखिल भारतीय गाली पार्टी बन गई है कांग्रेस: भूपेंद्र चौधरी

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी का स्वरूप ले चुकी है, क्योंकि उसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का कुछ भी ख्याल नहीं है।

चौधरी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने का या किसी बात का लोकतांत्रिक ढंग से विरोध करने का सभी को अधिकार है, लेकिन जनता द्वारा लगातार नकारे जाने से हताश और निराश कांग्रेस लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर अमर्यादित आचरण और अशिष्टता की सारी हद पार करने के काम कर रही है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के चित्र के साथ कांग्रेसियों ने आचरण किया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस से मर्यादित आचरण की अपेक्षा करना बेकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता के मंच से प्रधानमंत्री की दिवंगत माताजी के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है। वास्तव में कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी बन चुकी है। जैसे इसके नेता, वैसे कार्यकर्ता! इनकी जितनी भी निंदा की जाए कम ही है। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का रास्ता रोकने वाले उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया है। रविवार को लखनऊ में कांग्रेस की बैठक में पायदान पर दिनेश प्रताप सिंह का फोटो चिपकाया, जिसको लेकर भाजपा ने तीखा विरोध जताया है।



**सेंसेक्स** 81785.74
**निफ्टी** 25069.20



**सोना रु.** 109223
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 124267
प्रति किलो



# घरेलू बाजारों में मुनाफा वसूली, प्रमुख सूचकांक टूटे

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को दिग्गज और बड़ी कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए, जबकि मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 118.96 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 44.80 अंक यानी 0.18 फीसदी नीचे 25,069.20 अंक पर आ गया। आईटी, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों पर दबाव रहा। रियलिटी, सार्वजनिक बैंकों और तेल एवं गैस सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया। संसेक्स 20.81 अंक की तेजी के साथ 81,925.51 अंक पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में चला गया। यह ऊपर 81,998.51 अंक और नीचे 81,744.70 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 4.90 अंक चढ़कर 25,118. 90 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 25,138.45 अंक और निचला स्तर 25,048.75 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत निवेशकों ने मझौली और छोटी कंपनियों में निवेश किया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0. 47 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत मजबूत हुआ।,

संसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर लाल निशान में और शेष 10 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.67 प्रतिशत लुढ़क गया। एशियन पेंट्स में 1.66 प्रतिशत, इंफोसिस में 1.15 प्रतिशत, टाइटन में 1.14 फीसदी, सनफार्मा में 0.85 प्रतिशत और टीसीएस में 0.72 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के शेयर लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 0. 58 प्रतिशत, अल्ट्राटेक का शेयर 0.46 प्रतिशत और एलएंडटी का 0. 33 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त में रहे। विद. ेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई सूचकांक 0.89 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 फीसदी की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0. 35 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 01 फीसदी ऊपर था।

### इंडिगो एथेंस के लिए शुरू करेगी उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** यात्री संख्या के मामले में देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ग्रीस के एथेंस शहर के लिए उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइंस ने सोमवार को बताया कि वह जनवरी 2026 के पूर्वार्द्ध में एथेंस को अपने नेटवर्क में शामिल करेगी, जो ग्रीस का ऐतिहा. सिक शहर है।

उसकी योजना दिल्ली और मुंबई से एथेंस के लिए सेवा शुरू करने की है। इस मार्ग के साथ वह अपने बेड़े में पहली बार शामिल ए321एक्सएलआर विमान के परिचालन की भी शुरुआत करेगी। अभी इसके लिए नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स ने कहा कि भारत और ग्रीस के बीच उड़ान की घोषणा करने वाली इंडिगो एक मात्र भारतीय एयरलाइंस है। बाद में ग्रीस के दूसरे शहरों के लिए भी उड़ाने शुरू करने की योजना है।

# चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें महंगी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। चीनी में भी मजबूती रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। दालों के दाम भी बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। अमे. रिकी सोया तेल वायदा 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52.73 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 100 रुपये बढ़कर 3,843.27 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं आठ रुपये टूटकर 2,856.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे के दाम में भी 25 रुपये की गिरावट रही और यह 3,304. 70 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। सूरजमुखी तेल 43 रुपये और सोया तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल टूटा, जबकि पाम ऑयल में 99 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मूंगफली तेल 57 रुपये और वनस्पति 80 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 222 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 64 रुपये और चना दाल में 144 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। वहीं, मूंग दाल 131 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 163 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी रही। गुड़ की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7956.89 रुपये, मसूर काली 8169.81 रुपये, मूंग दाल 10115.63 रुपये, उड़द दाल 10435.98 रुपये, अरहर दाल 10649.16 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2856.21 रुपये और चावल 3843.27 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वक्फ बोर्ड...**

बन जाते, तब तक वक्फ संपत्ति घोषित करने से पहले पांच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त (धारा 3(आर) पर भी रोक रहेगी। अदालत ने कहा कि बिना किसी तंत्र के यह (धारा) मनमानी शक्ति के प्रयोग को बढ़ावा देगा। पीठ ने वक्फ निकायों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के प्रावधान पर के मामले में कहा कि फिलहाल राज्य वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाने चाहिए और केंद्रीय वक्फ बोर्ड में कुल मिलाकर चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाएंगे।

अदालत ने 22 मई को अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

शीर्ष अदालत ने 25 अप्रैल को सुनवाई के दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम 2025 का बचाव करते हुए एक प्रारंभिक हलफनामा दायर किया। केंद्र ने संसद द्वारा पारित संवैधानिकता की धारणा वाले किसी भी कानून पर अदालत द्वारा किसी भी तरह की पूर्ण रोक का विरा. ेध किया था।

अदालत ने तीन दिनों तक दलीलें सुनीं, जिसमें केंद्र ने तर्क दिया कि संसद द्वारा विधिवत अधिनियमित इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के लिए केवल कानूनी प्रस्ताव या काल्पनिक तर्क पर्याप्त नहीं हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दावा किया था कि वक्फ प्रबंधन ने स्मारकों का दुरुपयोग किया है। उसने दुक. ानों के लिए जगहें बनाई हैं और अनधिकृत परिवर्तन किए हैं। केंद्र सरकार ने पहले आश्वा. सन दिया था कि किसी भी वक्फ संपत्ति (जिसमें उपयोगकर्ता द्वारा स्थापित संपत्तियां भी शामिल हैं) को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। उसने यह भी कहा था कि 2025 के अधिनियम के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष इस अधिनियम के खिलाफ 100 से अधिक याचिकाएं दायर की गई थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे पहले संसद ने दोनों सदनों - लोकसभा और राज्यसभा में गरमागरम बहस के बाद पारित किया था।

# महिला सशक्तिकरण एक आर्थिक आवश्यकता: बिरला

**तिरुपति, वार्ता**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामा. जिक अनिवार्यता ही नहीं बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है और यह महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल तथा उद्यमिता में निवेश करके विकास का एक सशक्त सामाजिक-आर्थिक मॉडल बना सकता है।

बिरला ने महिला सशक्तिकरण पर संसदीय और विधानमंडलीय समितियों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन के संपन्न होने पर सोमवार को यहां कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक अनिवार्यता ही नहीं, बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और उद्यमिता में निवेश करके, भारत मानव पूंजी का विशाल भंडार खोल सकता है और विकास का एक सशक्त सामाजिक- आर्थिक मॉडल बना सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं का नेतृत्व और योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन एक ऐसा मंच उपलब्ध कराते हैं, जहां केंद्र और राज्यों के जन प्रतिनिधि अपने अनुभवों के माध्यम से मिलकर विचार साझा कर सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में लोकतंत्र मात्र एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत मूल्य और जीवन का तरीका है। भारत, जिसे लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, ने सदियों से समानता, संवाद और भागीदारी के सिद्धांतों को कायम रखा है। महिला सशक्तिकरण को केवल कल्याण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे राष्ट्रीय विकास की नींव के रूप में माना जाना चाहिए। उन्होंने समाज सुधारकों जैसे सावित्रीबाई फुले की अग्रणी भूमिका को याद किया, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की मुक्ति का समर्थन किया और महाराष्ट्र के उन विद्यालयों का उदाहरण दिया, जहां 100 प्रतिशत साक्षरता की दिशा में गांवों की वृद्ध महिलाओं को भी शिक्षित किया गया।










### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम ने किया देहरादून-बेंगलुरु हवाई सेवा का फ्लैग ऑफ

## प्रदेश के हवाई संपर्क विस्तार से निवेश, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा नया आयाम-सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून से एयर इंडिया एक्सप्रेस की देहरादून-बेंगलुरु के लिए शुरू की जा रही नई हवाई सेवा का विधिवत रूप से फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के समग्र विकास और हवाई संपर्क विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

आज उत्तराखंड में इस नई पहल के साथ ही देश की पहली अंतरराष्ट्रीय वैल्यू कैरियर एयर इंडिया एक्सप्रेस ने देहरादून हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए दैनिक सीधी उड़ानों की शुरुआत के साथ परिचालन शुरू कर दिया है। इस अवसर पर सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, डोईवाला के विधायक बृज भूषण गैरोला, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीईओ, आईएएस, आशीष चौहान भी उपस्थित थे।




**■ उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच कनेक्टिविटी, पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दैनिक उड़ानें, साथ ही 18 सुविधाजनक वन-स्टॉप कनेक्शन भी उपलब्ध**

एयर इंडिया एक्सप्रेस का उत्तराखंड में स्वागत करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून से एयर इंडिया एक्सप्रेस सेवाओं की शुरुआत हमारे राज्य में नागरिक उड्डयन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बेंगलुरु से बेहतर कनेक्टिविटी से उत्तराखंड में पर्यटन, व्यापार और निवेश के अवसरों को काफी बढ़ावा मिलेगा, साथ ही भारत के सबसे गतिशील शहरों में से एक के साथ छात्रों, पेशेवरों और उद्यमियों के लिए संबंध भी मजबूत होंगे। हम एयर इंडिया एक्सप्रेस का स्वागत करते हैं और इस कनेक्टिविटी से हमारे लोगों और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद करते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की देहरादून और बेंगलुरु के बीच सीधी हवाई सेवा उत्तराखंड के युवाओं, उद्यमियों, आईटी प्रोफेशनल्स, छात्रों और पर्यटकों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु देश की तकनीकी राजधानी है और वहां उत्तराखंड के हजारों युवा शिक्षा, सेवा और स्टार्टअप क्षेत्रों में कार्यरत हैं। अब उन्हें राज्य आने-जाने के लिए और अधिक सुविधाजनक, समयबद्ध और सुरक्षित विकल्प मिलेगा।

फ्लैग ऑफ समारोह में प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एयरपोर्ट अथॉरिटी के प्रतिनिधि, एयर इंडिया एक्सप्रेस के पदाधिकारी, यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

### मुख्यमंत्री ने किया एयरपोर्ट की सुविधाओं का निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे की विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को हवाई, रेल और सड़क मार्ग से तीव्र और सुलभ संपर्क व्यवस्था से जोड़ना है, जिससे न केवल पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि राज्य में निवेश, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ष्एयर कनेक्टिविटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत कंपनियों को आवश्यक सहयोग और प्रोत्साहन दे रही है।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस एमडी ने परिचालन शुरू होने पर जताई खुशी

एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक, आलोक सिंह ने कहा कि हमें देहरादून से परिचालन शुरू करके खुशी हो रही है, यह हमारा 58वां स्टेशन है। हम अपने सबसे बड़े घरेलू केंद्र, बेंगलुरु के लिए दैनिक सीधी उड़ानें शुरू कर रहे हैं। यह अहमदाबाद और चंडीगढ़ के बाद इस महीने लॉन्च किया गया तीसरा नया स्टेशन है, जो हमारे नेटवर्क के तेजी से विस्तार को रेखांकित करता है। यह नया मार्ग न केवल उत्तराखंड को सीधे बेंगलुरु के आर्थिक और शैक्षिक केंद्रों से जोड़ता है, बल्कि पूरे भारत में 18 और शहरों के लिए सुविधाजनक वन- स्टॉप कनेक्शन भी प्रदान करता है।

# मुख्यमंत्री से आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में शिष्टाचार भेंट की। यह भेंटवार्ता राज्य के आर्थिक परिदृश्य, वित्तीय समावेशन तथा उत्तराखंड में बैंकिंग सेवाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित रही। धामी ने आरबीआई गवर्नर का उत्तराखंड आगमन पर हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि देश की वित्तीय संस्था के प्रमुख से मुलाकात राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को प्राथमिकता देते हुए उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने मल्होत्रा से उत्तराखंड के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल भुगतान प्रणाली के प्रसार, और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आरबीआई के सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि



ऐसे क्षेत्रों में भी बैंकिंग सेवाएं सुलभ हों जहाँ अभी भी पहुँच की कमी है, जिससे जनता को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने उत्तराखंड सरकार द्वारा वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता, और सुशासन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक राज्य के वित्तीय विकास और बैंकिंग आधार के विस्तार में हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि आरबीआई की ओर से उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्तर पर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र को वित्तीय सहायता की सुविधा भी अधिक सुलभ बनाने पर विचार किया जाएगा।

# सीएम के जन्मदिवस को कई कार्यक्रमों के साथ मनाएगी भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा परिवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आपदा के मद्देनजर सीएम द्वारा सेवा और सादगी से जन्मदिन मनाने का स्वागत किया है। वहीं पार्टी भी उनके जन्मदिन को ब्लड डोनेशन, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान आदि जनसहभागिता के कार्यक्रमों के साथ मनाएगी।

उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में, मुख्यमंत्री धामी के स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की है। साथ ही कहा कि, पीएम मोदी के विकसित भारत विजन को उत्तराखंड में साकार कर रहे हैं। उनके द्वारा वर्तमान दशक उत्तराखंड का बनाने के लक्ष्य पूर्ति के लिए सीएम के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज



मुख्यमंत्री धामी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व युवाओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। प्रत्येक देवभूमिवासी उनकी गंभीरता, संवेदनशीलता, कर्मठता और समर्पण का कायल है, ऐसे में उनके जन्मदिन को लेकर जनता में उत्साह रहता है।

उन्होंने सीएम द्वारा अपने जन्मदिन को जनसेवा और सादगी के साथ मनाने के निर्णय को आपदा के दृष्टिगत उचित बताया है। निसंदेह जिस तरह की त्रासदी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई है, उससे सभी लोग गमगीन हैं। स्वयं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समूची

**■ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री धामी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं**

सरकार और पार्टी संगठन आपदा पीड़ितों की मदद में रात दिन एक किए है। यह सीएम की संवेदनशीलता और भावनात्मक लगाव है कि वे अपने इस महत्वपूर्ण दिन में भी जनसेवा कार्यों को करने जा रहे हैं।

साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी भी उनके जन्मदिन को जनसहभागिता के साथ विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम के माध्यम से मनाएगी। जिसके तहत युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा द्वारा स्वास्थ्य शिविर, ब्लड कैंप, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, शैक्षिक कार्यक्रम और सार्वजनिक धार्मिक हवन पूजन आदि का आयोजन किया जायेगा।

# सीएम ने लिया फैसला, जन्मदिवस पर नहीं होगा कोई उत्सव-आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्णय लिया है कि उनके जन्मदिवस 16 सितम्बर के अवसर पर किसी प्रकार का उत्सव या औपचारिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह दिन सादगी और सेवा को समर्पित रहेगा।

उन्होंने कहा कि जन्मदिवस जैसे अवसर को समाज और जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित करना ही सच्चा उत्सव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस दिन आपदा प्रभावितों और आमजन की मदद में समय देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के कई क्षेत्रों में आपदा से प्रभावित परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं और ऐसे में समाज का प्रत्येक वर्ग उनके सहयोग के लिए आगे आए।

**■ आज है मुख्यमंत्री का जन्मदिन,कहा- वे इस दिन आपदा प्रभावितों और आमजन की मदद में देंगे समय**

हर एक प्रयास पीड़ित परिवारों के लिए संबल और आशा का स्रोत बन सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, शिक्षा सहयोग और आपदा राहत जैसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन सकते हैं। सेवा और त्याग की भावना ही उत्तराखंड की असली पहचान है और यदि हर नागरिक इसी सोच के साथ कार्य करे तो राज्य को हर क्षेत्र में मजबूती और नई ऊर्जा मिलेगी।

# जोशी ने की प्रदेश के महत्वपूर्ण सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े विषयों पर चर्चा

**■ कैबिनेट मंत्री ने की नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश के महत्वपूर्ण सड़क विकास कार्यों से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-707ए के किलोमीटर 134 से 175 (मसूरी बैण्ड-कैम्पटीफॉल-मसूरी-बाटाघाट) के बीच क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्य कराने तथा इस मार्ग का चौड़ीकरण का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने मसूरी में लगातार बढ़ते जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए सुरंग (टनल) निर्माण और किमाड़ी मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इन सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया।



# राजभवन में आयोजित अखंड पाठ का समापन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के राज्यपाल पद पर चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजभवन में आयोजित तीन दिवसीय अखण्ड पाठ का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को उनके चार वर्ष के सफल कार्यकाल पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख मत्था टेककर देश और प्रदेशवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अरदास की। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी राज्यपाल कौशल किशोर शुक्ल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# एसटीएफ ने 98 लाख की ठगी का मास्टरमाइंड किया गिरफ्तार

**■ आरोपी के बैंक खातों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में शिकायतें दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** साइबर पुलिस निरंतर लोगों के पैसे बचाने, के लिए पूरी तरह से तत्पर है इसके अलावा साइबर अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम भी किया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ. वी. मुरुगेसन की जा रही है स

स्पेशल टैक्स फोर्स के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नवनीत सिंहद्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि देहरादून निवासी एक व्यक्ति द्वारा विगत वर्ष को साइबर थाना देहरादून में अभियोग पंजीकृत करते हुए बताया गया था कि उसे जुलाई 2020 में फेसबुक-व्हाट्सऐप के



माध्यम से परिचित कराए गए एक कथित वित्तीय सलाहकार तथा उसके सहयोगी एवं अन्य अज्ञात लोगों ने व्हाट्सऐप कॉल, मैसेज एवं विभिन्न मोबाइल नंबरों से संपर्क कर निवेश के बहाने शुरूआती रिटर्न देकर विश्वस्त किया और 28 जुलाई 2020 से लेकर 9 अगस्त 2024 तक के दौरान शिकायतकर्ता से अलग-अलग बैंक खातों में कुल लगभग 98,00,000 के करीब धनराशि जमा करवाई , बाद में आरोपियों ने न तो उक्त राशि लौटाई और न ही कोई लाभांश दिया बल्कि धमकी व ब्लैकमेल कर के कहा कि पैसा अवैध गतिविधियों में उपयोग हुआ है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नवनीत भुल्लर द्वारा मामले का सहायक पुलिस अधीक्षक कुश मिश्रा व पुलिस उपाधीक्षक, अंकुश मिश्रा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे साईबर क्राईम पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खातों रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों व्हाट्सअप की जानकारी हेतु सम्बन्धित बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनियों, मेटा कम्पनी से पत्राचार कर डेटा प्राप्त किया गया। प्रकाश मे आये आरोपी मृदुल सूर पुत्र एम. के. सूर निवासी महेशपुर, थाना इगरा, जिला पूर्वी मिदनापुर, पश्चिम बंगाल के रूप में की गई जो फर्जी प्रोफाइल व अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों उपयोग कर लाखों की साइबर ठगी को अंजाम देने के लिए अलग-अलग नामों से प्रोफाइल व इंटरनेशनल नंबरों का इस्तेमाल किया जाता था ।

# धरातल से कोसों दूर महिला सतत् आजीविका योजनाः कांग्रेस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने मुख्यमंत्री महिला सतत् आजीविका योजना को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की बहुप्रचारित योजना धरातल पर फेल हो चुकी है और इसकी आड़ में एनजीओ के माध्यम से बड़ा खेल चल रहा है।

दसौनी ने बताया कि देहरादून के रायपुर ब्लॉक और मालदेवता क्षेत्र की लगभग 300 महिलाओं को वर्ष 2022 में डेयरी और मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षण तो दिया गया, लेकिन आज तक इन्हें 50-50 हजार रुपये का अनुदान नहीं मिल पाया। जबकि विभाग का कहना है कि 1.26 करोड़ की धनराशि संबंधित एनजीओ के खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। दसौनी ने कहा कि यह पूरा मामला सरकार और एनजीओ की मिलीभगत का प्रतीक है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की कि वे मंच से महिला सम्मान की बातों के बजाय जमीनी सच्चाई देखें और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

### तीन साल बाद भी महिलाएं खाली हाथ

दसौनी ने कहा कि विभाग ने संबंधित एनजीओ को जून 2025 में नोटिस भेजा, लेकिन दो माह बीतने के बाद भी न संस्था ने जवाब दिया और न ही महिलाओं को लाभ मिला। उन्होंने कहा कि विभाग ने मार्च 2022 में 3.84 लाख प्रशिक्षण के लिए और 1.26 करोड़ परिसंपत्ति वितरण के लिए एनजीओ को दिए, लेकिन न गाय दी गई, न बी बॉक्स।

**अब भी चक्कर काट रहीं महिलाएं**

मालदेवता, बैजत, रामनगर डांडा, शेरकी आदि क्षेत्रों की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने गाय नहीं खरीदी क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि सरकार देगी। अब न पैसा मिला, न व्यवसाय शुरू हो पाया।

# स्वास्थ्य महाकुंभ में सीएम सहित सभी जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित सभी सांसद, मंत्री एवं विधायकगण प्रतिभाग करेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शिविरों में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, नि:क्षय मित्र पहल, रक्तदान तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को बताया कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर



सिंह धामी 17 सितम्बर, बुधवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प से स्वास्थ्य महाकुंभ का शुभारम्भ करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एक साथ स्वास्थ्य शिविरों का संचालन शुरू हो जायेगा। जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, नि:क्षय मित्र पहल, रक्तदान तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। डॉ. रावत ने बताया कि

**■ दून मेडिकल कॉलेज से होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का शुभारम्भ,कहा, प्रदेशभर में स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की तैयारियां पूरी**

इन स्वास्थ्य शिविरों में जिलों के प्रभारी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, नगर निगमों के मेयरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, नगर निकायों के अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। जिसके तहत राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प में सूबे के मुख्यमंत्री, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह के साथ वह स्वयं उपस्थित रहेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में महानुभावाओं की उपस्थित में जहां आम लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, व दवाएं मिलेगी, वहीं दूसरी ओर आम जनमास में राजकीय चिकित्सालयों की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सकारात्मक धारणा विकसित होगी। डॉ रावत ने बताया कि जनपद स्तर पर जिलाधिकारी शिविरों की मॉनिटरिंग करेंगे, जबकि प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सचिव सहित विभागीय उच्चाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कौन कहां हेल्थ कैंप में रहेंगे मौजूद

राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प में सूबे के मुख्यमंत्री, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह के साथ वह स्वयं उपस्थित रहेंगे।इसी प्रकार राजकीय उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत प्रतिभाग करेंगे, जबकि उप जिला चिकित्सालय हल्द्वानी में नैनीताल सांसद अजय भट्ट , सीएचसी थौलादेवी, अल्मोड़ा में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा तथा जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग में आयोजित शिविर में पौड़ी सांसद अनिल बलूनी प्रतिभाग करेंगे। इसी तरह राज्य सभा सांसद नरेश बंसल भूपतवाला, कल्पना सैनी रूड़की तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट सीएचसी रायपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मौजूद रहेंगे। जबकि सभी मंत्री एवं विधायकगण अपने-अपने क्षेत्रों, नगर निगम के मेयर अपने नगर क्षेत्रों, जिला पंचायत अध्यक्ष अपने जिलों, ब्लॉक प्रमुख अपने विकासखण्डों तथा अन्य जनप्रतिनिधि अपने नजदीकी चिकित्सा इकाईयों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में प्रतिभाग करेंगे।

# प्रदेश में 42,000 से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से जोड़ने के संकल्प को साकार करते हुए, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि० (यूपीसीएल) ने अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूपीसीएल को मार्च 2027 तक 40,000 सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य दिया गया था, किन्तु यूपीसीएल ने अपने अथक प्रयासों एवं उपभोक्ताओं के सहयोग से यह लक्ष्य समय से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ही अगस्त 2025 में पूरा कर लिया है। साथ ही प्रदेशभर में अब तक 42,000 से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित कर लिये गये हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता लगभग 156 मेगावाट है। यह उपलब्धि उत्तराखण्ड को हरित ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करती है। इस अभियान के नोडल अधिकारी, श्री आशीष अरोड़ा, मुख्य अभियन्ता, यूपीसीएल थे। प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रेरणादायी नेतृत्व और प्रमुख सचिव (ऊर्जा) के सतत् मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली' को प्रदेश के घर-घर तक पहुँचाना हमारे लिये गर्व का विषय है। हमने जो लक्ष्य मार्च 2027 तक प्राप्त करना था, उसे अगस्त 2025 में ही पूरा कर लिया है जो

**■ मार्च 2027 तक का लक्ष्य अगस्त 2025 में ही पूरा**

यूपीसीएल परिवार की प्रतिबद्धता और उपभोक्ताओं के सहयोग का परिणाम है। भविष्य में भी हम इसी उत्साह से कार्य कर उत्तराखण्ड को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाते रहेंगे।"मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत उत्तराखण्ड ने जिस तरह डेढ़ वर्ष पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया है, वह हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि उत्तराखण्ड न केवल स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि आने वाले समय में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी राज्य बनेगा। मैं यूपीसीएल परिवार, ऊर्जा विभाग और प्रदेशवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देता हूँ। राज्य सरकार हर संभव सहयोग कर यह सुनिश्चित करेगी कि उत्तराखण्ड हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश को नई दिशा दे सके।"

# डीएम ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

■ बीमार बेटे के इलाज से लेकर सड़कों और स्कूल की दिक्कतों तक उठे मुद्दे भू-माफियाओं पर कार्रवाई और विभागीय लापरवाही पर कड़े निर्देश जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में सोमवार, 15 सितंबर को जिला सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएँ रखीं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 65 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पुनर्वास, लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका, शिक्षा विभाग और अन्य से संबंधित मुद्दे शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया और सीएम हेल्पलाइन व लंबित शिकायतों की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

ग्राम बरवाल गांव, तहसील कण्डीसौड़ निवासी त्रेपन सिंह चौहान ने अपने पुत्र के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार कण्डीसौड़ को आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर पात्रता अनुसार सहायता दिलाने के निर्देश दिए। वहीं, भाजपा जाखणीधार मंडल उपाध्यक्ष रमेश सिंह कुमाई ने बताया कि ग्राम पंचायत गेवली पाव में खाल तोक से ग्वाड़ तक जाने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हो चुका है। यह मार्ग वन विभाग की भूमि से होकर गुजरता है और ग्रामीण लंबे समय से इसे आवागमन तथा चारा-पत्ती ढोने के लिए प्रयोग करते आ रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस पर वन विभाग को नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए।

ग्राम स्वाडी (गेंवली पाव), विकासखंड जाखणीधार की सदस्य क्षेत्र पंचायत पुष्पा देवी व ग्रामीणों ने शिकायत की कि प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका का वर्षों से स्थानांतरण नहीं हुआ है और पठन-पाठन पर ध्यान न देने के कारण अभिभावकों को अपने बच्चों को अन्यत्र भेजना पड़ रहा है। इस पर शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई कर नई प्रधानाध्यापिका की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

विकासखंड प्रतापनगर के रौलाकोट गांव निवासी धर्म सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन को फर्जी तरीके से भू-माफिया मुकेश गुसाईं और दिनेश सिंह ने अपने नाम दर्ज करवा लिया है। उन्होंने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। जिलाधिकारी ने इस पर तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिए और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

इसी तरह विकासखंड थौलधार के बरनू गांव निवासी सुरेंद्र सिंह ने शिकायत की कि संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों और छात्रों को दिक्कत हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी थौलधार को तुरंत आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं प्रतापनगर ब्लॉक के ग्राम देवल निवासी देवराज शाह ने बताया कि लंबगांवदृप्रतापनगर मोटर मार्ग की कटिंग के दौरान उनके घर का आंगन क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने सुरक्षा दीवार नहीं लगाई। इस पर लोनिवि बौराड़ी को तत्काल समाधान के आदेश दिए गए। कार्यक्रम में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, आईएएस स्नेहिल, एडीएम अवधेश कुमार, एसडीएम संदीप सहित जिले के अन्य अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दर्शन में उठी समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों का विश्वास प्रशासन पर और मजबूत हो।

## आउट सोर्स से नियुक्ति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं:सेमवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि।** माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कर्मचारी संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक में वक्ताओं ने आउटसोर्स नियुक्ति करने पर विरोध जताया है। संगठन के सदस्यों ने कहा कि आउट सोर्स नियुक्ति किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। अगस्त्यमुनि में संगठन के जिला संरक्षक डॉ वासुदेव प्रसाद सेमवाल की अध्यक्षता में आहत बैठक में विभागीय अधिकारियों ने संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालयों में वर्षों से अल्प मानदेय पर कार्यरत संस्कृत अध्यापकों को आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्त करने की प्रक्रिया पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि प्रदेश सरकार एक ओर तो संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दे रही है, वहीं दूसरी ओर संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लम्बे समय से कार्यरत 155 अर्ह शिक्षकों को अब आउटसोर्स से नियुक्त करने का फैसला ले रही है। जो कि इन शिक्षकों के साथ सरासर धोखा है। जिला महामंत्री राकेश कंसवाल ने कहा कि आज जिन शिक्षकों की बदौलत संस्कृत विद्यालय और महाविद्यालयों का अस्तित्व बचा हुआ है, उन्हीं को आउटसोर्स से नियुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। यह न केवल संस्कृत शिक्षा के साथ सरासर अन्याय है, बल्कि संस्कृत शिक्षकों के साथ कुठाराघात भी है। शिक्षक तदर्थ करने की मांग कर रहे थे, वहीं सरकार तदर्थ करना तो दूर इन्हें आउटसोर्स से करने पर तुले हैं। आउटसोर्स नियुक्ति योजना पूरी तरह से एक षड़यंत्र हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर संगठन के जिला उपाध्यक्ष मनोज नौटियाल सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## 100 मीटर दौड़ में अनमोल और यशस्वनी ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू की संकुल स्तरीय शरदकालीन शीतक. ालीन खेलकूद प्रतियोगिता सोमवार को एनआईटी मैदान श्रीनगर में संपन्न हुई। जिसमें संकुल डांग के 15 विद्यालयों की 200 छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। शरद कालीन शीतकालीन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुद्वारा समिति के प्रबंधक रविंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्षा रेखा नेगी, जूनियर शिक्षक संघ खिर्सू के अध्यक्ष चन्द्रमोहन बिष्ट बीआरसी समनयक मुकेश काला ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में किड्स वर्ड के अनमोल और यशस्वनी प्रथम, 100 मीटर दौड में किड्स वर्ड में अनमोल प्रथम स्थान रहा ।

# पूर्वी बांगर के जनप्रतिनिधियों ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले के पूर्वी बांगर क्षेत्र में आई आपदा के 19 दिनों बाद भी मोटरमार्ग नहीं खोले जाने से आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने जिला कलक्ट्रेट पहुंचकर आक्रोश जताया। उन्होंने कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया और जल्द से जल्द आपदाग्रस्त इलाकों में कार्य नहीं किये जाने पर आत्मदाह की चेतावनी दी।

सोमवार को रुद्रप्रयाग विधानसभा के उछोला, भौर, मथ्यागांव, भुनालगांव, डांगी, बक्सीर, खौड़, बेडारू, घंघासू के जनप्रतिनिधि ज्येष्ठ प्रमुख नवीन सेमवाल के नेतृत्व में जिला कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद पूर्वी बांगर के जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बीते 28 अगस्त को पूर्वी बांगर में आई आपदा के कारण छेनागाड़-घंघासू नौ किमी मोटरमार्ग बंद पड़ा है। मोटरमार्ग करीब छः से सात स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। विभाग की ओर से मार्ग को खोलने के लिए मात्र एक जेसीबी मशीन भेजी गई है, जो पहले से ही खराब स्थिति में है। ग्रामीण जनता किसी तरह जौला-उछोला पौराणिक रास्ते का उपयोग करके आवागमन कर रही है। मोटरमार्ग के बंद होने से करीब 10 हजार की जनसंख्या प्रभावित हो गयी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सड़क मार्ग को खोलने के लिए पोकलैंड मशीन का सहारा लिया जाए, लेकिन विभाग के पास मशीन ही उपलब्ध नहीं है।

ज्येष्ठ प्रमुख सेमवाल ने कहा कि जहां छेनागाड़-घंघासू मोटरमार्ग बंद होने से ग्रामीणों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं इसके विकल्प के तौर पर छेनागाड़-बधाणीताल पांच किमी मोटरमार्ग एवं जौला-उछोला ढाई किमी मोटरमार्ग का निर्माण किया जाना जरूरी है। इन मोटरमार्गों के निर्माण से आपदा के समय ग्रामीण जनता को राहत मिलेगी। जखोली ब्लॉक के ज्येष्ठ प्रमुख नवीन सेमवाल ने कहा कि यदि इन मांगों पर उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो पूर्वी बांगर की जनता उग्र आंदोलन के साथ आत्मदाह जैसे कदम उठाने को विवश हो जाएगी। उछोला प्रधान चंडी प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण जनता को रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में दिक्कतें हो रही हैं तो बीमार ग्रामीणों को पालकी के सहारे जंगल वाले रास्ते से होकर अस्पताल पहुंचाना पड़ रहा है। करीब क्षेत्र के 150 से ज्यादा स्कूली बच्चे भी पठन-पाठन से वंचित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भी क्षेत्र की जनता के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है। आपदा को इतना समय गुजर गया है, लेकिन ग्रामीणों की सड़क खोलने की मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है, जिस कारण क्षेत्र में हा-हाकार जैसे हालात बने हुए हैं। जनप्रतिनिधि अजय पुंडीर ने कहा कि आपदाग्रस्त इलाकों में हालात बद से बदतर बने हुए हैं। ग्रामीण जनता क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को कोस रही है। अधिकारियों के सुस्त रवैये के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से राहत-बचाव के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। धरना देने के बाद जनप्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा से मिले और जल्द छेनागाड़-घंघासू मोटरमार्ग को खोलने के लिए पोकलैंड मशीन भेजने की मांग की। एडीएम ने ग्रामीणों की समस्या को समझते हुए लोनिवि के अधिशासी अभियंता को जल्द क्षेत्र में मशीन भेजने के निर्देश दिए, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों का आक्रोश शांत हो पाया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष रितु नेगी, ग्राम प्रधान मथ्यागांव सज्जन सिंह नेगी, ग्राम प्रधान भुनालगांव मुकेश, बक्सीर गीता देवी, डांगी सौरभ भट्ट, खौड़ सज्जन भंडारी, उछोला प्रधान चंडी प्रसाद मौर्य, क्षेपंस धनवीर बैरवाण, लक्ष्मण सिंह, अजय पुण्डीर सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर .......

### 16 सितंबर को प्रदेशभर में मनाया जाएगा तहसील दिवस

**नई टिहरी।** उत्तराखंड प्रदेश की सभी तहसीलों में मंगलवार, 16 सितंबर को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संभावना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश की किसी भी तहसील में प्रतिभाग कर सकते हैं और वहां आयोजित कार्यक्रमों में लोगों से संवाद स्थापित करेंगे। इसी क्रम में जनपद की सभी तहसीलों में भी तहसील दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि तहसील दिवस के अवसर पर संबंधित तहसील के सभी अधिकारी, कर्मचारी और स्टाफ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह दिवस केवल औपचारिकता न होकर आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित समाधान का एक सशक्त माध्यम होना चाहिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि सामाजिक चेतना भी विकसित होगी। तहसील दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण को विशेष महत्व दिया जाएगा ताकि इस आयोजन को जनहित और पर्यावरण हित दोनों से जोड़ा जा सके।

### उत्तरकाशी : यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई महिला श्रद्धालु की मौत

**उत्तरकाशी:** यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई एक महिला श्रद्धालु की यहां उपली खरादी में हार्ट अटेक से मौत हो गई है। यमुनोत्री धाम की यात्रा वर्ष में अबतक यमुनोत्री धाम आने वाले 28 श्रधांलुओं की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है। बड़कोट अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती लक्ष्मी रविंद्र मुले (48)पत्नी रविंद्र मुले निवासी अहिल्या नगर महाराष्ट्र यमुनोत्री धाम की यात्रा पर परिजनों संग आई हुई थी, यहां उपली खरादी के एक होटल में सोमवार को उन्हें अचानक हार्ट अटेक आया, परिजनों ने उन्हें अपने निजी वाहन से बड़कोट अस्पताल लाया लेकिन उससे पूर्व ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस थाना बड़कोट से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आये 28 श्रधांलुओं की विभिन्न कारणों से मौत हुई है।

### विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध

**कोटद्वार ।** विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का बड़े पैमाने पर विरोध किया जा रहा है। वहीं स्थानीय निवासियों ने कोटद्वार तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को स्मार्ट मीटरों को हटाएं जाने की मांग की । लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाने से अनावश्यक रूप से बिजली का बिल बढ़ रहा है, और कुछ जगहों पर बिना अनुमति के मीटर लगाए जाने पर भी विरोध दर्ज किया गया है।उपभोक्ताओं का सबसे बड़ा आरोप है कि स्मार्ट मीटरों के लगने से उनके बिजली बिलों में अचानक वृद्धि हो गई है। कई जगहों पर बिना उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया जा रहा है । गरीब तबके के लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटरों के कारण उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है ।

### लोगों ने किया सिस्टम का पुतला दहन

**कोटद्वार।** कोटद्वार में इन दिनों नई पेयजल योजना का काम चल रहा है, जिस कारण सड़कों को नए पाइप बिछाने के लिए तोड़ा जा रहा है, निगम क्षेत्र की लगभग सभी गलियों को तोड़ा जा चुका है, तोड़ने के बाद उन गलियों की मरम्मत के कार्यों में लापरवाही भी देखी जा रही है । बरसात में सड़कें ओर भी क्षतिग्रस्त नजर आने लगी हैं ऐसे में वार्ड संख्या 4 में गली का हाल देख कर कहा नहीं जा सकता कि ये किसी आबादी वाली जगह जाने का मार्ग होगा, लोगों का पैदल चलना मुश्किल भरा हो गया है, आए दिन दुपहिया सवार लोग गिर कर घायल हो रहे हैं, कोटद्वार के हर वार्ड के यही हाल है। बीते दिन कोटद्वार नगर निगम के वार्ड नंबर 4 के पार्षद हिमांशु वर्मा ने वार्ड की जनता के साथ मिल कर सिस्टम के खिलाफ पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया, साथ ही शहर की आवाजाही व्यवस्था को देख कर रोष जताया । आपको बता दें इन दिनों कोटद्वार नगर में नई पेयजल योजना का कार्य प्रगति पर है लेकिन ढीलढाल कार्य को देखते हुए लोगबाग आक्रोशित हैं, 373 करोड़ की इस पेयजल योजना को पूरा होने में लगभग 2028 तक का समय लगने की उम्मीद है।

# रेखा आर्य ने संभाला यमकेश्वर उपजिलाधिकारी का चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** यमकेश्वर तहसील में नए एसडीएम की तैनाती हुई है। एसडीएम अनिल चिन्याल का स्थानांतरण सतपुली तहसील में हुआ है। अभी तक अनिल चिन्याल के पास यमकेश्वर के साथ जाखणी खाल तहसील का भी प्रभार था। एसडीएम रेखा आर्य इससे पहले पौड़ी में एसडीएम पद पर तैनात थी। नीलकंठ कांवड यात्रा के दौरान भी रेखा आर्य स्वर्गाश्रम व नीलकंठ में तैनात रही।

रेखा आर्य ने सोमवार को यमकेश्वर तहसील का कार्यभार संभाला।

एसडीएम रेखा आर्य ने बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि तहसील में आने वाले फरियादी का काम समय से पूरा हो जाए, किसी भी फरियादी को तहसील के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़े। बताया कि यमकेश्वर तहसील विषम भौगोलिक क्षेत्र में फैला हुआ है। कई ग्रामीण सड़क मार्गों पर सीमित वाहनों का संचालन होता है। आवागमन के सीमित संसाधनों के कारण ग्रामीणों को तहसील के बार बार चक्कर न काटने पड़ें। तहसील में इंटरनेट सेवाओं में सुधार करना भी उनकी प्राथमिकता में रहेगा। यमकेश्वर तहसील मुख्यालय में इंटरनेट की दिक्कत के चलते कई बार काम नहीं हो पाता ऐसे में कई बार बिना काम निपटाए ही फरियादी वापस लौट आते हैं। इंटरनेट दिक्कत के चलते कई बार तहसील के जरूरी काम भी नहीं हो पाते हैं। ऐसे में समय से कार्य पूरे न होने पर तहसील कर्मियों को भी परेशानी होती है। बताया कि तहसील में दाखिला खारिज में नाम में हो रही टंकण त्रुटियों में सुधार लाने के निर्देश कमर्चारियों को दिए जाएंगे।

इस दौरान यमकेश्वर तहसीलदार वैभव जोशी, कानूनगो सत्यपाल चौहान, कानूनगो यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## हिंदी हमारी संस्कृति अस्मिता और पहचान का माध्यम: वीसी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में सोमवार को हिंदी पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत हिंदी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान की शुरुआत गढ़वाल विवि के विभिन्न सदस्यों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर अभियान में बढ़चढ कर भागीदारी कि। इस मौके पर अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, अस्मिता और पहचान का माध्यम है।

# बच्चों के जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व: उनियाल

■ जखोली के खानसौड़ में क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जखोली ब्लॉक के खानसौड़ मैदान में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें न्याय पंचायत बजीरा के अंतर्गत पड़ने वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, इसमें कबड्डी, बालीबाल, रस्सी कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं।मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व है। खेल न केवल शारी. रिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है,

बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे मासूम होते हैं और उनकी आंखों में बसे सपने ही भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारा कल उज्ज्वल हो, तो हमें आज ही बच्चों के सपनों की रक्षा करनी होगी। बच्चों के सपने बीज की तरह होते हैं, जिन्हें प्यार, परिश्रम और सही मार्ग-दर्शन से सींचने पर वे समाज और देश को रोशनी व खुशहाली प्रदान करते हैं।

## डीएम ने आराकोट बंगाण क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आरकोट/ उत्तरकाशी :** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य लगातार तीन दिनों से आपदाग्रस्त क्षेत्रों के दौरे पर है। आपदा प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रहे है। सोमवार को जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने पुरोला विधानसभा के गैंच्वांण गांव,दड़गांण गांव एवं आरकोट बंगाण के आपदा प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया।

जिलाधिकारी एवं विधायक ने आज प्रात: गैंच्वांण गांव,दड़गांण गांव का आपदा से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को सुचारू कराने और गांव के ऊपर हो रहे भू-धसाव के सुरक्षात्मक कार्य की मांग की। क्षतिग्रस्त विद्युत व पेयजल लाइनों को ठीक कराने के साथ ही आपूर्ति बहाल करने की मांग की। उसके उपरांत जिलाधिकारी व विधायक ने आरकोट बंगाण में आपदा से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

ग्रामीणों द्वारा आपदा से क्षतिग्रस्त आराकोट-चिंवा सड़क मार्ग एवं शहीद दिनेश रावत गमरी मैजणी मोटर मार्ग,मौडा बलावट सड़क मार्ग,किराणु दुचानू मोटर को सुरक्षित आवागमन के लिए सुचारू कराने की मांग की।

# ईको सेंसटिव जोन की बंदिशों के बाद भी हो रहे निर्माण कार्य

■ आपदाओं से हर वर्ष उत्तरकाशी को जूझना पड़ रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी में भागीरथी घाटी के तमाम सहयक नदियों के तटों

पर ईको सेंसटिव जोन की बंदिशों के बावजूद भी नदियों किनारे वाले निमार्ण कार्य धड़ल्ले से हो रहे हैं।

नदी के 200 मीटर क्षेत्र के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं हो सकता है। लेकिन नदियों के किनारे होटल, रिजॉर्ट आदि के निर्माण पर किसी प्रकार की रोक नहीं लग पाई।



ऐसे में उत्तरकाशी जिले को हर साल आपदाओं की मार झेल पड़ रही है। गौरतलब है कि उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से गंगोत्री धाम तक 100 किमी लंबा क्षेत्र ईको सेंसटिव जोन के तहत अंतर्गत आता है। इस में करीब 78 गांव शामिल हैं इसके तहत भागीरथी नदी और उसकी सहायक नदियों के जोन के नियम के तहत 200 मीटर के दायरे में किसी प्रकार का निर्माण नहीं हो सकता है।

लेकिन इस क्षेत्र में अंधाधुंध निर्माण भी बड़ी आपदाओं का कारण बन रहा है। धराली, हर्षिल क्षेत्र में आई आपदा के बाद उच्च न्यायालय ने भी जिलाधिकारी और सिंचाई विभाग से ईको सेंसटिव जोन के नियमों के पालन पर जवाब तलब किया था। आपदाओं के बाद भी हर्षिल क्षेत्र से लेकर जनपद मुख्यालय तक कई स्थानों पर ऐसे निर्माण हो रहे हैं, जो कि नदी से 20-50 मीटर की दूरी पर भी नहीं है।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।**सोमवार को जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा हाट, दशवाणा सड़क निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क निर्माण में आ रही समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गयी।

साथ ही विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं एवं समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित ग्रामसभा और सरपंच वन पंचायत से सड़क निर्माण कार्य के लिए एनओसी प्रदान करने का अनुरोध किया, जिससे सड़क निर्माण कार्य



की प्रक्रिया में तेजी लायी जा सके। साथ ही उन्होंने टीएचडीसी के महाप्रबंधक को प्रभावित गांवों में लोकहित से जुड़े कार्यों जैसे अस्पताल, स्कूल और सड़क निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिए।उन्होंने तहसीलदार चमोली की अध्यक्षता में गुरुवार को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों,टीएचडीसी के महाप्र. बंधक एवं प्रभावित स्थानीय लोगों की एक संयुक्त बैठक आयोजित कर समस्या का आपसी समन्वय से समाधान निकालने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम चमोली आरके पाण्डेय, तहसीलदार दीप्ती शिखा,अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी नवीन ध्यानी, महाप्र. बंधक टीएचडीसी के.पी. सिंह, अपर महाप्रबंधक एस.पी. डोभाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी विकास दरमोड़ा, ब्लॉक प्रमुख दशोली विनीता देवी,ग्राम प्रधान हाट लक्ष्मी देवी, सरपंच वन पंचायत हाट नरेन्द्र पोखरियाल सहित प्रभावित गांवों के स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## आश्वासन मिलने के बाद एबीवीपी ने किया धरना समाप्त

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहें विद्यार्थी परिषद का धरना सोमवार देर सांय मुख्य छात्र सलाहाकार प्रो. एमएम सेमवाल एवं मुख्य नियंता प्रो. एससी सती के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। गढ़वाल विवि में विद्यार्थी परिषद बीते तीन दिनों से डीएसडब्ल्यू बिल्डिंग के बाहरधरने में बैठे हुए थे। विद्यार्थी परिषद ओबीसी सीटों को सामान्य सीटों में परिवर्तन किए जाने, शोध छात्रों की ट्यूसन फीस में कि गई वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। छात्रों के बेमियादी धरने को देखते हुए देर सांय गढ़वाल विवि के अधिकारियों ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से वार्ता की।

# कार में अवैध शराब ले जाते युवक को पुलिस ने दबोचा

■ सीएम धामी के नशामुक्त अभियान के तहत लंबगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंग्रेजी, देशी शराब और बीयर की खेप के साथ उत्तरकाशी निवासी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लंबगांव थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी कर रहे युवक को कार समेत गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मीडिया सेल ने जानकारी दी कि एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में टिहरी पुलिस लगातार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नशामुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में लंबगांव पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को शराब की बड़ी खेप के साथ पकड़ा।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की कार से 10 बोतल 8 पीएम अंग्रेजी शराब, 40 पाउच नाइट किंग देशी शराब और 24 कैन बीयर बरामद किए गए। आरोपी की पहचान उत्तरकाशी निवासी सहदेव पुत्र स्व. कुलदीप के रूप में हुई है। युवक को मौके पर ही हिरासत में लेकर थाना लाया गया और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई।इस सफलता में पुलिस कर्मियों कपिल यादव, शेखर नेगी और मानेश्वर की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि नशामुक्त अभियान को और सख्ती से जारी रखा जाएगा तथा अवैध नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# विधायक डोभाल खनन माफिया के दबाव में : चौहान

## जन हित के बजाय स्वहित प्राथमिकता में, शिकंजा कसते ही कर रहे आरोप प्रत्यारोप की राजनीति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल खनन माफियाओं के प्रभाव मे हैं और शिकंजा कसते ही वह आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं।



डोभाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि एकाएक डोभाल के हृदय परिवर्तन के पीछे भी दिलचस्प परिस्थितियाँ बनी है। कुछ समय पहले सीएम के मंच पर उन्होंने कहा कि सीएम की यमुनोत्री क्षेत्र पर विशेष कृपा रही है। वह 5 रुपये मांगते हैं तो उन्हे 25 रुपये मिलते हैं, लेकिन अब वह क्षेत्र को उपेक्षा का शिकार बता रहे हैं। चौहान ने कहा कि 4 साल पूरे होने को है, लेकिन उन्होंने कभी भी जन सरोकारों के मुद्दों पर आवाज नही उठायी। सड़क, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे मुद्दों पर वह हमेशा खामोश रहे हैं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक आम जन की पहुँच से दूर हो गए। चौहान ने कहा कि यमुनोत्री क्षेत्र मे आई आपदा को लेकर समय पर शुरू रेस्क्यू ऑपरेशन देश दुनिया ने देखा। कम समय मे प्रभावितों को रेस्क्यू और उन्हे तात्कालिक तौर पर राहत मुहैया करायी गयी। चार धाम यात्रा सुरक्षा के मानकों के हिसाब से ही चल सकती है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। चौहान ने कहा कि कुछ समय से क्षेत्रीय विधायक डोभाल एकाएक आक्रामक तेवर अपनाये हुए हैं ,उसमे पूरी तरह खनन माफिया की सक्रियता है। उन्होंने कहा कि सीएम धामी ने खनन को लेकर कड़े निर्देश दिये हैं और इससे माफियाओं में हड़कंप है।

पुलिस ने भी सख्ती की है जिससे माफिया आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि विधायक के सगे संबंधी भी मामले मे आरोपित रहे हैं और उन्हे सरंक्षण मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और विधायक अपनी जिम्मेदारी से बच नही सकते।

## पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी मेडिकल टीम, विधायक चीमा ने किया रवाना

**काशीपुर।** पंजाब प्रांत में आई आपदा से प्रभावित लोगों की मदद को लेकर काशीपुर से बड़ा मानवीय कदम उठाया गया है। गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब से खालसा फाउंडेशन की ओर से मेडिकल सहायता टीम को रवाना किया गया। इस राहत दल में डॉक्टरों की टीम, दवाइयों से सुसज्जित एम्बुलेंस और आवश्यक चिकित्सा सामग्री शामिल है। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में पंजाब के लोगों का स्वास्थ्य और जीवन सबसे अहम है, और उनकी सेवा के लिए काशीपुर से यह कारवां भेजा जा रहा है। फाउंडेशन पदाधिकारियों ने बताया कि मेडिकल टीम प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर ज़रूरतमंदों को निःशुल्क इलाज व दवाइयां उपलब्ध कराएगी। इस दौरान खालसा फाउंडेशन के प्रवक्ता जगमोहन सिंह बंटी, सतपाल जत्थेदार, डीआर, हर्षित चौहान, विमल सेठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने दी उत्तराखंड को 547.83 करोड़ की सौगात

## ऋषिकेश में भूमिगत केबलिंग कार्यों व देहरादून में आधुनिक प्रणाली विकसित की जाएगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने उत्तराखंड राज्य के लिए 547.83 करोड़ की महत्वपूर्ण धनराशि स्वीकृत की है।

इस राशि का उपयोग ऋषिकेश में वितरण संरचना एवं भूमिगत केबलिंग कार्यों और राजधानी देहरादून में आधुनिक प्रणाली विकसित करने में किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से दोनों नगरों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था न केवल और अधिक सुदृढ़ होगी, बल्कि उपभोक्ताओं को सुगम, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली भी प्राप्त होगी।



**सीएम धामी ने पीएम मोदी व केंद्रीय विद्युत मंत्री खट्टर का आभार जताया**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उक्त स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड को लगातार केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे राज्य की विकास गति को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से लाखों उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किच्छा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग को स्वीकृति प्रदान करते हुए महाराणा प्रताप चौक के समीप मुख्य रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास निर्माण की दिशा में ठोस पहल की है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रेमनगर पौंध, बिधेली में होम स्टे-गेस्ट हाउस और हॉस्टलों में पुलिस ने की चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बिना अनुमति के होटल गेस्ट हाउस होमस्टे तथा हॉस्टल में पार्टी संचालित करने वाले होटल संचालक को खिलाफ पुलिस द्वारा अब सख्त कार्रवाई की जा रही है विगत देर रात्रि प्रेम नगर पुलिस ने झाझरा बुधौली आदि स्थानों पर छापे मार करवाई कर बिना परमिशन के उक्त स्थान पर पार्टी आयोजित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं स

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बिना अनुमति के देर रात्रि तक संचालित होने वाली पार्टियों पर लगाम लगाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने तथा हुडदंग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के दिये गए निर्देशों पर थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा देर रात्रि प्रेमनगर क्षेत्रान्तर्गत प्रेमनगर, पौधा, विधोली में स्थित होम स्टे-गेस्ट हाउस-पीजी- हॉस्टलों में आकस्मिक चौकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्धता के आधार पर 05 व्यक्तियों का मेडीकल परीक्षण कराते हुए पुलिस एक्ट में चालान किया गया। मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए वरिष्ठ

**पांच व्यक्तियों का कराया गया मेडिकल, पुलिस एक्ट में किया चालान**

पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि इसी दौरान सभी संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि बिना अनुमति के कोई भी पार्टी का आयोजन न किया जाये, इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित संचालक के विरूद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। गोरतला बची विगत कुछ समय से पुलिस अधिकारियों को जानकारी मिल रही थी कि कुछ फार्म स्टेशन चालकों और हॉस्टल संचालकों द्वारा अनैतिक रूप से परियों का आयोजन किया जा रहा है इसके बाद पुलिस अधिकारियों के आदेश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा प्रेम नगर क्षेत्र अधिकारी को उक्त हॉस्टल और गेस्ट हाउस पर छापेमार्ग कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे तथा अभियुक्त रूप से पार्टी संचालित होते पाए जाने पर हम स्टेशन चला को और हॉस्टलों के संचालकों के खिलाफ स्विफ्ट कार्रवाई करने की बात कही गई थी।

# सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पीने वाले 35 शराबी गिरफ्तार

## वसूला गया 8750 का जुर्माना, 6 वाहनों को किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** सार्वजनिक स्थान सरेआम शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद प्रेम नगर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाते हुए 35 शराबियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की है वहीं पुलिस की गिरफ्तार में शराबियों से पुलिस ने हजारों रुपए का जुर्मानाबी वसूल किया है

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि काफी समय से इस बात की शिकायत मिल रही थी कि कुछ व्यक्ति शराब पीकर सरे आम हुड़दंग मचा रहे हैं तथा आने जाने वाले लोगों को परेशान कर रहे हैंस सिंह ने बताया की जानकारी मिलने के बाद उनके द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने तथा हुड़दंग करने वालों तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही निर्देश दिये गये जिसके बाद बाद सम्पूर्ण पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद प्रेमनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में प्रेमनगर बाजार, नन्दा की चौकी, सुद्धोवाला, झाझरा, बिधोली, पौंधा आदि में सार्वजनिक स्थानों पर, सडक किनारे खुले में अथवा गाड़ियों में शराब पीने व पिलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध चौकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पी रहे कुल 35 व्यक्तियो को गाडी मे बैठाकर थाने पर लाया गया व पूछताछ के पश्चात उन्हें भविष्य के लिए सख्त हिदायत देकर सभी 35 व्यक्तियों के पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान की कार्यवाही करते हुए कुल 8750 का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान 06 वाहनों को पुलिस द्वारा सीज किया गया।

## कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**काशीपुर।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ अपनी आवाज को बुलंद की। हस्ताक्षर अभियान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब तक वोट चोर गद्दी नहीं छोड़ नही देते तब तक कांग्रेसियों का यह नारा दिन प्रतिदिन जारी रहेगा।

## दुर्घटना के आरोपी चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** नमाज पढ़कर घर लौट रहे युवक को डंपर चालक द्वारा टक्कर मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। परमानन्दपुर दभौरा मुस्तहकम निवासी अमीर हुसैन पुत्र बाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र फैजान हुसैन 13 सितंबर 2025 को करीब 07 बजे सांय गांव से ही नमाज पढ़कर घर को पैदल लौट रहा था।

रास्ते में परमानन्दपुर में भारत पेट्रोल पम्प के सामने पीछे से आ रहे 22 टायरा डंपर सं. यूपी25सीटी-0055 के चालक ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। लोगों ने घायल पुत्र को सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दून डिफेंस ड्रीमर्स का दावा: एनडीए- सीडीएस 2025 में 80% सवाल सीधे क्लासरूम से

**देहरादून।**14 सितंबर, 2025 को आयोजित हुई राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) की परीक्षाओं के बाद देहरादून के प्रतिष्ठित संस्थान दून डिफेंस ड्रीमर्स ने एक सनसनीखेज दावा किया है। संस्थान का कहना है कि परीक्षा के प्रश्नपत्रों में पूछे गए लगभग 80% प्रश्न उनके क्लासरूम अध्यापन, नोट्स, पीडीएफ और मॉक-टेस्ट श्रृंखला से सीधे मेल खाते हैं। यह महत्वपूर्ण समानता गणित, सामान्य अध्ययन/समसामयिक घटनाक्रम, और अंग्रेजी, तीनों विषयों में पाई गई।

संस्थान के संस्थापक-निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिओम चौधरी ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, ष्हमने अपने पाठ्यक्रम को लगातार अपडेट किया, पढ़ाने का तरीका व्यवस्थित रखा और मॉक-टेस्ट पर विशेष ध्यान दिया। इसी का परिणाम है कि छात्रों को परीक्षा हॉल में ठीक वही पैटर्न और अधिकांश वही प्रश्न देखने को मिले जो हमने कक्षा में कवर किए थे। यह हम सभी ड्रीमर्स के लिए एक गौरवपूर्ण पल है।ष

को फाउंडर अंकिता तनेजा ने बताया कि वे जल्द ही अपनी आधिकारिक वेबसाइट और चौनलों पर प्रश्नपत्रों के सेट-वार हल और अनुमानित कट-ऑफ का विश्लेषण साझा करेंगे, ताकि परीक्षार्थी अपनी तैयारी का सही मूल्यांकन कर सकें। हाल ही में, संस्थान ने एक महीने में 35 उम्मीदवारों के चयन और एक ही दिन में 6 अनुशंसाओं का रिकॉर्ड भी बनाया है, जिसे वह देहरादून को रक्षा परीक्षाओं की तैयारी का एक प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानता है। यह सफलता न केवल संस्थान बल्कि पूरे देहरादून के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

# वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशव्यापी अभियान आज से शुरू

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने किया शुभारंभ

**देहरादून।** वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस की और से चलाए जा रहे आंदोलन के दूसरे चरण में सोमवार से राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत उत्तराखंड में भी कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान शुरू हो गया । प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने विधिवत रूप से पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों वार्ता के बाद पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ हस्ताक्षर अभियान का श्री गणेश किया।

धस्माना ने अभियान के लिए छपे फार्म पर हस्ताक्षर किए व उनके बाद पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर धस्माना ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि विगत सात अगस्त को कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की एक ही विधानसभा में कैसे चुनाव आयोग की मिलीभगत से एक लाख से ज्यादा फर्जी वोट की बदौलत भाजपा ने सेंट्रल बेंगलुरु की हारी हुई सीट जीत ली। धस्माना ने कहा कि राहुल गांधी के इस खुलासे के बाद पूरे देश की जनता इस सच्चाई को जन गई है कि भाजपा चुनाव आयोग की मिलीभगत से पिछले अनेक वर्षों से वोट चोरी करके केंद्र व राज्य में सरकारें बना रही है इसलिए देश भर में वोट चोरी के मुद्दे पर लोग आंदोलित हो रहे हैं। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड की सभी 70 विधानसभाओं से पांच लाख नागरिकों से हस्ताक्षर करवा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सौंपा जायेगा। धस्माना के साथ महानगर अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर सिंह गोगी, प्रदेश महासचिव जगदीश धीमान,प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल, प्रदेश सोशल मीडिया अध्यक्ष विकास नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष विशाल मौर्य,मनीष नागपाल,राजेंद्र शाह, डॉक्टर प्रतिमा सिंह, किशोर उनियाल, मंजू त्रिपाठी, ललित भद्री,सावित्री थापा, विप्लवी कवि दयाल, सुशीला देसाई, शीला श्रीवास्तव,इंदु सिंह, रंजना देवी,मंजू चौहान,गुड्डी मनराल,सुनीता धारिया,कुसुम पंवार समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया।

**प्रदेश की सभी 70 विधानसभाओं में चलाया जाएगा हस्ताक्षर अभियान**

# जिला अस्पताल में दो दिन से ओपीडी की छुट्‌टी

**बागेश्वर।** दो दिन से लगातार अवकाश के चलते जिला अस्पताल की ओपीडी बंद है। बंद होने से मरीज काफी परेशान है। दूर दूर से आ रहे मरीजों को इमरजेंसी कक्ष में चिकित्सकों ने बारी बारी से देखा। हालांकि इस बीच काफी मात्रा में भीड़ बढ़ गई। जिसके बाद पीआरडी जवानों के माध्यम से भीड़ को कंट्रोल किया गया। बता दें बलादते मौसम के साथ इन दिनों जिले में वायरल फीबर के साथ खांसी, जुकाम, पेट दर्द के रोगी बढ़ गए हैं। सोमवार को सुबह से ही इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ लग गई। यहां तैनात डॉक्टर को सिर उठाने तक का समय नहीं मिल रहा है। डॉक्टर सभी को देखकर दवा लिख रही हैं। डाक्टरों ने बताया कि पिछले 15 दिन से रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों रोजाना 600 मरीज अस्पताल पहुंच रहे थे। इधर रविवार व सोमवार को सरकारी अवकाश होने के कारण ओपीडी बंद है। सिर्फ इमरजेंसी में मरीजों को देखा जा रहा है। लेकिन मरीजों की संख्या देखकर अस्पताल का इंमरजंसी कक्ष किसी ओपीडी कक्ष से कम नहीं लग रहा है। यहां सुबह से ही मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टर दीप्ति ने बताया की खांसी, सर्दी और बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। 12 बजे तक 200 मरीज अपना इलाज कराकर घर जा चुके हैं। मरीजों का आने का सिलसिला जारी है।

## एक नजर...

### 'वादाखिलाफी कर रहा नगर निगम'

**अल्मोड़ा।** क्वारब की बदहाल स्थिति समेत तमाम मांगों को लेकर टैक्सी चालकों में रोष व्याप्त है। सोमवार को टैक्सी यूनियन ने प्रेस वार्ता कर विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। वहीं, नई पार्किंग में दो फ्लोर नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। लिंक रोड स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यूनियन के अध्यक्ष शैलेंद्र तिलारा ने कहा कि लंबे समय से क्वारब की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जिससे टैक्सी चालकों और मालिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जल्द क्वारब की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि पूर्व में यूनियन की निगम से नवनिर्मित पार्किंग में दो फ्लोर दिए जाने की बात हुई थी। लेकिन निगम अपने वादे से मुकर गया है। आरोप लगाया कि अब पार्किंग को किसी कंपनी के हाथों में देने की तैयारी चल रही है। यूनियन ने टैक्सी के नाम पर स्कूटी के संचालन का भी विरोध किया है। कहना है कि बिना चालक और सुरक्षा के टैक्सी किराए पर दी जा रही है। जो नियमों को खिलाफ है। यहां उपाध्यक्ष गणेश बिष्ट, गोपाल रावत, महासचिव नीरज पवार, सचिव अर्जुन सिंह, उपसचिव आनन्द भोज, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण जोशी आदि मौजूद रहे।

### श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा 20 को

**काशीपुर।** आगामी 20 सितम्बर को श्री श्याम सेवक मंडल ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित होने वाले श्री खांटू श्याम बाबा के छठे वार्षिकोत्सव और उससे पूर्व निशान शोभायात्रा की जानकारी आयोजकों ने आज प्रेस को दी। उन्होंने बताया कि निशान शोभायात्रा में सैंकड़ों की संख्या में बाबा के भक्त शामिल होंगे। दरअसल काशीपुर में पिछले पांच वर्षों से श्री खांटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का लगातार आयोजन होता रहा है। इस बार आगामी 20 सितम्बर को चैती मेला परिसर में बाबा का छठा विशाल संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इससे पूर्व 16 सितम्बर को बाबा को आमंत्रित किए जाने के उद्देश्य से निशान यात्रा का आयोजन किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित चौहान ने बताया कि श्री श्याम सेवक मण्डल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी प्रतिभाग करेंगे।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का समापन

**काशीपुर।** तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज द्वारा विद्या भारती की 37वीं प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन राधेहरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान में गत दिवस शुरू हुई प्रतियोगिताओं का आज विधिवत समापन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में उत्तराखण्ड के 13 स्कूलों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। इसमें विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए प्रदेश का नाम शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक, अध्यक्ष व प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक जीडी मठपाल, विद्यालय अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह जीना कोषाध्यक्ष, त्रिवेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य, विजय पाल, नत्थीलाल बंगवाल, सुरेशानन्द जोशी, गोपाल कृष्ण, महेश चन्द्र शर्मा, इन्द्रपाल परमार, रविन्द्र रावत, अब्बल सिंह तोपाल, मनोज रयाल, शैफाली पाण्डे व कार्यालय प्रमुख सुरेश शर्मा मौजूद रहे।

### लापता नाबालिग बाड़ेछीना से बरामद

**अल्मोड़ा।** बीते सप्ताह धौलछीना थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपने 16 वर्षीय नाती के घर से कही चले जाने व वापस न आने के संबंध में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह व सीओ गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष धौलछीना सुनील सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम आस-पास पूछताछ कर सोमवार को गुमशुदा नाबालिग बालक को बाड़ेछीना से सकुशल बरामद किया गया।

# पर्यटकों के लिए खुलेगा मल्लामहल

**अल्मोड़ा।** राज्य के पर्यटन विभाग के सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने सोमवार को अल्मोड़ा नगर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मेयर अजय वर्मा तथा सीडीओ रामजीशरण शर्मा के साथ सर्किट हाउस से मल्ला महल तक पैदल बाजार का भ्रमण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बाजार के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से किया जाए, बिजली और पानी की लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाए तथा बाजार को आदर्श सांस्कृतिक पहचान के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा की सांस्कृतिक धरोहर को एक मॉडल के रूप में संवारने का लक्ष्य है। मल्ला महल निरीक्षण के दौरान सचिव ने अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि दशहरे तक इसे पर्यटकों के लिए खोला जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मल्ला महल में कैफेटेरिया एवं लाइट एंड साउंड शो को तत्काल प्रारम्भ करने तथा सीसीटीवी लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही मल्ला महल में नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अल्मोड़ा में पर्यटन के विकास को लेकर जो भी प्रस्ताव हों उन्हें जल्द तैयार कर उन्हें प्रेषित किया जाए, बजट की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। साहसिक पर्यटन की संभावनाओं पर जोर देते हुए उन्होंने जनपद में पैराग्लाइडिंग हेतु उपयुक्त स्थलों को चिह्नित कर उनका विकास करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण से पूर्व सर्किट हाउस में आयोजित विभागीय बैठक में सचिव ने मानसखंड मंदिरमाला मिशन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मिशन के अंतर्गत कुमाऊँ के मंदिरों का सौंदर्यीकरण एवं बुनियादी सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है। बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार पर्यटन सुविधाओं का विस्तार कर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। इसके उपरांत उम्होंने नंदा देवी मंदिर का भी स्थलीय निरीक्षण किया और मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण संबंधी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर नगर निगम अजय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, तहसीलदार ज्योति नपच्याल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री, संस्कृति विभाग से जनमेजय तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, रमेश बहुगुणा, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण वर्मा, जयमित्र सिंह बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश**
(श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय)

पत्रांक: 1680/2025-2026/विज्ञापन दिनांक : 13.09.2025

**पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश निविदा सूचना**

शैक्षिक सत्र-2025-26 के लिये विभिन्न खेलों में प्रयुक्त होने वाली क्रीड़ा सामग्री क्रय हेतु पंजीकृत सप्लायर्स से सील्ड बन्द निविदायें दिनाँक 28/09/2025 को अपरहन 3:00 बजे तक केवल पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता का व्यापार कर एवं आयकर विभाग में पंजीकरण होना आवश्यक हैं। टैण्डर फार्म विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक- 24/09/2025 को अपराहन 03:30 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस पर परिसर कार्यालय से रू0 500/+18% GST रु0 590/- नकद भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ रू० 10,000/- (रूपया दस हजार मात्र) की धरोहर राशि का एफ०डी०आर० जो निदेशक, प० ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश के पक्ष में देय हो संलग्न करना आवश्यक है, चैक मान्य नही होगा। निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा, अन्य शर्ते एवं नियम टैण्डर फार्म में अंकित हैं।

निदेशक,
पं० ललित मोहन शर्मा ऋषिकेश परिसर।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय उज्ज्वल महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष 0135-2763808, फैक्स 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-709 दिनांक- 15/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), खोदरी विद्युत गृह, डाक पत्थर (देहरादून), निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का विवरण निम्नवत है:-

निविदा सं0 -07&08/EE(Maint.)/Khodri/2025-26
(1) खोदरी विद्युत गृह पर उपभोज्य एंव विभिन्न सामानों की आपूर्ति।
(2) खोदरी विद्युत गृह पर ई0ओ0टी0 क्रेन व ड्राफ्ट ट्यूबक्रेन के स्पेयर्स की आपूर्ति।
अनुमानित लागत- रू० 06,98,522/- (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) एवं रू० 08,98,466/- (जी0एस0टी0 अतिरिक्त).
वैबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता-16.09.2025 (10:00 बजे से)।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-06.10.2025(16:00 बजे तक)।
अन्य जानकारी हेतु हमारी वैबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वैबसाइट "https:/uktenders.gov.in" से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण) खोदरी विद्युत गृह

'बिजली के दुरूपयोग से बचें'

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, गोपेश्वर
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867, दूरभाष : 01372-262463

**विद्युत बाधित सूचना**

अधिशासी अभियन्ता (परियोजना) श्रीनगर (गढवाल) के कार्यालय पत्रांक-130 दिनांक 11.9.2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि पावर ट्रासमिशन कारपोरेशन ऑफ लि० के द्वारा निर्माणाधीन 400 केवी डब्बल सर्किट पीपलकोटी-श्रीनगर पारेषण लाईन (पकेज-1 के अर्न्तगत पीपलकोटी से पोखरी रिमलासू) में तार खिचाई के कार्य हेतु शटडाउन की आवश्यकता है। अतः विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के सम्मानित उपभोक्ताओं के सूचित किया जाता है कि निम्न दिनांक को पोषक से पोषित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति निम्नवत् पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्र. सं. | फीडर का नाम | शटडाउन का दिनांक | समय | | विकास खण्ड जोशीमठ के अर्न्तगत प्रभावित ग्राम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 11 केवी हेलंग फीडर | 16.09.2025 से 18.09.2025 | 08.00 बजे से | सांय 17.00 बजे | 11 केवी हेलंग फीडर से सम्बंधित समस्त क्षेत्र |

अतः सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में कारपोरेशन का सहयोग करें तथा व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें।

No.:533/EE(CM)/UPCL/A-2 Date : 15.09.2025 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912)
विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185 / फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

**न्यायालय : न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, टिहरी गढवाल।**
मूल वाद संख्या-97 सन-2025
धनेश कुमार
**बनाम**
श्रीमती प्रियंका देवी

प्रेषिती,
श्रीमती प्रियंका देवी पत्नी श्री धनेश कुमार निवासी हाल मायका ग्राम-अनोल, पट्टी-गमरी, तहसील-चिन्यालीसौड़, जिला-उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड।

चूकि धनेश कुमार पुत्र स्व० मूर्ति राम निवासी ग्राम-विकोल, पट्टी-नगुण, तहसील-कण्डीसौड़, जिला-टिहरी गढ़वाल ने आप के विरूद्ध अंतर्गत धारा-13 (हिन्दू विवाह अधिनियम) के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 13-10-2025 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं हाजिर हों। न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिए जो दिन नियत किया गया है, वह काउंसलिंग के लिए, वाद के अन्तिम निपटारे के लिए तथा दावे का उत्तर देने के लिए नियत दिन है, इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है, और यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 06-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
प्रबन्धक/रीडर
कुटुम्ब न्यायालय
टिहरी गढवाल

# जिला प्रशासन ने कुंभ मेला क्षेत्र लालजीवाला से हटाए 200 अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला प्रशासन ने कुंभ मेला क्षेत्र लालजीवाला में जारी अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशों और जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसील हरिद्वार और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से यह कार्रवाई संपन्न हुई। कुंभ मेला क्षेत्र में 200 से अधिक झुग्गियां और झोपड़ियां बनाई गई थीं, जिन्हें हटाने के लिए सिंचाई विभाग ने 20 दिन पूर्व नोटिस जारी किया था। बावजूद इसके, अतिक्रमणकारी नोटिस का पालन नहीं कर रहे थे। इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त टीम का गठन किया और आज अतिक्रमण हटाने का अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस क्षेत्राधिकारी एसएस नेगी एवं उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने किया। टीम ने कुंभ मेला क्षेत्र में लगी सभी अवैध झुग्गियों और झोपड़ियों को हटाकर इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक सुरक्षा और कुंभ मेला के व्यवस्थित आयोजन को ध्यान में रखकर की गई।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है और भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे अतिक्रमण न करें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। यह कार्रवाई जिले में अतिक्रमण को रोकने और कुंभ मेला क्षेत्र को व्यवस्थित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अभियान लगातार चलते रहेंगे ताकि



सभी सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक आयोजन स्थलों को अतिक्रमण मुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके। जिला प्रशासन ने इस अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि सभी विभागों का सहयोग मिलने से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाया जा सका। इस कदम से कुंभ मेला क्षेत्र लालजीवाला का सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित हुआ।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से चोरी की 20 बाइक की बरामद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से चोरी की गयी 20 बाइक बरामद हुई है। आरोपी शौक पूरे करने के लिए भीडभाड़ वाले स्थानों से बाइक चोरी कर सस्ते दामों में बेच देते थे। गिरोह का सदस्य फिलहाल पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस कार्यालय सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने विशेष टीम का गठन कर घटनाओं में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम की जांच पड़ताल और सीसीटीवी फुटेज से दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं मे एक ही गिरोह के सदस्यों की भूमिका सामने आयी। इसके बाद गिरोह की धरपकड़ के प्रयासों में लगी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को चोरी की बाइक पर सवार 3 युवकों मोहित पुत्र नरेश निवासी ग्राम मौहम्मदपुर बुर्जुग लक्सर, आस मौहम्मद उर्फ आशू पुत्र रियासत निवासी ग्राम नेहन्तपुर लक्सर व दीपक पुत्र मोतीराम निवासी ग्राम मौहम्मपुर बुर्जुग लक्सर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे गिरोह के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर भीड़भाड़ वाले स्थानों से बाइक चोरी करते थे। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर



मुलदासपुर स्थित खण्डहर में छिपा कर रखी गयी हरिद्वार, सहारनपुर, हरियाणा, दिल्ली व अन्य राज्यों से चोरी की गयी 19 बाइक बरामद की गयी। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी मोहित ट्रैक्टर चालक और आस मौहम्मद पेशे से हेयर ड्रेसर है। जबकि दीपक पाईप लाइन खोदने का काम करता है। आरोपियों ने कांवड़ मेले के दौरान भी बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अंकुश शर्मा, कस्बा चौकी प्रभारी एसआई अमित नौटियाल, एसआई जगमोहन सिंह, कांस्टेबल बलवंत सिंह, निपुल यादव, महिश्वर, मनोज रतूड़ी शामिल रहे।

# राधिका एन्क्लेव कालोनी में आया हाथियों का झुंड

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जंगली हाथीयों का आबादी में आने का सिलसिला रूकने का नाम नही ले रहा है। सोमवार सवेरे हाथीयों का एक झुंड जंगल से निकलकर कनखल थाना क्षेत्र के मिस्सरपुर स्थित राधिका एनक्लेव कॉलोनी में पहुंच गया। हाथियों को कालोनी मे चहलकदमी करते देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ समय तक कॉलोनी में घूमने के बाद हाथी जंगल की ओर लौट गए। हाथियों के बार-बार आबादी में आने से लोगों में दहशत का माहौल है। हाथियों के बार बार आबादी में आने से कालोनियों में रह रहे लोगों के साथ आसपास के ग्रामीण भी परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाथियों का झुंड धान और गन्ने की फसलों को बर्बाद कर रहा है। रात के समय हाथी खेतों में घुस जाते हैं और फसल रौंद देते हैं। वन विभाग हाथियों को रोकने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर पा रहा है। किसानों को अपनी जान जोखिम में डालकर हाथियों को खेतों से खदेड़ना पड़ता है।



लोगों का कहना है कि कालोनियों और गांवों में हाथियों का आना अब आम हो गया है, लेकिन वन विभाग की ओर से हाथियों को आबादी से दूर रखने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हाथियों के लगातार रिहायशी इलाकों में आने से जानमाल और आजीविका दोनों पर खतरा बना हुआ है। यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। हाथियों की रिहायशी क्षेत्रों में घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा दीवार, गश्त और अलार्म सिस्टम जैसे उपाय किए जाने चाहिए।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी, खाद्य पदार्थों के लिए सेम्पल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** त्योहारों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शिवालिक नगर, सिडकुल और नवोदय नगर में छापेमारी अभियान चला कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एम एन जोशी के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही में टीम ने कुट्टू के आटे के चार और खुले दूध के दो सैंपल लिए वरिष्ठ खाद सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक रिटेल वितरण केंद्र से 720 बैग कुट्टू के बैग मिले जिन में से एक का सैंपल जांच हेतु भेजा गया इसके अलावा शिवालिक नगर स्थित एक मार्ट से 160 बैग और दूसरे मार्ट से 190 बाग कुट्टू के आटे के मिले दोनों मार्ट से भी अलग-अलग सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए विभाग की टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी नमूनों को रुद्रपुर स्थित प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे जाएगे गुणवत्ता जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी भी सैंपल में मिलावट या मानक से विभिन्नता पाई जाती है तो संबंधित दुकानदारों ओर रोड सप्लायर पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी विभागीय कार्यवाही का उद्देश्य त्यौहारी सीजन में मिलावट खोरी पर रोक लगाना और उपभोक्ताओं को शुद्ध व सुरक्षित खास सामग्री उपलब्ध कराना है।

उल्लेखनीय है कि काफी समय से नवरात्रो में कुट्टू के आटे के प्रयोग से जनता बीमार हो रही है जिस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए प्रदेश में कुट्टू के खुले आटे की बिक्री पर रोक लगा दी है जिसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग भी सतर्क हो गया है और खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने के लिए छापेमारी कर रहा है।



## लाखों की स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने लाखों की स्मैक समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शानित कुमार ने सहयोगी पुलिसकर्मियों सुमननगर चौकी प्रभारी एसआई अर्जुन कुमार, कांस्टेबल महेंद्र तोमर व जयदेव के साथ सलेमपुर तिराहे के पास चेकिंग के दौरान बाइक से स्मैक तस्करी कर रहे ग्राम बुड्ढाहेड़ी थाना पथरी निवासी इन्तजार पुत्र इकबाल को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से 26.60 ग्राम स्कैक बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद स्मैक की कीमत लगभग 2 लाख 60 हजार है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बरामद स्मैक वह उ.प्र.के बदांयू से खरीदकर हरिद्वार में बेचने के लिए लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विकास तिवारी बने भाजपा के प्रदेश सह मीडिया संयोजक, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लगातार दो बार भाजपा जिला महामंत्री रहे विकास तिवारी को प्रदेश मीडिया सहसंयोजक का दायित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर आतिशबाजी और ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। जगजीतपुर स्थित आवास पर स्वागत के दौरान जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि एबीवीपी से राजनीति की यात्रा शुरू करने वाले विकास तिवारी की कार्यशैली को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें प्रदेश में मीडिया सह संयोजक का दायित्व दिए जाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण नय्यर ने कहा कि मंडल अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष पदों पर रहते हुए किए गए ऐतिहासिक कार्यो के परिणामस्वरूप विकास तिवारी प्रदेश नेतृत्व प्रदेश की टीम में स्थान दिया है। जिला मंत्री पारुल चौहान ने भी विकास तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, तुशांक भट्ट, मंडल महामंत्री कपिल बालियान, हर्षित त्रिपाठी, गौरव वर्मा, देवेश वर्मा, मंडल प्रतिनिधि अनिमेष शर्मा, सचिन तेश्वर, कपिल विश्नोई, रवि शर्मा, पार्षद दीपक शर्मा, इष्टदेव सोनी, सन्नी पंवार, वात्सल्य पाल, ऐश्वर्य पंत, सतीश सेंथवाल, सुनील सैनी, सिद्धार्थ कौशिक, अतुल गर्ग, घनश्याम यादव, दिनेश कालरा, तरुण सिंह शामिल रहे।



# कनखल में बाइक सवार बदमाशों की दिनदहाड़े फायरिंग, बाजार में मची अफरा तफरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में सोमवार को बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी। गोलियों की आवाज सुनकर लोग घरों में दुबक गए और बाजार में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर दो से तीन लोग थे और वारदात के बाद फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, बदमाश पहले वाल्मीकि बस्ती के पास फायरिंग की और इसके बाद जगजीतपुर क्षेत्र में भी गोलियां चलाई। दोनों घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द्र शाह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस इस घटना को पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रही है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए सघन अभियान चला रही है। इसी क्रम में, सोमवार को एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र डोभाल की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। एसएसपी ने फायरिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वांछित अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सोशल मीडिया पर असली दिखाने वालों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के हौसले तोड़ने के लिए विशेष निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# पुण्य तिथी पर संत समाज ने श्रीमहंत रघुवीर सिंह व श्रीमहंत गुरूबचन सिंह को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार औद्योगिक क्षेत्र स्थित रघुवीर बाग आश्रम के ब्रह्मलीन श्रीमहंत रघुवीर सिंह व ब्रह्मलीन श्रीमहंत गुरूबचन सिंह की पुण्य तिथी समारोह पूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों और श्रद्धालु भक्तों ने ब्रह्मलीन श्रीमहंत रघुवीर सिंह व श्रीमहंत गुरूबचन सिंह का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हे नमन किया और उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए धर्म और मानव सेवा का संकल्प लिया। आश्रम के परमाध्यक्ष महंत प्यारा सिंह के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के परमाध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीमहंत रघुवीर सिंह व श्रीमहंत गुरूबचन सिंह विद्वान संत थे। ब्रहमलीन संतों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश और समाज की सेवा का संकल्प ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कोठारी महंत जसविन्दर सिंह ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीमहंत रघुवीर सिंह व ब्रह्मलीन श्रीमहंत गुरूबचन सिंह ने सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार और मानव कल्याण में अग्रणी भूमिका निभायी। महंत प्यारा सिंह ने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति पूज्य गुरूओं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए आश्रम की सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीमहंत रघुवीर सिंह व श्रीमहंत गुरूबचन सिंह का त्याग तपस्या से परिपूर्ण जीवन और उनके विचार सदैव समाज को प्रेरणा देते रहेंगे श्रीमहंत प्यारा सिंह के परम शिष्य सुरेंद्र सिंह ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महंत बेअंत सिंह, महंत राघवेंद्र दास, महंत सूर्यांश मुनि, महंत सूरज दास, संत बलवीर सिंह, संत हर्षवर्द्धन सिंह, बाबा हरेंद्र सिंह, महंत बिहारी शरण, महंत गुरमीत सिंह, महंत निर्भय सिंह, स्वामी दिनेश दास, स्वामी हरिहरानंद, महंत मोहन सिंह, महंत सोहन सिंह, महंत खेम सिंह, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, महंत गंगादास, महंत साध नानंद, महंत गुरजीत सिंह, सरदार रमणीक सिंह सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वामी यतिश्वरानद का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद का पार्टी के पदाधिकारियों, आमजन, व्यापारियों, ग्राम प्रधानों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान सभी ने केंद्र और प्रदेश का आभार जताते हुए कहा कि स्वामी यतीश्वरानंद को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी के विजन और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिलेगा और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वामी यतीश्वरानंद ने पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हर वर्ग का विकास हो रहा है।



स्वागत करने आए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि प्रदेश के समुचित विकास और योजनाओं को सुचारू रखने के लिए प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनानी है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मेहनत के साथ धरातल पर उतरकर आमजन को पार्टी से जोड़कर मजबूत करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, दर्जाधारी मंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि, डा.जयपाल सिंह चौहान, सुनील सैनी ने स्वागत करते हुए कहा कि स्वामी यतीश्वरानंद जननेता हैं और सभी की समस्या सुनकर उनका समाधान कराते हैं। उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष का पद देकर पार्टी ने आमजन का सम्मान बढ़ाया है। स्वागत करने वालों जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अमित चौहान, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, सुशील राठी, संजीव चौधरी, कविंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान राजेश वर्मा, प्रदीप चौहान, पंकज चौहान, प्रखर कश्यप, जसवीर चौधरी, प्रधान अमित सैनी, लाखन सिंह, सचिन कुमार, अनिल प्रधान, दीपक सैनी, चरण सिंह चौहान, हरेंद्र चौधरी, अमीलाल, मनीष चौधरी, नृपेंद्र चौधरी, संजय पाल, तेलूराम प्रधान, योगेंद्र मुंडन, राजपाल सिंह, सीमा चौहान, संजय सहगल, बृजमोहन पोखरियाल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रणव यादव, श्रवण चौहान, पंकज चौहान, सौरभ शर्मा, राजन मेहता, विक्की तनेजा, विपिन गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, किरण सिंह, अनिल राणा, मनोज गौतम, अरविन्द, सूर्यकांत मलिक, सुरेंद्र तेश्वर, धर्मपाल ठेकेदार, सरिता अमोली, सरदार चंचल सिंह, विक्रांत राठी, विनीत यादव, योगेश, हरजीत सिंह, महेंद्र सिंह चावला, सतनाम सिंह भाटिया, सतविंदर सिंह, अनिल अरोड़ा, दीपक मेहरा, जोनी गुर्जर, लाखन सिंह गुर्जर, पंकज चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## मांगों को लेकर हरिद्वार से संसद तक पैदल मार्च करेंगे किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन ने गन्ना किसानों की मांगों को लेकर हरिद्वार से संसद तक मार्च करने का ऐलान किया है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण शर्मा ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है। इसी के विरोध में 17 सितम्बर को चौधरी चरण सिंह घाट से संसद तक पैदल मार्च शुरू किया जाएगा। अरुण शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर 14 दिन के भीतर भुगतान' का आदेश दिया था। लेकिन सरकार ने अब तक इसका पालन नहीं किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी तीन बार गन्ना मूल्य भुगतान के आदेश दिए। लेकिन किसानों को अब तक उनका हक नहीं मिला। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय सलाहकार प्रियव्रत, सुखबीर, दिनेश, मनमोहन गोसाई, उदित पांडे ने भी विचार रखे।

# बीएचईएल को मिला राजभाषा कीर्ति पुरस्कार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यान्वयन एवं श्रेष्ठ हिन्दी गृह पत्रिका के लिए राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा बीएचईएल को राजभाषा के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 14 सितम्बर को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान बीएचईएल के मानव संसाधन निदेशक कृष्ण कुमार ठाकुर को यह पुरूस्कार प्रदान किया। गौरतलब है कि बीएचईएल कॉर्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली को उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए 'क क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, तथा बीएचईएल की एचपीईपी हैदराबाद इकाई को 'ग क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में श्रेष्ठ गृह पत्रिका के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र उस्मान व उसकी पत्नी सोनम को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। फरीदा पत्नी खुर्शीद, निवासी पाण्डेवाला गुघाल रोड, ज्वालापुर, जिला हरिद्वार।

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस एंव विश्व लोकतन्त्र दिवस के उपलक्ष में

# विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद न्याय/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार के आदेशानुसार सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस एव विश्व लोकतन्त्र दिवस के उपलक्ष में किसान इन्टर कॉलेज, बहबलपुर विकासखण्ड भगवानपुर जिला हरिद्वार एक जागरूकता शिविर क्यान्टम विश्वविद्यालय, भगवानपुर जिला हरिद्वार के विधि विभाग के सहयोग से आयोजन किया गया। किसान इन्टर कॉलेज के छात्र/छात्रओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस के उपलक्ष में कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया तथा विधि के छात्र/छात्राओं द्वारा लोकतन्त्र के महत्व के बारे में भाषण, कला प्रतियोगिता व नुक्कड नाटक के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान कराई गई, इसके साथ ही रमन कुमार सैनी डिप्टी एलएडीसी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार द्वारा भारत में लोकतन्त्र शासन प्रणाली व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान कराये जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के हेल्प लाईन नं. 15100 के बारे में जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमरनजीत कौर सचिव/ सिविल जज (एस.डी.), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार के द्वारा छात्र/छात्राओं को लोकतन्त्र शासन प्रणालीए आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स, पोक्सो अधि., शिक्षा का अधिकार अधि., संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार तथा मूल कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कराई गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कॉलेज प्रांगण में एक छायादार पौधा रोपित भी किया गया तथा प्रतिभाग करने वाले तथा छात्र/छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया इसी के साथ कार्यक्रम समापन में किसान इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य हितेश गुप्ता व क्यान्टम विश्वविद्यालय, भगवानपुर, जिला हरिद्वार के विधि विभाग अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर में समस्त छात्र/छात्राओं व समस्त शिक्षकगण ग्राम प्रधान सहित रजिया सहायक एलएडीसी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार उपस्थित रहे।




# विजिलेंस व ऊर्जा विभाग ने छापेमारी कर 9 घरों से पकड़ी बिजली चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बिजली चोरी के खिलाफ विजिलेंस व ऊर्जा विभाग का अभियान जारी है। एसडीओ अर्चना के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करते हुए करीब नौ लोगों के घरों में चोरी होते हुए पकड़ी। टीम ने सभी के खिलाफ जुर्माने व मुकदमे की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ज्वालापुर रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की लगातार शिकायते मिल रही है। जिसको देखते हुए विजिलेंस व विभागीय टीम द्वारा चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। सोमवार को उप खण्ड अधिकारी द्वितीय अर्चना के नेतृत्व में देहरादून से आई विजिलेंस की टीम ने उपखण्ड क्षेत्र के रामलीला ग्राउंड, मैदानियान, चाकलान व मंडी का कुआ आदि क्षेत्रों में घरों से बिजली चोरी करते हुए नौ व्यक्तियों को पकड़ा। उप खण्ड अधिकारी द्वितीय अर्चना ने बताया कि सभी के खिलाफ जुर्माने व मुकदमे की तैयारी की जा रही है। चोरी रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम में विद्युत सतर्कता दल से सहायक अभियन्ता (सतर्कता) धन्नजय कुमार, रोबिन सिंह, विकास कुमार, अनिल सिंह, उपखण्ड अधिकारी अर्चना, अवर अभियन्ता मुकेश रवि, लाइन स्टॉफ से लाइनमैन श्रवण गिरी, राव फरमान, अवर अभियन्ता (सतर्कता) सपना, अनिता काला, निरीक्षक मारूत शाह, सरिता शाह, उपनिरीक्षक सन्दीप त्यागी आदि शामिल रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र सावेज को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में सावेज के किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। सज्जाद अली पुत्र दलमीर, निवासी ग्राम बहादराबाद, थाना बहादराबाद, जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# वीरता के साथ ही उद्योगों में भी जाना जाएगा राजपूत समुदायः कोश्यारी

**■ दो दिवसीय राजपूताना बिजनेस समिट का हुआ समापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अखंड राजपूताना सेवा संघ द्वारा रामनगर में दो दिवसीय राजपूताना बिजनेस समिट का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से राजपूत बिरादरी के लोग एकत्र हुए। बिजनेस समिट में उद्योगों में राजपूत समुदाय को लोगों को आगे लाने के लिए विचार विमर्श किया गया।

उत्तराखंड में निवेश लाने के प्रोत्साहित किया गया गया कार्यक्रम को महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह समेत उत्तर प्रदेश बिहार और महाराष्ट्र , राजस्थान के कई दिग्गजों ने संबोधित किया। इस दौरान पूरे देश में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को कर्मवीर



अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अखंड राजपूताना सेवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजपूत समुदाय के लोग अपनी वीरता के लिए जाने जाते थे, लेकिन अब अपने बिजनेस उद्योगों की वजह से जाने जाएंगे। उन्होंने कहा राजपूत समुदाय के लोग हर वर्ग का ख्याल रखते है। उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की प्रदेश सरकार को राज्य में निवेश लाने के लिए सुविधाएं देने के साथ ही उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा राजपूत वर्ग के लोग अपनी वीरता के लिए जाने जाते थे, अब उद्योगों में नाम आने से समुदाय के लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। इस दौरान उन्होंने युवाओं से अपने व्यवसाय के साथ अपने शरीर पर भी ध्यान देने की बात कही। इस दौरान पूरे देश भर में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चालीस लोगों को कर्मवीर अवॉर्ड सम्मानित किया गया। जिसमें उद्योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले कुमाऊं ग्रुप के एमडी शिव कुमार अग्रवाल, शील चंद एग्रो मिल्स के एमडी मोहन गोयल, संधू इंटरप्राइजेज के एमडी शेरजस सिंह संधू , शिक्षा के क्षेत्र में डीपीएस रुद्रपुर के एमडी सुरजीत सिंह ग्रोवर, खेल के क्षेत्र में अर्जुन अवॉर्डी मनोज सरकार, समाज सेवा के क्षेत्र में राजू गावा और सेना में सेवा के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने पर कर्नल उदय सिंह चौहान और कैप्टन अंगद सिंह काशीपुर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन अखंड राजपूताना सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह ने कार्यक्रम में आए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की सार्थकता तब ही होगी जब राजपूत समुदाय के लोग उत्तराखंड में निवेश करें और निवेश में आने वाले लोग एक दूसरे का सहयोग करे। संघ के उत्तराखंड के प्रभारी श्यामानंद सिंह ने कहा उत्तराखंड राज्य में आने वाले निवेशकों को अखंड राजपूताना सेवा संघ की प्रदेश इकाई पूरी तरह से सहयोग करेगी। राज्य के एआरएस प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी सिंह और आरबीएस अध्यक्ष जेबी सिंह ने कहा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य के कई लोगों ने सहयोग किया है जिसकी बदौलत कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री जय कुमार, बिहार के कैबिनेट मंत्री राजू कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, कनवल सिंह चौहान, पोपटराव पवार, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट समेत कई उद्योगपति शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 4439 मामलों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला न्यायालय रुद्रपुर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में वर्षों से लंबित मामलों के निस्तारण के लिए बड़े पैमाने पर सुनवाई की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में कुल 21 पीठों का गठन किया गया, जिनमें विभिन्न प्रकार के मुकदमों की सुनवाई की गई। लोक अदालत में कुल 4439 मामलों का निस्तारण किया गया और 13 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली हुई। इसके अलावा प्री-लिटिगेशन (अदालत में दाखिल होने से पूर्व) मामलों की भी सुनवाई की गई। इनमें से 692 मामलों का निस्तारण किया गया और 5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वसूली गई। लोक अदालत का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेन्द्र कुमार सागर ने किया।

उन्होंने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन में समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

# स्थापना दिवस पर लोगों ने लिया चंपावत जिले को नया रूप देने का संकल्प

**■ हमारा जनपत देश के लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए करेगा चुंबक का कार्यः डीएम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मॉडल जिले के सर्जन की 28वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विकास गोष्ठी में विशेषज्ञों का कहना था कि चंपावत जिले को प्रकृति ने जिस रूप में उसे सजाने के लिए पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशन में जो प्रयास जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में किये जा रहे हैं , उसे देखते हुए वह दिन दूर नहीं जब हमारा यह जनपद देश के लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए चुंबक का कार्य करेगा । यह बात विचार गोष्ठी में विशिष्ट वक्ताओं ने व्यक्त किए ।

गोष्ठी की शुरुआत जिलधिकारी मनीष कुमार ने सभी का स्वागत एवं जिला स्थापना की बधाई से की।



मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे ने केक काटकर सभी को बधाई दी। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त एवं वर्तमान में आंध्र प्रदेश के विजिलेंस की कमान संभाल रहे अनिल पुनेठा ने कहा हम प्रकृति के सदा ऋणी रहेंगे जिसने चंपावत को मुक्त हस्त से सजाया सवारा है। श्री धामी द्वारा इस मॉडल जनपद को जो शक्ल दी जा रही है उसे देखते हुए शॉर्ट टर्म एवं लॉग टर्म विजन डॉक्यूमेंटेशन किया जाना चाहिए । उस दिशा में कार्य करने पर यह जिला चुंबक की तरह देश के लोगों को अपनी ओर खींचेगा। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के सीईओ, जनरल सेक्रेटरी एवं जाने माने अर्थशास्त्री डॉक्टर रंजीत मेहता ने कहा चंपावत जिले में हर क्षेत्र में विकास की अपार संभावना का नियोजित तरीके से दोहन किया जाए तो यह जिला रोजगार देने का हिमालय क्षेत्र का नया प्लेटफार्म बन जाएगा। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष से कॉरपोरेट जगत में अपनी विशिष्ट स्थान व पहचान बनाने वाले राजशेखर जोशी ने कहा मुझे प्रसन्नता हो रही है कि यहां के जिला अधिकारी जिले को आगे ले जाने जिस रूप में कार्य कर रहे हैं उसे और दिशा देने के लिए मैं स्वयं चंपावत आकर हर क्षेत्र में समग्र विकास का खाका तैयार करने के लिए संवाद करूंगा।

सभी महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में मानव एवं प्राकृतिक संसाधनों के समावेश के साथ हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि जिले के लोगों के चेहरो की मुस्कान, मॉडल जिले की खुशहाली की पहचान होगी। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, चेयरमैन प्रेमा पांडे, लोहाघाट के गोविंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, केसी जोशी, सतीश चंद्र पांडे, गोविंद सामंत , निर्मल मेहरा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एडीएम जयवर्धन शर्मा, बसंत तड़ागी आदि तमाम अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### 28 साल बाद जिला स्थापना दिवस पर हुआ समारोह

चंपावत जिला सृजित हुए 28 बसंत बीत चुके है, लेकिन पहली बार 'क्विक एक्शन क्विक डिसीजन' के लिए अपनी जिले में पहचान बना चुके जिलाधिकारी मनीष कुमार ने इसकी शुरुआत कर हर किसी की खूब प्रशंसा बटोरी। वक्ताओं ने कहा कि जिला स्थापना के बाद 23 जिलाधिकारी देखें, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया लगता है। 24 वें जिलाधिकारी के रूप में मनीष कुमार को ही यह ऐसा करने की प्रेरणा मिली होगी । वक्ताओं ने इस बात पर दिल से संतोष व्यक्त किया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में वह सब होने जा रहा है जो आज तक सोचा तक नहीं गया था । इसके पीछे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरगामी सोच है ।

# आकाशीय बिजली गिरने से गाय की मौत, इलेक्ट्रॉनिक सामना फूंका

**■ जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल ने पीड़ित ग्रामीण को मदद का भरोसा दिलाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** बीती देर रात नानकसागर डाम पार बसे ग्राम विही में अचानक आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम विही निवासी राजेन्द्र सिंह की गाबिन गाय जो घर के पास बनी गौशाला में बंधी थीं, आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गाय की मौत हो गई। वहीं घर में सो रहा परिवार बाल-बाल चच गया। किसी को भी जनहानी नहीं हुई, लेकिन आकाशीय बिजली से ग्रामीण के घर में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल फोन, टीवी, पंखा, कूलर , फ्रिज इत्यादि सामान फुक गया है। ग्रामीण ने बताया कि आकाशीय बिजली से घर की पूरी वायरिंग में आग लग गई।

सोमवार को ग्रामीण के घर में



आकाशीय बिजली गिरने की सूचना मिलने ग्राम एचता के जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल मौके पर पहुंचे, जिन्होंने आकाशीय बिजली से हुए नुकसान का जायजा लिया तथा ग्रामीण व उसके परिवार को सरकार से हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है।

जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभाल के यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें पानी तथा सोलर लाइट की मांग की, भास्कर संभाल कहा कि वे आकाशीय बिजली गिरने से हुई ग्रामीण के घर के समान तथा एक मवेशी की मौत के संबंध में तहसीलदार को अवगत कराएंगे, तथा सरकार से मिलने वाली सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है।

यहां ग्राम प्रधान जगदीश अटवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य आनंद मोहन जोशी,सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिक्स सिग्मा के छात्र / छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस रुद्रपुर के फार्मेसी, इंजीनियरिंग एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट के छात्रों ने नेस्ले, रुद्रपुर में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र-छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए, क्योंकि सामान्यतः जब छात्र संस्थान से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखता है तो उसके मन में विभिन्न प्रकार के भय उत्पन्न होने लगते है। जिस कारण छात्र योग्य होते हुए भी औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश करते ही अपनी योग्यता का परिचय नहीं दे पाता है इन्ही समस्याओं को देखते हुए संस्थान समय-समय पर छात्र-छात्राओं को विशेष तौर पर औद्योगिक भ्रमण



कराता है ।

नेस्ले इंडिया, स्विट्जरलैंड की नेस्ले एस.ए. की एक सहायक कंपनी है। नौ विनिर्माण सुविधाओं, बड़ी संख्या में को-पैकर्स और एक मजबूत वितरण नेटवर्क के साथ, नेस्ले इंडिया भारत में उपभोक्ताओं को वैश्विक मानकों के उत्पाद प्रदान करती है और दीर्घकालिक सतत विकास और शेयरधारक संतुष्टि के लिए प्रतिबद्ध है। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए और उनमे भी हर्षोउल्लास की लहर दौड़ गयी द्य छात्र-छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की शिक्षिका डॉ सुप्रीत कौर एवं मनीष यादव ने किया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डा. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, इंजीनियरिंग प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, फार्मेसी प्रधानाचार्य प्रकाश पंत, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सी.ए.ओ. अनुभव बठला एवं संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# चतुर्थ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल द्वारा दिनांक 12 सितम्बर से 14 सितम्बर तक चतुर्थ राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के ईएमआरएस मेहरावना, ईएमआरएस कालसी, ईएमआरएस बाजपुर एवं ईएमआरएस खटीमा के कुल 373 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में रमेश चन्द्र जोशी अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता शुरू की गयी। प्रतियोगिता में वॉलीवाल, शतरंज, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, योगा, डिस्कस थो एवं एथलेटिक्स आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा एवं अनुशासन का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ईएमआरएस कालसी रहा। ईएमआरएस खटीमा द्वारा 9 स्वर्ण पदक, 32 रजत पदक और 11 कांस्य पदक प्राप्त किए गए। मुख्य अतिथि रमेश चन्द्र जोशी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बधाई दी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्राचार्या भारती यादव द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यकम का संचालन अभिलाष ठाकुर, पंकज भट्ट, सुश्री दीपा धामी, गार्गी, महेन्द्र आर्या एवं नीलम जोशी द्वारा किया गया।

# बच्चों को आगे रखकर राजनीति कर रहे हैं पूर्व विधायकः आदेश

**■ स्टेडियम की राजनीति को लेकर क्षेत्रीय कांग्रेसी विधायक ने की प्रेस वार्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पूर्व विधायक द्वारा खेल स्टेडियम के नाम पर एक दिवसीय उपवास रखे जाने के पश्चात जसपुर क्षेत्र की राजनीति में एक बार फिर आरोप -प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेसी विधायक आदेश चौहान ने प्रेस मीटिंग करते हुए कहा कि वह कथनी में नहीं करनी में विश्वास रखते हैं। उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार आने पर एक वर्ष के भीतर सबसे पहले जसपुर में खेल स्टेडियम, पॉलिटेक्निक और रोडवेज बस अड्डे का निर्माण कराया जाएगा।

सोमवार को भूतपुरी रोड स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने कहा कि वर्ष 2014 में हरीश रावत की सरकार में क्षेत्र के खिलाड़ियों की भावनाओं की कद्र करते हुए सूत मिल परिसर में लगभग 09 एकड़ भूमि पर खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा के साथ-साथ स्टेडियम की चार दिवारी के निर्माण के लिए 1.40 करोड रुपये की धनराशि भी अब मुक्त की गई थी। स्टेडियम का शिलान्यास कांग्रेसी मुख्यमंत्री हरीश रावत ने स्वयं किया था। अब मुक्त राशि से स्टेडियम के



चारों ओर लगभग 07 फीट ऊंची दीवार बना दी गई थी, उसके पश्चात दुर्भाग्यपूर्ण भाजपा की सरकार आने पर सिडकुल को पैसा देने के कारण स्टेडियम अस्वीकृत कर दिया गया, तब से स्टेडियम का निर्माण अधर में अटका हुआ है, जबकि स्टेडियम कैंसिल होने के पश्चात किसी भी भाजपा के पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि ने कोई विरोध क्यों नहीं किया, वह चुप क्यों रहे। आज वह अपनी खिसकती राजनीति को उजागर करने के लिए बच्चों के कंधे पर बंदूक रखकर उनका मोहरा बना रहे हैं। अगर राजनीति ही करनी है तो बच्चों को इस्तेमाल न करें बच्चों को पढ़ने दें और खेलने दें उनका भविष्य बर्बाद ना करें। उन्होंने कहा कि वह भी चाहते हैं कि जसपुर स्टेडियम का निर्माण हो वह जनता की वर्षों पुरानी मांग रोडवेज व पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण भी हो, इसके लिए उन्होंने सदन में भी कई बार मुद्दा उठाया है। राज्यपाल से भी जसपुर स्टेडियम निर्माण करने की मांग रखी।

उन्होंने पूर्व विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह तीन बार जसपुर विधानसभा से विधायक रहे, सरकार में भी रहे और विपक्ष में भी रहे। जब उन्हें जसपुर स्टेडियम निर्माण करने की याद क्यों नहीं आई। आज पूर्व विधायक राजनीति को चमकाने के लिए क्षेत्र के 551 होनहार बच्चों का इस्तेमाल कर राजनीति कर रहे हैं। अगर स्टेडियम की मांग को लेकर बच्चों ने उपवास कार्यक्रम किया तो पूर्व विधायक को बच्चों के आगे न बैठने की बजाय पीछे बैठकर उनका समर्थन देना चाहिए था। विधायक ने बातों ही बातों में चुटकी लेते हुए कहा कि स्टेडियम और रोडवेज बस अड्डा मंजूर होने के भाजपा पदाधिकारियों द्वारा नगर क्षेत्र में जगह-जगह बैनर, फ्लेक्सी, होल्डिंग आदि लगाकर बधाई तो दी गई, लेकिन स्टेडियम एवं रोडवेज बस अड्डा कहां है ये किसी को नहीं देखा। जब स्टेडियम कैंसिल हुआ तो किसी ने इसका विरोध क्यों नहीं किया। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष इफ्तार अहमद बबलू ,आफताब आलम, सभासद मोइनुद्दीन मजनू, गजेंद्र सिंह चौहान, सर्वेश वत्सल ,आदित्य सिंह चौहान, रविंद्र शर्मा, आबिद नूरी, मोहम्मद आरिफ, निजामुद्दीन, नईम एडवोकेट, साफिन चौधरी ,अयाज अंसारी, आलम चौधरी व सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर...

### हिंदी दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया चर्चित बाल साहित्यकार इंजी. ललित शौर्य को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** हिंदी दिवस के अवसर पर आइआरडीटी सभागार देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में सीमांत के चर्चित बाल साहित्यकार इंजी. ललित शौर्य को सम्मानित किया गया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,भाषा मंत्री सुबोध उनियाल,विधायक खजान दास और भाषा सचिव नीरज खैरवाल ने संयुक्त रूप से शाल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में शौर्य ने भी देश के चर्चित कवियों के साथ कविता पाठ किया। इंजी. ललित शौर्य 15 सालों से बाल साहित्य की सेवा में जुटे हुए हैं। उनके द्वारा बाल साहित्य की 18 किताबों का लेखन भी किया जा चुका है । शौर्य मोबाइल नहीं, पुस्तक दें अभियान चला रहे हैं। जिसके तहत अब तक लगभग साठ हजार से अधिक बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की जा चुकी हैं। विदित हो पूर्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शौर्य की आधा दर्जन से अधिक पुस्तकों का विमोचन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इंजी. ललित शौर्य को सम्मानित किए जाने पर सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के साहित्यकारों में खुशी की लहर है।

### विधायक ने सीसी मार्ग का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से स्वीकृत आवास विकास पुलिस चौकी से शिव शक्ति मन्दिर होते हुऐ अटरिया रोड तक सीसी मार्ग का लोकार्पण नारियल फोड़कर किया।

विधायक शिव अरोरा ने कहा 1.2 किलोमीटर मार्ग का निर्माण जो पिछले 12 साल से नही हुआ था, उसको हमने राज्य योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह किया और 1.62 करोड़ की लागत से इस मार्ग को स्वीकृत करवाया, जो बनकर तैयार हो गया है। जिसको लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा पहले यह रोड डाबर होती थी, जो बरस होते ही आधे आधे फिट पानी मे डूबी होती थी, जिससे यहां का व्यापार व जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था मगर वर्तमान समय मे यह रोड सीसी व दोनों और इंटरलॉकिंग टाइल बनने से काफी सुन्दर और मजबूत नजर आ रही है, वही आवास विकास पहुँचने पर विधायक शिव अरोरा का जगह जगह फूलमालाओ से स्वागत हुआ, जहां रोड बनने से जनता काफी खुश नजर आयी उनको गड्ढो व जलभराव से निजाद मिली जिसके बाद से अवगमन सुगम हो गया है। इस दौरान राजेश जग्गा, रमेश कालरा, कस्तूरी लाल तागरा, निमित्त शर्मा, राधेश शर्मा, नितेश गुप्ता, किरन विर्क, राजेश कामरा, उमेश पासरीचा, संदीप राव, मनोज मदान, राजीव कामरा, बिट्टू मिश्रा, परवेज खान, मोर सिंह यादव, सतनाम सिंह, रेनू जुनेजा, आशा मुंजाल, मनोज वर्मा, प्रेम सिंह,गौरव कुशवाहा, मोहित चड्डा,मयंक कक्कड़, विष्णु सिंह, धीरेश गुप्ता, एमपी मौर्य, भीमसेन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



### एसआई पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगा दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजीज खान ने एसआई द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर कार्यवाहीं की मांग की है।

मोहल्ला खताड़ी निवासी मौ. अजीज खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वार्ड नंबर दो जीजीआईसी स्कूल के पास खताड़ी, रामनगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह लगभग 9 बजे कोतवाली की एक महिला दारोगा राजकुमारी और दो दर्जन सिपाहियों के साथ मेरे घर पर सत्यापन करने पहुंच गईं। सत्यापन के दौरान उनके रिश्तेदार घर पर मौजूद थे। शबनम बेगम पत्नी नबी हसन, सन्नो पत्नी मो० जकी, शिफा पुत्री मो. जकी, मोहम्मद करीम पुत्र श्री रईस अहमद, रोशन जहां पत्नी रईस अहमद हैं। ये सब रिश्तेदार रामनगर के ही निवासी हैं। उनके रिश्तेदारों ने अपना आधार कार्ड एसआई राजकुमारी को सत्यापन के लिए दिखा दिया, लेकिन वह नहीं मानी। अजीज खान ने महिला एसआई से बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री हैं। इतना सुनकर एसआई गुस्सा हो गईं और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगीं। उसके बाद दस हजार रुपये का कोर्ट चालान किया गया। उन्होंने इस बात की शिकायत पुलिस के उच्च अधिकारियों से की। अजीज खान ने पुलिस प्रशासन से एसआई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मकान स्वामी ने किरायदारों का सत्यापन नहीं कराया था। इसलिए दस हजार रुपये का कोर्ट चालान किया गया है।

### खटीमा में आर्म रेसलिंग सीजन-4 टूर्नामेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** बुड़ाबाग युवा मंगल द्वारा ब्लॉक सभागार में आर्म रेसलिंग सीजन-4 टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में खटीमा सहित नैनीताल, पिथौरागढ़, रामनगर, चंपावत, लोहाघाट और बरेली क्षेत्र से आए प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता खटीमा में सितम्बर 2022 से शुरू की गई है।

**विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर किया गया सम्मानित**

टूर्नामेंट कार्यक्रम में उपनेता प्रतिपक्ष व विधायक भुवन चंद्र कापड़ी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। टूर्नामेंट में अंडर 55 किग्रा राइट हैंड प्रतियोगिता में नानकमत्ता के सौरभ जोशी तथा नगला के सोनू बिष्ट के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सौरभ बिष्ट विजेता रहे। अंडर 65 किग्रा राइट हैंड प्रतियोगिता में बग्गा निवासी रोहित बसेड़ा तथा खटीमा निवासी इरफान के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रोहित बसेड़ा विजेता रहे। अंडर 75 किलोग्राम राइट हैंड प्रतियोगिता में कुटरा के हिमांशु गोस्वामी तथा उत्तर प्रदेश के कलीम के बीच रोचक मुकाबला रहा, जिसमें हिमांशु गोस्वामी विजेता रहे। वहीं अंदर 75 किलोग्राम लेफ्ट हैंड प्रतियोगिता में बनबसा के लक्की ठाकुर तथा बग्गा के रोहित बसेड़ा के बीच मुकाबला रहा, जिसमें लक्की ठाकुर विजेता घोषित हुए। वहीं विजेता प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया तथा शेष प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र राणा, बीडीसी वीरेंद्र राज, किशन चंद, ग्राम प्रधान रोहन चंद, उमा देवी, कमला देवी, अंजू देवी तथा एडवोकेट विकी सक्सेना अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं आयोजन समिति में विशाल चंद्र, रोहन टम्टा, हिमांशु कोरंगा, मोहित चंद, सूरज गौरव, रोहन बिष्ट, प्रदीप चंद्र, मनीष चंद्र, कार्तिक कोहली, नितिन, निखिल, अनूप, चंदन तथा पवन कॉमेडियन शामिल रहे।

# केंद्र सरकार को बनाएं पक्षकारः हाई कोर्ट

## सितारगंज क्षेत्र में बहने वाली कटरा नदी का पानी बैगुल नदी में डाले जाने का मामला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने सिंचाई विभाग उत्त प्रदेश व उत्तराखण्ड के द्वारा सितारगंज क्षेत्र में बहने वाली कटरा नदी का पानी बैगुल नदी में डाले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता से केंद्र सरकार को पक्षकार बनाने को कहा है साथ में जवाब पेश करने को भी कहा है।



हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कुछ राजनैतिक पहुँच वाले लोगों की वजह से कटरा नदी का मुहाना बंद करके उसका पानी बैगुल नदी में डाला जा रहा है।

## राजस्व ग्राम पर सुनवाई होगी कल

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाइकोर्ट ने कुमाऊं मंडल के ऊधम सिंह नगर की जसपुर तहसील के तीन ग्रामों यथा शिपका, मिलख शिपका और मनोरारथपुर थर्ड को राजस्व ग्राम बनाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 17 सितंबर बुधवार की तिथि नियत की है। बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर निदेशक वन निगम के अधिकारी सहित अन्य बीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि मामले की जांच कराई जा रही है। मामले को सुनने के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 17 सितंबर बुधवार की तिथि नियत की है। पिछली तिथि को कोर्ट ने वन विकास विभाग व सिचाई विभाग के अधिकारियों को सर्वे कर 350.65 एकड़ भूमि का सर्वे कर रिपोर्ट पेश करने को कहा था। लेकिन अभी तक सिचाई विभाग ने सर्वे करने के लिए कोई अधिकारी नियुक्त नहीं किया था। सोमवार को कोर्ट को सरकार की तरफ से अवगत कराया गया कि जांच के लिए दो सदस्यों का पैनल बनाया गया है।

## आरा मशीनों की सूची पेश करें

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने आरा मशीनों के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को प्रदेश सरकार से ऐसी आरा मशीनों की सूची पेश करने को कहा है जो प्रतिबंधित वन क्षेत्र से दस किमी की दूरी के अंदर मौजूद हैं। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने आरा मशीनों के स्थानांतरण को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि ऊधम सिंह नगर के सुल्तानपुर आलमपुर में स्थापित आरामशीनों के स्थानांतरण के संबंध में वन विभाग से अनुमति मांगी थी लेकिन वन विभाग ने मौजूद प्रावधानों का हवाला देते हुए इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया। वन विभाग की ओर से इसके पीछे प्रतिबंधित वन क्षेत्र का हवाला दिया गया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि ये आरा मशीन प्रावधानों के विपरीत स्थापित हैं। अंत में अदालत ने सरकार को निर्देश दिये कि वह ऐसे आरामशीनों की सूची 22 सितंबर सोमवार तक अदालत में पेश करें जो प्रतिबंधित वन क्षेत्र से दस किलोमीटर के अंदर मौजूद हैं।

## नदियों के चैनलाइज का एक्शन प्लान पेश किया जाए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में पूर्व में जारी आदेशों के बाद भी नदियों में जमा सिल्ट हटाने का पालन न करने को लेकर स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने सचिव खनन, पीसीसीएफ व सचिव खनन से 17 सितंबर बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में होंकर नदियों को चैनलाइज करने के लिए एक्शन प्लान पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 17 सितंबर बुधवार की तिथि नियत की है। बता दें सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी. नरेन्द्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार समाजसेवी चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया के प्रार्थना पत्र पर मुख्य न्यायधीश ने स्वतः संज्ञान लेकर उसे जनहित याचिका के रूप में सुना। कोर्ट ने कहा है कि नंधौर नदी समेत गौला, कोसी तथा गंगा व दाबका में हो रहे भूकटाव व बाढ़ से नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण उनका अभी तक चैनलाइजेशन नहीं करने के कारण अबादी क्षेत्रों में जल भराव तथा भू कटाव हो रहा है। उच्च न्यायलय के पूर्व के आदेशों का अनुपालन भी नहीं किया गया। पूर्व में न्यायलय ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि राज्य सरकार संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर नदियों में जमा सिल्ट हटा ताकि नदियां के बहाव में कोई रुकावट न आए।

जिसकी वजह से वे बैगुल नदी में अवैध खनन कर सके। वर्तमान में बारिश अधिक होने के कारण बैगुल नदी के क्षेत्र में रहने वाले करीब 9 गाँव बाढ़ की जद में आ गए हैं। गांवों में पानी भर गया है। करीब 25 हजार परिवार इससे प्रभावित हो रहे हैं। उनकी फसलें बर्वाद हो रही हैं। यही नहीं कि उनकी सुरक्षा के लिए हर साल एसडीआरफ टीम को बुलाना पड़ता है। अभी भी इन नदियों पर बने डैमो का संचालन सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया जाता है। जनहित याचिका में उनके द्वारा कोर्ट से प्रार्थना की है कि जो नदी जिस ओर बहती है उसे उसी और जाने दिया जाय न कि उसका मुहाना बंद कर दूसरी नदी में डाला जाय। उनका मुहाना खोला जाए ताकि एक तरफ सूखा दूसरी तरफ बाढ़ की नौबत न आये। इस मामले में प्रभावित हरीश चंद्र ने जनहित याचिका दायर की है।

## किराएदारों का सत्यापन न कराने पर चालान

**हल्द्वानी।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को भी पुलिस की अलग-अलग टीमों ने मंडी क्षेत्र और राजपुरा में अभियान चलाया और संदिग्ध व्यक्तियों एवं सत्यापन नियमों का पालन न करने वाले मकान मालिकों, किराएदारों तथा व्यवसाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की। एसपी सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में तथा सीओर लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल व प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी राजेश यादव ने टीम के साथ मंडी और राजपुरा क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान 300 लोगों को चैक किया गया। किराएदारों का सत्यापन न कराए जाने पर 8 मकान मालिकों के विरुद्ध कार्यवाही की और प्रत्येक का 10 हजार रुपए का चालान किया। जबकि 9 लोगों के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत 2250 रुपये जुर्माना वसूला।

# पुलिस क्वार्टर में एएसआई की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों में मल्ला काठगोदाम चौकी में तैनात एक एएसआई की मौत हो गई। सोमवार की सुबह एएसआई का शव उसके ही सरकारी कमरे से मिला। हालांकि प्रथमदृष्टया हृदय गति रूकने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण पता चल जायेगा। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मूलरूप से अल्मोड़ा के अस्गोली गांव के रहने वाले 56 वर्षीय एएसआई धाम सिंह बिष्ट वर्तमान में मल्ला काठगोदाम चौकी पर तैनात थे। बताया जा रहा कि बीती रविवार शाम को एएसआई धाम सिंह बिष्ट ड्यूटी करने के बाद वह चौकी परिसर में बने क्वार्टर में आराम करने चले गए थे। लेकिन रात को स्टाफ के दरवाजा खटखटाने के बाद उनके कमरे से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो किसी अनहोनी की आशंका हुई। जिसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर अंदर प्रवेश किया तो धाम सिंह बेहोशी की हालत में जमीन में गिरे पड़े थे। आनन फानन में एएसआई को उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि मृतक एएसआई धाम सिंह बिष्ट चार साल बाद पुलिस से सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनका परिवार हल्द्वानी में ही मुखानी में रहता है। आशंका जताई जा रही है कि उन्हें हार्ट अटैक आया होगा।



# यूपी के दो शातिर बाइक चोर धरे



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** रात्रि वाहन चैकिंग के दौरान भीमताल पुलिस ने चोरी की एक बाइक सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनो बाइक चोर यूपी दरार खीरी के रहने वाले है। पुलिस ने दोनो के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि भीमताल थानाध्यक्ष संजीत कुमार राठौड़ मय टीम के साथ क्षेत्र में वाहन चैकिंग कर रहे थे चैकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक संख्या यूपी-25ईडी-2123 को आता देखा और रोककर कागजात दिखाने को कहा।

थोड़ी देर तक दोनो शातिर चोर पुलिस को घूमते रहे लेकिन जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो वह टूट गए और यूपी से ही बाइक चोरी की बात कबूल की। पुलिस ने बाइक को सीज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनो शातिर चोरों ने अपना नाम विना. ेद कुमार उर्फ मनोज कुमार पुत्र विशम्बर दयाल निवासी ग्राम सहजदिया पो. सुजानपुर थाना पड़वा तहसील दरार खीरी यूपी, कुलदीप पुत्र रतिराम निवासी ग्राम सहजदिया पो. सुजानपुर थाना पड़वा तहसील दरार खीरी यूपी बताया। उन्होंने बताया वह यहां भी बाइक चोरी के इरादे से घूम रहे थे। वह किसी बाइक की चोरी की घटना को अंजाम देते उससे पहले पुलिस ने दबोच लिया। टीम में भीमताल थानाध्यक्ष संजीत राठौड़, एसआई नरेन्द्र सिंह रावत, त्रिभुवन अधिकारी, हैड़ कांस्टेबल प्रेम नेगी, कांस्टेबल रवि शंकर पाठक, शैलेन्द्र कुमार, नरेन्द्र सिंह राणा, संजय नेगी शामिल रहे।

# नशेड़ियों और अराजक तत्वों से परेशान लोगों ने सौंपा ज्ञापन

## क्षेत्रवासियों ने एसपी सिटी से नवरात्रि में सुरक्षा की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जवाहर ज्योति तोक पनियाली के रहवासी क्षेत्र में फैली अराजकता और नशाखोरी से परेशान होकंर सोमवार को एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र से मिले और ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों ने इलाके में हो रही घटनाओं को लेकर गहरी चिंता जताई और नवरात्रि के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। सोमवार को वार्ड नंबर-38, जवाहर ज्योति तोक पनियाली के लोगों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र के कालिका मंदिर और पुलिया के आसपास नशेड़ी और अराजक तत्व खुलेआम नशा करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों का निकलना मुश्किल हो गया है। ये लोग गंदी गालियां देते हैं और अशोभनीय व्यवहार करते हैं, जिससे माहौल बिगड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि हर वर्ष नवरात्रि के अवसर पर कालिका मंदिर में जागरण का आयोजन होता है, लेकिन नशेड़ी इस धार्मिक कार्यक्रम में भी बाधा डालते हैं और उपद्रव मचाते हैं। पिछले वर्ष तो एक युवती के साथ दुष्कर्म की भी घटना सामने आई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। लोगों ने एसपी सिटी से आग्रह किया कि इस बार नवरात्रि के दौरान क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए ताकि धार्मिक आयोजन शांति और सुरक्षा के साथ संपन्न हो सके। इस पर एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में अंजू आर्या, देवकी देवी, रेनू देवी, पूजा बैरागी, नंदी देवी, पूजा देवी, गंगा बिष्ट, सविता मौर्या, दीवान राम आदि मौजूद रहे।



# हिन्दी दिवस में यूओयू की उपस्थिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिंदी दिवस 2025 के अवसर पर महात्मा मंदिर कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर, गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी ने अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई। इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री एवं राजभाषा मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने हिंदी भाषा की महत्ता पर एक प्रेरणादायक और सारगर्भित संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में हिंदी के शैक्षिक और सांस्कृतिक पहलुओं के साथ-साथ डिजिटल युग में इसकी बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. लोहनी ने कहा हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, सभ्यता और भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है। शिक्षा में इसका बढ़ता उपयोग राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की प्रचार सामग्री का विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। विश्व. विद्यालय के स्टॉल और प्रस्तुतियों ने प्रतिभागियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों, राजभाषा अधिकारियों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और हिंदी को राष्ट्रीय एकता के सूत्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



## विश्वकर्मा जयंती कल

**हल्द्वानी।** श्रम साधना, कौशल, वास्तुकार और शिल्प कला के स्वामी भगवान विश्वकर्मा की जयंती बुधवार को देश के सभी औद्योगिक, तकनीकी ज्ञानार्जन संस्थान, चिकित्सीय, मुद्रणालय आदि क्षेत्रों मे हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। ज्योतिष अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि 17 सितंबर बुधवार को विश्वकर्मा जयंती विशेष संयोग लेकर आ रही है। मंगलवार की रात्रि 1 बजकर 55 मिनट पर भगवान सूर्य देव सिंह राशि से निकल कर कन्या राशि में गोचर करेंगे और इसके साथ ही कन्या संक्राति शुरू हो जायेगी। बुधवार के दिन शिव, परिध, शिववास योग और पुष्य नक्षत्र की उपस्थिति में पर्व पूजा शुभ फल प्रदान करेगी। पूजन मुहूर्त ब्रह्म बेला 4.33 से 5.24 तक, श्रेष्ठ मुहूर्त 10.43 से 12.14 तक और राहुकाल 12.15 से 1.47 तक रहेगा। उन्होंने बताया कि राहुकाल में पूजा करना उचित नहीं माना जाता है।

# लामाचौड़ में का बहुविभागीय शिविर आज

**हल्द्वानी।** विकासखंड हल्द्वानी के राजकीय इंटर कालेज लामाचौड़ में आज मंगलवार सुबह 11 बजे से बहुविभागीय शिविर/तहसील दिवस का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर में राजस्व विभाग, ग्रा य विकास, समाज कल्याण, एनआरएलएम, सेवायोजन, स्वास्थ्य, बाल विकास, कृषि, उद्यान, ऊर्जा, मत्स्य, पंचायतीराज आदि विभागों के अधिकारी अपने-अपने स्टॉल स्थापित करेंगे, जहां लोगों को पात्र लाभार्थियों को एसईसीसी प्रमाण पत्र वितरण एवं अपात्र नामों का विला. ेपन, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री, रोजगार मेला, निशुल्क स्वास्थ्य जांच, पेंशन स्वीकृति व दिव्यांग उपकरण वितरण, लक्ष्मी किट वितरण, बीज, खाद, कृषि उपकरण व फलदार/छायादार पौध वितरण, सौर ऊर्जा व बिजली योजनाओं का प्रचार, मत्स्य योजनाओं का प्रचार, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड सुधार आदि सेवाएं दी जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाये और अपने पहचान पत्र एवं योजनाओं के लिए आवश्यक अभिलेख अनिवार्य रूप से लेकर आए।

# 'खराब सड़कें बनीं, निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ'

## आक्रोशः कुमाऊं आयुक्त के आवास में दो घंटे तक घिरे रहे अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में सोमवार को कुमाऊं आयुक्त आवास का जोरदार घेराव किया गया। आंदोलनकारी कुमाऊं व जिला क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत, सड़क निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच और भीमताल विधानसभा क्षेत्र की प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन सड़कों को जल्द चालू करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए।

हरीश पनेरू ने कहा कि भीमताल, पदमपुरी, धानाचुली, भवाली, अल्मोड़ा क्वारब, रामनगर, सल्ट, काठगोदाम, हैड़ाखान और सिमलिया बैंड सहित क्षेत्र की अधिकतर सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सुबह 10 बजे शुरू हुए इस घेराव में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। त्योहारों से पूर्व क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों का आक्रोश चरम पर रहा। मौके पर पहुंचे हल्द्वानी एसडीएम को करीब दो घंटे तक प्रदर्शनकारियों ने घेरे रखा। स्थिति कई बार तनावपूर्ण हुई और मामला मारपीट तक पहुंचने की कगार पर आ गया। एसडीएम की मध्यस्थता में उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता हुई, जिसमें लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ने 10 दिन के भीतर सभी मांगों पर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिशासी अभियंता को प्रदर्शनकारियों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई और निर्माण कार्यों में लापरवाही पर तीखी आलोचना की। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। घेराव में भगवान मेहरा, प्रबल धरमवाल, सुरेश हरीश परगाईं, सोनू संभल, श्याम सिंह, गोविंद आर्य, हिमेश पनेरू, भूपेंद्र, ललित बिष्ट, कैलाश समेत कई लोग मौजूद रहे।



## स्वस्तिका ने वायलिन से लूटी वाहवाही

हल्द्वानी। जिले का नाम रोशन करने वाली 12 वर्षीय बाल कलाकार स्वस्तिका जोशी ने संगीताचार्य पंडित चंद्रशेखर पंत की स्मृति में आयोजित शास्त्रीय संगीत संध्या में अपनी मनमोहक वायलिन वादन प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। पंडित चंद्रशेखर पंत देवभूमि शास्त्रीय संगीत मंच की ओर से राधा-कृष्ण मंदिर (मुरली वाले बाबा मंदिर) में आयोजित कार्यक्रम में स्वस्तिका ने राग जोग की सुंदर प्रस्तुति दी। स्वस्तिका ने राग जोग की आलाप से शुरुआत की। इसके बाद साजन मेरो घर आए.., बंदिश को छोटी-बड़ी तानों के साथ प्रस्तुत किया और झाला से समापन कर दर्शकों की तालियां बटोरी। तबले पर उत्तराखंड के प्रसिद्ध तबला वादक आनंद सिंह बिष्ट की संगति ने प्रस्तुति में और गहराई और माधुर्य भर दिया।-

# ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव पर सख्ती बरतते हुए अभियान चलाया। इस दौरान 15 चालक को गिरफ्तार करते हुए 15 वाहन सीज किये। रविवार देर रात एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी राजेश यादव ने पुलिस टीम के साथ शहर हल्द्वानी में देर रात तक ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों को रोककर चालकों अल्कोमीटर से जांच की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत 15 वाहन सीज कर 15 व्यक्तियों को गिर तार किया। वहीं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों 2 लोगों के चालान किये। इसके अलावा अन्य यातायात उल्लंघनों में 9 चालान और पुलिस अधिनियम के अंतर्गत 2 चालान किये। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान खतरे में न डालें।



# 2027 में विधानसभा चुनाव लड़ेगी आज़ाद समाज पार्टी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की संयुक्त सभा का आयोजन गोलछा कंपाउंड स्थित प्रदेश उप कार्यालय में किया गया। सभा की अध्यक्षता आसपा के जिलाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्य ने की। संचालन भीम आर्मी नगर सचिव संजय कुमार टम्टा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि असपा उत्तराखंड के 2027 में होने वाले चुनावों में सभी सीटों पर चुनाव लड़ाने पर विचार कर रही है। चुनावों में बहुत अधिक समय नहीं बचा है इस लिए हमें अभी से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को जनहित के कार्यों में आगे रखकर जनता के बीच बने रहना चाहिए। सभा में, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, जीवन चंद्र आर्य, महेश चंद्र आर्य, जीतराम, हरीश लोधी, फिरोज़ खान, खीम चंद्र आर्य, आकाश भारती, नवीन मूलनिवासी, रिज़्वान गुड्डू संजय कुमार टम्टा, राजू राजभर, रामकुमार आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य पर्व पखवाड़ा कल से



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** नैनीताल जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार स्वास्थ्य पर्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को भीमताल स्थित विकास भवन में अपर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखंड रीना जोशी ने अधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े में जिले भर में कुल 162 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें निशुल्क जांच, उपचार, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और दवा वितरण की सुविधा दी जाएगी। साथ ही, 3 बृहत् शिविर हल्द्वानी (बेस अस्पताल), रामनगर और नैनीताल (बीडी पांडे अस्पताल) में लगाए जाएंगे, जिनका शुभारंभ 17 सितंबर को होगा। अपर सचिव ने निर्देश दिए कि प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले सकें। सभी रेखीय विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा गया है। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि सरकारी के साथ निजी चिकित्सकों की भी तैनाती की जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि शिविरों की मॉनिटरिंग भारत सरकार और राज्य स्तर पर प्रतिदिन होगी। प्रत्येक शिविर का दस्तावेज़ीकरण और फोटो सहित जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। मुख्य विकास अधिकारी को इन शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश चंद्र पंत, एडीएम विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम केएन गोस्वामी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामीणों का धरना जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के 29 वें दिन भी जारी रहा। बाग. जाला वासियों ने तय किया कि कल आंदोलन को 30 दिन पूरा होने के पर भी मांगों को पूरा न होने से परेशान बागजाला के ग्रामीणों द्वारा काली पट्टी, काले झंडों, काले वस्त्रों के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार द्वारा बागजाला की मांगों को सुनकर भी अनसुना करने की प्रवृत्ति के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आगामी 20 सितंबर को बुधपार्क हल्द्वानी में अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला द्वारा आहूत भूमि अधिकार सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। धरने में आनन्द सिंह नेगी, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, अनीता अन्ना, राजदा, सोहन लाल, अमन कुमार, गोपाल सिंह बिष्ट, मीना भट्ट, भगवती गोस्वामी, मो. परवेज, दीवान सिंह बर्गली, हरक सिंह बिष्ट, अम्बा दत्त, गोविन्द, शेर खान, सविता देवी आदि शामिल रहे। धरना जारी रहेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जिम्बाब्वे ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में नामीबिया को हराया

**बुलावायो, वार्ता।** ब्रायन बेनेट (94) और तदिवानाशे मारुमनी (62) की आतिशी बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जिम्बाब्वे ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में नामीबिया को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 34 रनों से हरा दिया। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में मालन क्रूगर (13) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जान फइलिन्क, जान निकोल लॉफ्टी-ईटन की जोड़ी ने दूसरे विकेट लिये 56 रन जोड़े। आठवें ओवर में सिकंदर रजा ने जान फइलिन्क (21) को पगबाधा आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई।

### सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को देगी प्रतिभा दिखाने का अवसर : पंकज

**महराजगंज, वार्ता।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि 14 अक्टूबर से शुरु होने वाले सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। श्री चौधरी ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में आयोजन की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मूल आधार हैं। सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि इस वर्ष सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 14 अक्तूबर से 25 दिसम्बर के बीच किया जाएगा।

# हैंडशेक कंट्रोवर्सी ने बिगाड़ा खेल

- **एशिया कप से हट सकता है पाक**
- **पीसीबी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को हटाने पर अड़ा**
- **राशिद लतीफ ने कहा, जंग लड़ लो**

**दुबई, वार्ता।** भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान यूएईमें चल रहे एशिया कप से हट सकता है। रविवार को दुबई में हुए मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था।

टॉस के वक्त भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। पाकिस्तान ने इसकी शिकायत मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट से की। आरोप लगाया कि भारतीय टीम ने खेल भावना नहीं दिखलाई। पीसीबी का मानना है कि पायक्राफ्ट का व्यवहार पक्षपाती रहा है और उन्हें टूर्नामेंट से हटाया जाए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा नहीं होने पर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है। एशियन क्रिकेट काउंसिल



(एसीसी) या भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन ने सोमवार को कहा कि पीसीबी ने तत्काल पायक्राफ्ट को बाहर करने की मांग की है। उन्होंने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट और क्रिकेट के स्पिरिट का पालन नहीं किया। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स भी विवाद में कूदे इस हैंडशेक कंट्रोवर्सी में पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स भी कूद गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि अगर पहलगाम की ही बात है तो भारत हमसे जंग लड़ ले। क्रिकेट में इन बातों को न लाए। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि भारतीय टीम ने मैच में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन, यह सिर्फ क्रिकेट मैच था। इसमें राजनीति नहीं लानी चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व आलराउंडर शाहिद अफरीदी ने कहा कि क्रिकेट को क्रिकेट ही रहने दें, इसमें सियासत न करें। दावा मैच रेफरी ने हैंडशेक से रोका पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का दावा है कि टॉस के वक्त मैच रेफरी ने दोनों टीमों को हाथ मिलाने की हिदायत दी है। पीसीबी का मानना है कि मैच रेफरी ने ऐसा भारतीय टीम के दबाव में किया है। रेफरी की यह हरकत आपत्तिजनक और उन्हें टूर्नामेंट से हटाया जाना चाहिए। सूर्या ने कहा था कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं मैच के बाद हैंडशेक कंट्रोवर्सी पर भारतीय कप्तान ने कहा कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं। टीम मैनेजमेंट ने यह फैसला बीसीसीआई और भारत सरकार की सहमति से लिया था। भारतीय टीम पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ खड़ी है और यह जीत भारतीय सैन्य बल को समर्पित है। बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाक समर्थक आतंकियों ने 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर पाक में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

## कप्तान सूर्य कुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित की

- **सिक्स के साथ जिताया मैच दुबई स्टेडियम में गूंजे भारत माता की जय के नारे**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित कर दी।

सूर्या और टीम इंडिया का मैसेज साफ था कि यह जीत देश के जवानों को सम्मान देने के लिए है। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद चलाए गए आपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने-सामने थी। खास बात यह रही कि मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टास के वक्त भी सूर्या ने चज्ञ कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टॉस के वक्त और मैच के बाद प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों का हाथ-मिलाना कर्टसी माना जाता है। मतलब एक-दूसरे के लिए सम्मानजनक व्यवहार। भारतीय टीम ने संदेश दे दिया कि एशिया कप में खेलना इस टूर्नामेंट के लिए उसका कमिटमेंट है, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों से कर्टसी निभाने का उनका कोई इरादा नहीं है। भारत ने खेल में भी कोई कर्टसी नहीं दिखाई और एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया।

## सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ पाकिस्तान को बेहतर क्रिकेट खेलना होगा:हेसन

- **हमने शायद 20 या 30 रन कम बनाए और सब जानते है कि बीच ओवरों में हम पर दबाव बना**

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** पाकिस्तान की टीम के कोच माइक हेसन ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए पाकिस्तान को बेहतर क्रिकेट खेलना होगा। भारत के हाथों मिली सात विकेट से हार के बाद हेसन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज हम परास्त हुए।

मुझे नहीं लगता कि हम इससे बच सकते हैं। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने शायद 20 या 30 रन कम बनाए और हम सब जानते हैं कि बीच के ओवरों में हम पर दबाव बना। एक अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने बहुत कुछ करने की ज़रूरत है, लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान में कड़ी टक्कर दी, हालांकि स्कोर काफी नहीं था। हेसन ने कहा कि पिछले कुछ मैचों तक, साहिब. जादा फरहान और सैम अयूब ने सलामी बल्लेबाजी करते हुए 40 की औसत से रन बनाए थे और उन्होंने खास तौर पर अच्छा प्रदर्शन किया था। सैम हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी हैं और किसी भी टीम के लिए अच्छी शुरुआत करना बेहद जरूरी है। चार मैच पहले, हम ऊपरी क्रम में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, हमने वहां थोड़ी लय खो दी है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि ये दोनों जल्द ही स्थिति बदल देंगे। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी में, शुरुआत में हम थोड़े ज्यादा ही आक्रामक थे। गेंद पिच पर रूक रही थी, जैसा कि हमने उम्मीद की थी, लेकिन हम उतनी अच्छी प्रतिक्रिया नहीं दे पाए।

## सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 23 विकेट झटके थे, मैट हेनरी और जायडन सील्स को पीछे छोड़ा**

**दुबई, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने अगस्त महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड दिया है। उन्होंने इस रेस में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को पीछे छोड़ा। सिराज को यह अवार्ड इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंद. ुलकर ट्रॉफी के ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा। 5 मैचों की इस सीरीज में 23 विकेट लिए 5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले। इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185. 3 ओवर डाले। ओवल टेस्ट में 9 विकेट झटके थे सिराज ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ओवल टेस्ट जीता और सीरीज 2-2 से बराबर की। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। उन्होंने पहले टेस्ट में 6/39 और 3/51 तथा दूसरे में 5/40 और 2/16 के आंकड़े दर्ज किए। वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट झटके। आखिरी मैच में उन्होंने करियर बेस्ट 6/18 परफार्म किया। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड एक पुरस्कार है, जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) हर महीने प्रदान करता है। यह अवार्ड मेंस और विमेंस कैटेगरी में दिया जाता है। यह पुरस्कार हर महीने के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। महीने भर के प्रदर्शन के आधार पर हर कैटेगरी के 3 प्लेयर्स को नामिनेट किया जाता है। इनका चुनाव स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी करती है।







## सेंट्रल जोन 7वीं बार बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन

- **फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया, सारांश जैन प्लेयर ऑफ द सीरीज बने**

**बेंगलुरु, वार्ता।** सेंट्रल जोन ने 11 साल बाद दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया। सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है।

इससे पहले 2014 में यह खिताब सेंट्रल जोन ने जीता था। सेंट्रल जोन को जीत के लिए महज 65 रन का टारगेट मिला था। टीम ने सोमवार को मुक. ाबले के पांचवें और आखिरी दिन 4 विकेट खोकर यह टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले, चौथे दिन साउथ जोन अपनी दूसरी पारी में 426 रन बनाकर आलआउट हो गई। सेंट्रल जोन को महज 65 रन का टारगेट ही मिल सका। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर गुरुवार को सेंट्रल जोन ने टास जीतकर पहले बालिंग चुनी। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन ही बना सका। सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 362 रन की बढ़त हासिल की थी। दूसरी पारी में सेंट्रल जोन ने 4 विकेट गंवाए सेंट्रल जोन ने दूसरी पारी में 65 रन बनाने में ही 4 विकेट गंवा दिए। हालांकि टीम ने यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए दूसरी पारी में अक्षय वाडकर 19 और यश राठौड़ 13 रन बनाकर नाबाद रहें। कप्तान रजत पाटीदार ने 13, शुभम शर्मा ने 8, दानिश मालेवार ने 5 और सारांश जैन ने 4 रन बनाए। साउथ जोन की ओर से गुरजापनीत सिंह और अंकित शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। सेंट्रल जोन के सारांश जैन ने टूर्नामेंट में 16 विकेट और 136 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। 194 रन बनाने वाले यश राठौड़ को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। दूसरी पारी में साउथ जोन ने फाइट दिखाई दूसरी पारी में साउथ जोन से तन्मय अग्रवाल ने 26, मोहित काले ने 38, रविचंद्रन स्मरण ने 67 और रिकी भुई ने 45 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन 27 और सलमान निजार 12 रन बनाकर आउट हुए। साउथ जोन ने 222 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। यहां टीम पर पारी की हार की खतरा मंडरा रहा था। तब आंद्रे सिद्धार्थ और अंकित शर्मा ने सेंचुरी पार्टनरशिप की और टीम को 400 के पार पहुंचा दिया। अंकित 99 रन बनाकर आउट हुए, उनके विकेट के बाद टीम बिखर गई।

## एशिया कप में अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा

**अबू धाबी, वार्ता।** एशिया कप में बांग्लादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा।

वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बांग्लादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बांग्लादेश को दो में सफलता मिली है। बांग्लादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बांग्लादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है।

## कुलदीप, अक्षर व वरुण ने मेहनत की और अच्छा प्रदर्शन किया: सूर्या

- **एक बार जब आप मैदान पर आते है तो देख सकते है कि वे कितनी अच्छी तरह से तैयारी के साथ आए है**

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ स्पिन तिकड़ी कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छा प्रदर्शन किया।

रविवार रात पाकिस्तान को सात विकेट से हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार यादव से जब पूछा गया कि क्या भारत की स्पिन तिकड़ी कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें जन्मदिन का सही उपहार दिया है, तो उन्होंने मजाक में कहा, मैंने उन सभी को मिलाकर 12 ओवर दिए, यह मेरी ओर से रिटर्न गिफ्ट था। वे सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं, आप इसे अभ्यास में देख सकते हैं। वे वास्तव में अच्छी तैयारी करना चाहते हैं। एक बार जब आप मैदान पर आते हैं, तो आप देख सकते हैं कि वे कितनी अच्छी तरह तैयार हैं। और वे अपनी योजनाओं को लेकर बहुत स्पष्ट हैं, यही मैं चाहता हूं। जब मैं मैदान पर होता हूं तो इससे मेरा काम बहुत आसान हो जाता है। वे क्षेत्ररक्षण से खुश हैं और जिस छोर से वे गेंदबाजी कर रहे हैं उससे भी खुश हैं। तीनों स्पिनरों को अच्छा प्रदर्शन करते देखना अच्छा है, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह उनका अच्छा साथ दे रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी कैसे करनी है और किसे निशाना बनाना है, इस बारे में भारत की योजना अक्सर विरोधी टीम को ध्यान में रखकर बनाई जाती थी।

उदाहरण के लिए, रविवार को, फखर जमान जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाज के क्रीज पर होने के बावजूद अक्षर को गेंदबाजी कराने का फैसला एक योजना का हिस्सा था, भले ही यह उनके 'पारंपरिक मैचअप' के विपरीत था। भारत के गेंदबाज़ी प्रदर्शन का दूसरा पहलू बुमराह का इस्तेमाल करने का तरीका था। जब उन्होंने यूएई के खिलाफ तीन ओवर पहले गेंदबाजी की, तो माना जा रहा था कि यह कदम बड़ी चुनौतियों से पहले स्वयं को थोड़ा और मजबूत बनाने के लिए उठाया गया होगा। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ भी बुमराह का इस्तेमाल इसी तरह किया गया।


सूर्यकुमार ने इसे भारत की योजना का हिस्सा बताते हुए कहा कि वे अपने सभी गेंदबाजो को जिम्मेदारी लेने पर मजबूर करना चाहते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आज तक हमने उनसे पावरप्ले में दो ओवर ही कराए हैं, उन्होंने कभी पावरप्ले में तीन ओवर नहीं डाले। उन्होंने आगे कहा कि हम उन्हें एक आक्रामक विकल्प के रूप में इस्तेमाल करके बहुत खुश हैं। अगर वह दो विकेट ले लेते हैं, भले ही वह अपने ओवरों का एक सीमित स्पेल ही क्यों न फेंकें, तो बाद में हमें सभी स्पिनरों के लिए एक अच्छा सहारा मिल जाएगा और हमारा काम थोड़ा आसान हो जाएगा।

## दस देश हॉकी प्रो लीग सीजन सात की मेजबानी करेंगे

- **अर्जेंटीना में पुरुष चैंपियन नीदरलैंड का सामना लीग में पदार्पण कर रहे पाकिस्तान से होगा**

**लॉजेन, स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत सहित 10 देश नौ दिसंबर से 2025 से आयरलैंड और अर्जेंटीना में शुरु होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन सात की मेजबानी करेंगे। जर्मनी बनाम बेल्जियम पुरुष टीम के बीच आयरलैंड में इस सीजन की शुरुआत होगी। इसी दिन अर्जेंटीना में पुरुष चैंपियन नीदरलैंड्स का सामना लीग में पदार्पण कर रहे पाकिस्तान से होगा।

बेल्जियम, इंग्लैंड और जर्मनी की पुरुष टीमें, साथ ही बेल्जियम, इंग्लैंड और आयरलैंड की महिला टीमें आयरलैंड में अपने पहले मैच खेलेंगी। अर्जेंटीना में क्रमशघ नीदरलैंड और पाकिस्तान की पुरुष टीमों, और जर्मनी और नीदरलैंड की महिलाओं से भिड़ेंगी। लीग का समापन 28 जून 2026 को बेल्जियम, जर्मनी और इंग्लैंड के बीच रोमांचक मुकाबलों के साथ होगा। भारत में मुकाबले की शुरुआत 10 फरवरी 2026 से होगी। इस



सीजन में आयरलैंड की महिला और पाकिस्तान की पुरुष टीमें पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। दोनों को एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024-25 के जरिए पदोन्नत किया गया है। गत विजेता नीदरलैंड की पुरुष और महिला टीमें अपने खिताब का बचाव करने मैदान में उतरेगी। 2025-26 सीजन के दौरान 10 देश एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैचों की मेजबानी करेंगे।

**आयरलैंड** (9-14 दिसंबर 2025) - आयरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड (महिला) और बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी (पुरुष)

**अर्जेंटीना** (9-14 दिसंबर 2025) - अर्जेंटीना, जर्मनी, नीदरलैंड (महिला) और अर्जेंटीना, नीदरलैंड, पाकिस्तान (पुरुष)

**चीन** (5-10 फ़रवरी 2026) - चीन, इंग्लैंड, नीदरलैंड (महिला)

**स्पेन** (5-10 फ़रवरी 2026) - स्पेन, बेल्जियम, जर्मनी (महिला) और स्पेन, इंग्लैंड, नीदरलैंड (पुरुष)

**ऑस्ट्रेलिया** (10-15 फ़रवरी 2026) - ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, आयरलैंड (महिला) और ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, पाकिस्तान (पुरुष)

**भारत** (10-15 फ़रवरी 2026) - भारत, अर्जेंटीना, बेल्जियम (पुरुष)

**ऑस्ट्रेलिया** (20-25 फ़रवरी 2026) - ऑस्ट्रेलिया, चीन, स्पेन (महिला) और ऑस्ट्रेलिया, भारत, स्पेन (पुरुष)

**इंग्लैंड** (13-21 जून 2026) - इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी (महिला) और इंग्लैंड, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया (पुरुष)

**नीदरलैंड** (13-21 जून 2026) - नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन (महिला) और नीदरलैंड, जर्मनी, भारत (पुरुष)

**बेल्जियम** (13-21 जून 2026) - बेल्जियम, अर्जेंटीना, चीन (महिला) और बेल्जियम, पाकिस्तान, स्पेन (पुरुष)

**बेल्जियम** (23-28 जून 2026) - बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड (महिला) और बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड (पुरुष)

**जर्मनी** (23-28 जून 2026) - जर्मनी, चीन, आयरलैंड (महिला) और जर्मनी, अर्जेंटीना, स्पेन (पुरुष)

**इंग्लैंड** (23-28 जून 2026) - इंग्लैंड, अर्जेंटीना, स्पेन (महिला) और इंग्लैंड।

## जयपुर पोलो टीम ने जीता चिंकारा पोलो कप के 15वें संस्करण का खिताब

**जयपुर, वार्ता।** जयपुर पोलो टीम ने कोग्निवेरा स्टैलियंस को हराकर चिंकारा पोलो कप के 15वें संस्करण का खिताब जीत लिया है।

रक्षा सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राजस्थान में जयपुर की सैन्य छावनी के 61 कैवलरी पोलो ग्राउंड में आयोजित फाइनल मुकाबले में जयपुर पोलो टीम ने कोग्निवेरा स्टैलियंस को 8-7 से पराजित कर चिंकारा पोलो कप का खिताब अपने नाम किया। चिंक. ारा पोलो कप 2025 का फाइनल नाटकीय अंदाज में समाप्त हुआ। इसमें दर्शकों को अंतिम सीटी बजने तक बांधे रखा।

दर्शकों ने घुड़सवारी की कलात्मकता, खेल की भव्यता और उत्कृष्टता की खोज देखी जो सच्चे चैंपियन को परिभाषित करती है। 61 सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा ने विजेता टीम को प्रतिष्ठित ट्रॉफी प्रदान की। लांस वॉटसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर टीम के लिए सर्वाधिक अंक जुटाए।

# डीलर ने मांगी थी राठी के नाम पर रंगदारी

## मंगलौर पुलिस ने दबोचा कुख्यात सुनील के नाम से चौथ वसूली मांगने वाला प्रॉपर्टी डीलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/मंगलौर।** कुख्यात गैंगस्टर सुनील राठी के नाम से कारोबारी से 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने देहरादून से एक प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया है, जो कि मूल रूप से मंगलौर का रहने वाला है। आरोपी ने कारोबार में हुए घाटे की भरपाई के लिए रंगदारी की साजिश रची थी।

मंगलौर निवासी कारोबारी सिद्ध गोपाल मित्तल ने 28 अगस्त को पुलिस में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बेटे को फोन कर खुद को गैंगस्टर सुनील राठी बताने वाले शख्स ने 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रंगदारी में इस्तेमाल हुआ मोबाइल नंबर देहरादून से ऑपरेट हो रहा है। इस आधार पर पुलिस ने देहरादून निवासी मनीष भाटिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में मनीष ने अपराध कबूल कर लिया। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि



आरोपी ने 2009 में लव मैरिज के बाद देहरादून में रहना शुरू कर दिया था और 2021 से प्रॉपर्टी डीलिंग का धंधा करता था। व्यापार में घाटा होने पर उसने अपने परिचित कारोबारी सिद्ध गोपाल मित्तल से ही रंगदारी वसूलने की योजना बनाई। इसके लिए उसने एक पुराने ग्राहक की आईडी से 2018 में जारी कराई गई सिम का इस्तेमाल किया। फोन कॉल के दौरान आरोपी ने खुद को जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर सुनील राठी बताकर 5 लाख रुपये की मांग की थी। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि कॉल करने के बाद उसने फोन मंगलौर-रुड़की के बीच सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद भी कर लिया। अमरजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनीष भाटिया, देहरादून निवासी है लेकिन उसका पैतृक निवास मंगलौर के मोहल्ला सर्वज्ञान में है।

# एचआरडीए रुड़की कार्यालय में अभियंता दिवस मनाया

## अभियंता पूरे विभाग की असल रीड होता है: सेमवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण मे अभियंता दिवस मनाया गया। जिसमे उत्तराखंड विकास प्राधिकरण अधिकारी कर्मचारी सयुंक्त संगठन उत्तराखंड के प्रांतीय महामंत्री प्रशांत सेमवाल ने कहा की भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के द्वारा जो कार्य किये गए हैं। उनको वर्तमान अभियंता को उनके कदम पर चल कर अनुसरण करना चाहिये अभियंता पूरे विभाग की रीड की हड्डी है जिनके द्वारा किये गए कार्यो से पूरा प्रदेश ही नही देश के विकास के पथ पर अग्र णी योगदान रहता हैं। अभियंता के द्वारा अपने तकनीकी



कार्य के साथ साथ इसवबक कवदंजपवद आदि सामाजिक कार्यो मे भी प्रथम पंक्ति में रह कर सेवा करते हैं। कोरना काल में भी किया अन्य वक्तवों ने भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी के द्वारा किये गये कार्यो एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के बारे में अवगत कराया। सभा में भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण एव पुष्प चढ़ा कर उनको नमन किया गया।

# दो युवक चाकू के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने दो युवकों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। रुड़की कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि कांस्टेबल प्रयाग जोशी और सुनील कुमार ने अमित कुमार निवासी गांव बरौली थाना खंडासा अयोध्या को सोलानी पुल के पास से चाकू संग गिरफ्तार किया है। जबकि हेड कांस्टेबल विपिन और सुरेश तोमर ने शहजाद उर्फ सुक्खा निवासी नवाबी वाली गली बन्दा रोड बाबा पुराण नाथ मंदिर के तलाशी के लिए रोका था। तलाशी में शहजाद की जेब से चाकू बरामद हुआ।

# मिल कर्मचारियों का महीने से नहीं मिला वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर कर्मचारी को 14 माह से वेतन न मिलने के कारण परेशान होकर रविवार को थाने मे पुलिस को ज्ञापन देते हुए बताया कि 19 सितंबर तक वेतन नहीं मिलने पर 20 सितंबर को शुगर मिल के सभी कर्मचारीयो द्वारा शुगर मिल परिसर में आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि पुलिस को ज्ञापन देने के बाद वह सोमवार को ही जिला अधिकारी हरिद्वार को भी इस संबंध में उनके द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार इकबालपुर शुगर मिल कर्मचारी दिनेश कुमार राजू सिंह मोहन कुमार राजकुमार वेद प्रकाश मनमोहन प्रदीप हरीश धर्मदास आदि द्वारा सोमवार को थाने में कार्यरत एस आई जय सिंह राणा को ज्ञापन देते हुए बताया कि इकबालपुर शुगर मिल कर्मचारियों व ठेकेदारों को 14 माह से वेतन नहीं मिल पाया है। जिससे उनकी स्थिति दयनीय हो गई है ।उन्होंने दो वर्ष में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से भी वेतन दिलाने की मांग की है। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है ।कर्मचारियों का कहना है कि 30 अगस्त को कर्मचारियों द्वारा आत्मदाह करने की चेतावनी दी गई थी ।उसके बाद शुगर मिल परिसर में ही प्रशासनिक अधिकारियों व शुगर मिल प्रबंधन द्वारा बैठक कर उन्हें शीघ्र ही वेतन देने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा चेतावनी दी गई कि 19 सितंबर तक उनका बकाया वेतन नहीं मिलने पर 20 सितंबर को 11:00 बजे मिल प्रांगण में ही सभी कर्मचारी आत्मदाह करेंगे। उनकी मृत्यु के जिम्मेदार रमजान अली शुगर मिल डायरेक्टर शुगर मिल मालिक श्रेया साहनी शुगर मिल इकाई प्रमुख अरुण कुमार भाटी शुगर मिल सीजीएम सुरेश शर्मा शुगर मिल चीनी गोदाम इंचार्ज योगेंद्र कालिया केन मैनेजर शिवकुमार सिसोदिया तथा डीसीओ कपिल मोहन होंगे ।शुगर मिल कर्मचारियों का कहना है की सोमवार को ही जिलाधिकारी हरिद्वार को भी इस संबंध में ज्ञापन दिया जाएगा।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज

**रुड़की।** पुलिस ने मारपीट के मामले में पांच हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली को राकेश निवासी सरस्वती विहार सुनहरा ने तहरीर देकर बताया कि शनिवार को वह साइकिल पर सवार होकर अपने घर की ओर लौट रहा था। तभी सुनहरा पेट्रोल पंप के पास साइकिल की चेन उतर गई थी। जिसको वह ठीक करने लगा था। तभी मुकुल निवासी सुनहरा और शिवा ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ आकर मारपीट शुरू कर दी थी और चाकू से हमला कर जेब से भी करीब 4800 रुपये छीन लिए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा था। वरिष्ठ उप निरीक्षक दीप कुमार ने बताया कि पांच हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# एआरटीओ ने ई रिक्शा पर लगे करियर उतरवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूड़की।** क्षेत्र में आरटीओ के आदेश पर ई-रिक्शाओं पर ऊपर लगे करियर को उतारने के आदेश दिए गए जिसमें एआरटीओ के द्वारा ई-रिक्शा पर ऊपर लगे करियर को उतरवाया गया जिससे ई रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार एआरटीओ रुड़की रविंद्र सैनी ने बताया आरटीओ के आदेश पर आज हमारे द्वारा ई-रिक्शाओ पर ऊपर लगे करियर को उतारा जा रहा है उन्होंने कहा आज करीब 20 ई रिक्शाओ के ऊपर लगे करियर को उतारा गया है और 22 ई रिक्शाओं के चालान किए गए हैं एक ई रिक्शा को सीज भी किया गया है उन्होंने कहा यह जो ई-रिक्शा बनाई गई है यह केवल सवारी के लिए बनाई गई है इसमें सामान ऊपर रखकर नहीं ले जाया जा सकता उन्होंने कहा अभी तो हमारे द्वारा ई रिक्शा चालकों को कहा गया है कि आप लोग ई रिक्शा पर ऊपर लगे करियर को खुद ही उतार दें अगर अभी भी नहीं उतारा तो हम जिस भी ई रिक्शा पर ऊपर करियर लगा होगा उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई करेंगे उसमें किसी को भी बक्सा नहीं जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि सभी अपनी ई-रिक्शा के कागज को दुरुस्त करा ले अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# घोसीपुरा में पशुओं में बीमारी, चिकित्सकों की पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नारसन ब्लॉक के गाँव घोसीपुरा में पशुओं के बीमार होने की सूचना पर पूरे गाँव मे घर घर जाकर पशु चिकित्सकों की टीम ने सभी ग्रामीणों से पशुओं के बारे में जानकारी लेकर उनकी जाँच की और दवाइयां वितरित की।जिसको लेकर ग्रामीणों ने पशु चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। बता दें कि नारसन ब्लॉक के घोसीपुरा गांव में बीते कुछ समय से पशुओं में एक बीमारी हो गई है। ग्राम वासियों द्वारा इसकी सूचना ग्राम प्रधान को भी दी गई।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जावेद अली की सूचना पर गाँव मे 5 पशु चिकित्सको की टीम मौके पर पहुँची और पशुओं के ईलाज में जुट गई।मंगलौर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनय कुमार को जैसे इसकी सूचना मिली तुरंत डॉक्टर को टीम को लेकर घोसीपुरा गांव में पहुंचे और खुद घर-घर जाकर पशुओं की हालत का जायजा लिया।उन्होंने बताया कि भारी बरसात के चलते पशुओं के बाड़े में पानी भरने से उन्हें बीमारी ने अपनी चपेट में ले लिया जिसकी जाँच कर उन्हें ईलाज दिया जा रहा है । उन्होंने बताया कि इस बीमारी से अपने पशुओं को बचाने के लिए उनके नीचे लगातार चुने का छिड़काव करते रहे और दिन में तीन-चार बार सफाई करते रहे। उन्होंने जरूरी दवाइयां पशुपालकों को वितरित करते हुए कहा कि इस बीमारी का सैंपल लेकर इसके लिए



जल्द ही वैक्सीन का इंतजाम किया जाएगा और जल्द ही यह वैक्सीन गांव के प्रत्येक पशु को लगाई जाएगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अहसान ने पशु डॉक्टर की टीम का आभार और धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि हमारे एक फोन करने पर पशु चिकित्सकों की टीम गांव में लगातार तीन दिनों से बनी हुई है और घर-घर जाकर पशुओं की हालत समझकर उनका इलाज कर रही है। उन्होंने कहा कि मंगलौर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनय कुमार को हमने फोन पर इसकी सूचना दी और उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर हम लोगों के साथ में पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बीमार पशुओं का इलाज किया। घोसीपुरा गांव पशु चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम का हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने पशु चिकित्सकों की टीम को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा ग्राम वासियों को पशुओं के रखरखाव के लिए जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उनकी इस बात का सभी ग्रामवाशी पालन करेंगे डॉक्टर की टीम में मनोज कुमार बबलू कुमार दिशांत कुमार अक्षत आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद ने स्कूल लगाया संस्कार शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विकास परिषद समर्पण शाख द्वारा तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ जय कृष्णा पब्लिक स्कूल खंजरपुर रुड़की में किया गया। शाखा के सदस्यों का संस्था में पहुंचने पर बच्चों द्वारा टीका लगाकर तथा रोज बड देकर स्वागत किया गया। शिविर के प्रथम दिवस की शुरुआत वन्दे मातरम् गीत के साथ की गई तत्पश्चात शाखा अध्यक्ष ई. राकेश कुमार गर्ग द्वारा सभागार में उपस्थित सभी का स्वागत किया एवं भारत विकास परिषद की स्थापना, परिषद के उद्देश्य तथा परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर की संयोजिका श्रीमती मृणालिनी शर्मा व शाखा की योग गुरु डॉ मधुलिका चौधरी ने योग का जीवन में महत्व, सांस उच्छवास उसके फायदे एवं ओम के उच्चारण से मन में शाँति कैसे मिलती है कैसे जीवन संतुलित एवं संतुष्ट रहता है। दिवस के शिविर में 50 बच्चों सम्मिलित हुए। अंत में मिष्ठान वितरण के साथ प्रथम दिवस के शिविर का समापन हुआ। अवसर पर श्रीमती फरहा मलिक, श्रीमती रेखा गोयल आदि मौजूद रहे।

# युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा रविवार को अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने की तहरीर थाने में देकर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने रविवार को एक युवक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम बूडपुर नूरपुर निवासी दीवाना सिंह उसकी पुत्री के साथ रास्ते में आते जाते छेड़खानी करता है। पुत्री का कहना है कि कई बार उक्त युवक द्वारा उसे रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की है मना करने पर भी नहीं मानने पर उसने अपने परिजनों को पूरी जानकारी देकर अवगत कराया गया। परिजनों को जानकारी मिलते ही उन्होंने उक्त युवक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा रविवार रात्रि उक्त आरोपी युवक के घर पर दबिश देकर उसे थाने लाया गया। तथा विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# साहब सिंह हत्याकांड में दो पर हत्या का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा /मंगलौर।** गाधारौणा के साहब सिंह की मौत के मामले में पुलिस ने दो नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया हैं। गाधारौणा निवासी काजल ने पुलिस को बताया था कि उसके पति साहब सिंह 29 अगस्त को लापता हो गया था। बताया गया कि साहब सिंह गांव के सुमित के साथ घर से उसके साथ गया था। बताया गया हैं कि दोनों ने बाजूहेडी शराब के ठेके पर मदिरा का सेवन किया। इसी दौरान नदीम व शाकिब निवासी बाजूहेडी ने अपने साथियों के साथ मिलकर साहब सिंह की बाइक चोरी कर ली। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं। इसी दौरान साहब सिंह ने एक युवक को बाइक ले जाते देखा तो उसने बाइक वापस देने की बात कही। आरोप हैं कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी और फिर उसके शव को गंगनहर में फेंक दिया। साहब सिंह का शव 7 सितंबर को आसफनगर झाल से बरामद हुआ था। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि नदीम, शाकिब निवासीगण बाजूहेडी को नामजद करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर स्वामी यतीश्वरानंद का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नियुक्त हुए स्वामी यतीश्वरानंद एवं राकेश गिरी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने सदैव ओबीसी समाज का सम्मान बढ़ाने का काम किया है और यह समाज भी भाजपा के साथ है। रामपुर चुंगी स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पर खरा उतरने का काम करेंगे और पार्टी



की तन मन के साथ सेवा करूंगा। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी ने कहा कि हरिद्वा जिले से प्रदेश कार्यकारिणी में दो उपाध्यक्ष दिए है पार्टी ने उन्हें जो मान सम्मान दिया है उसका कर्ज उतारने का काम पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करके करूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा भाजपा ने सदैव ओबीसी समाज का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुज सैनी एवं संचालन रोमा सैनी ने किया। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति,पूर्व प्रत्याशी झबरेड़ा विधानसभा राजपाल सिंह, सतीश यादव, मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सुशील राठी,प्रमोद चौधरी,प्रवीण भारद्वाज,विवेक चौधरी,ऋषिपाल बालियान, गजेंद्र सिंह, सुरेश सैनी,संदीप पुरी,अनिल पाल,मदन प्रजापति,संजय प्रजापति,दमयंती नेगी,आशा धस्माना, कमला कैंथोला, कविता कश्यप, सुभाष सरीन आदि मौजूद रहे।

# हवन यज्ञ पूजा पाठ के बाद गन्ना कोल्हू पर पैराई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे मैं हवन यज्ञ व पूजा पाठ के बाद सोमवार को गन्ना कोल्हू में गन्ना पेराई कार्य का शुभारंभ किया गया है ।किसानों द्वारा लाया गया गन्ना रु350 प्रति कुंतल गन्ना कोलहू संचालकों द्वारा खरीदा गया है। किसानों का कहना है कि समय से गन्ना कोलहू चलने से किसानों को इसका लाभ मिलेगा।। कस्बे वह आसपास के गांव भक्तों वाली कोटवाल आलमपुर में प्रतिवर्ष लगभग पचास गन्ना कोलहू संचालित होते हैं। इस बार सोमवार को गन्ना कोलहू संचाल को द्वारा पूजा पाठ कर गन्ना कोलहू में गन्ना पेराई का कार्य शुरू कर गुड बनाने का शुभारंभ कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि समय पर गन्ना कोलहू संचालित होने से किसानों को भी इसका लाभ होगा। किसान अपने खेत से गन्ने की कटाई कर खेत खाली करने के बाद उसमें समय से सरसों तथा पशुओं के हरे चारे के लिए बरसीम की बुवाई कर सकेगा। किसानों का कहना है कि उन्हें गन्ना कोलहू मे गन्ना डालते ही गन्ना भुगतान नगद मिल जाता है।

# वंश नारायण यादव ने संभाला रुड़की फायर स्टेशन का कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की सफायर स्टेशन रुड़की में नए अग्निशमन अधिकारी के रूप में वंश नारायण यादव ने कार्यभार संभाल लिया है। उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय देहरादून के आदेशानुसार पदोन्नति पाकर वे रानीखेत (अल्मोड़ा) से स्थानांतरित होकर रुड़की पहुंचे हैं। इससे पूर्व वे उधम सिंह नगर, चंपावत, अल्मोड़ा और नैनीताल समेत कई जिलों में सेवाएं दे चुके हैं।

कार्यभार ग्रहण करते ही यादव ने सबसे पहले कर्मचारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी आगजनी या रेस्क्यू हादसे में रिस्पांस टाइम पर विशेष ध्यान दिया जाए और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की संपत्ति व जनहानि की रक्षा में हर कर्मचारी का सौ प्रतिशत योगदान होना चाहिए। सभी फायरमैन आवश्यक सुरक्षा उपकरण, हेलमेट और वर्दी धारण कर ही मौके पर पहुंचे। साफ-सुथरी यूनिफॉर्म और अनुशासन को उन्होंने कार्य का आधार बताया। यादव ने कहा कि



अग्निशमन सेवा पुलिस विभाग का अभिन्न हिस्सा है और जनता को हमसे बड़ी उम्मीदें रहती हैं। इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि उन उम्मीदों पर शत-प्रतिशत खरे उतरें। उन्होंने सभी कर्मियों को रोजाना पीटी और व्यायाम करने की सलाह दी, ताकि फिट रहकर सेवा कार्य बेहतर ढंग से हो सके। अंडर ऑफिसरों को निर्देशित किया गया कि मुख्यालय से प्राप्त सभी टास्क का पूर्ण अनुपालन कराया जाए। वाहनों और आपदा उपकरणों को हमेशा कार्यशील दशा में रखने पर विशेष जोर दिया गया। यादव ने चेतावनी दी कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया कर्मी को निर्देश दिया गया कि अग्नि दुर्घटना, रेस्क्यू कार्य, मॉक ड्रिल और जन-जागरण अभियानों की सूचनाएं समय पर उच्च अधिकारियों और मीडिया को उपलब्ध कराई जाएं। आम जनता से अपील अग्निशमन अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी कार्य दिवस पर बिना संकोच फायर स्टेशन आकर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। मॉक ड्रिल और जन-जागरण अभियानों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़े। उन्होंने आग्रह किया कि हर घर, प्रतिष्ठान और वाहन में प्राथमिक अग्निशमन उपकरण अवश्य रखें। समय पर शुरुआती प्रयास से बड़ी जनहानि और संपत्ति की हानि रोकी जा सकती है। यादव ने बताया कि किसी भी अग्नि दुर्घटना या रेस्क्यू घटना की सूचना तुरंत आपातकालीन नंबर 112 अथवा फायर स्टेशन रुड़की के नंबर 01332-273099 पर दी जा सकती है। इसके अलावा नजदीकी कोतवाली और चौकियों पर भी 24 घंटे सूचना दी जा सकती है।

# बीएसएम पीजी कॉलेज में एंटी ड्रग्स सेल समिति ने छात्र-छात्राओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोमवार को बीएसएम (पीजी) कॉलेज, रुड़की में एंटी ड्रग सेल समिति के द्वारा नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया। पोस्टर मेकिंग के माध्यम से सभी को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति भी सचेत किया गया। इसके साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान की थीम पर पोस्टर बनाकर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का परिचय दिया। पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे का हमारे जीवन पर प्रभाव, नशे से उजड़ता जीवन, नशा मुक्त समाज का चित्रण, नशे की लत में पड़ा युवा आदि से समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को उजागर किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गौतम वीर ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि नशा मुक्त जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। एक नशा मुक्त समाज न केवल स्वस्थ बल्कि सशक्त भी होता है। हमें इस दिशा में जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है ताकि नशे को



जड़ से खत्म किया जा सके। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि किसी भी नशे की लत से बाहर आने के लिए व्यक्ति की खुद की इच्छाशक्ति सबसे महत्वपूर्ण है। अंदर से बदलने की इच्छा के बिना कोई भी उपाय पूरी तरह से काम नहीं करता। एंटी ड्रग सेल के सदस्य डॉक्टर सुनीता कुमारी एवं डॉक्टर सुरजीत सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के डॉक्टर राजेश पालीवाल ने सभी विद्यार्थियों को नशा-मुक्ति के लिए प्रेरित किया और समाज एवं देश को नशा मुक्त करने के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर इंदु अरोड़ा, डॉक्टर रीमा सिन्हा आदि प्राध्यापको का योगदान रहा। इस कार्यक्रम में निशांत , आरती सैनी, शाहगुल, निधि, शिवानी, दीपा, तनु, प्रिया ठाकुर, नेहा, सरिता, भारती आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# संतुलित फैसला

सोमवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और न्यायमूर्ति आंगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर अपने अंतरिम फैसले में पूरी तरह रोक लगाने से इन्कार कर दिया, लेकिन साथ ही कहा कि अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक रहेगी। पीठ ने यह भी कहा कि अदालतों को संसद द्वारा बनाए गए कानून की वैधता माननी चाहिए और केवल दुर्लभतम मामलों में ही स्थगन देना चाहिए। 22 मई को अदालत ने अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं (जिनकी संख्या सौ से अधिक है) के एक समूह पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने इन याचिकाओं पर गहनता से विचार किया और पाया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता, लेकिन पीठ ने यह भी माना कि कुछ धाराओं को कुछ संरक्षण की आवश्यकता है। जैसे पीठ ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का न्याय निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने साफ कहा कि अगर ऐसा होता है तो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। ठीक इसी तरह पीठ का यह भी कहना था कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में क्रमश: 22 और 11 सदस्यों में से तीन से अधिक गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिएं। हालांकि ऐसा कहते हुए यह भी साफ किया कि यह न्यायालय कोई निर्देश जारी नहीं कर रहा है। फिर भी उचित यही होगा कि पीठ ने पांच साल तक इस्लाम का पालन के मानदंड के कार्यान्वयन पर भी रोक लगा दी। ऐसा करते हुए पीठ का कहना था कि जब तक नियम नहीं बन जाते तब तक वक्फ संपत्ति घोषित होने से पहले इस पर रोक रहेगी। पीठ का मानना है कि बिना किसी तंत्र के यह मनमाने शक्ति के प्रयोग को बढ़ावा देगा। अब असली तस्वीर तो तभी साफ होगी जब पीठ का संपूर्ण फैसला आएगा, लेकिन फिल्हाल आए फैसले से सभी पक्ष संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। जहां केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने उच्चतम न्यायालय के वक्फ अधिनियम 2025 पर आए निर्णय का स्वागत किया है और इस निर्णय को लोकतंत्र के हित में बताया है वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारी समि. के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने भी पीठ के फैसले की सराहना की है और कहा है कि वे उच्चतम न्यायालय द्वारा मुस्लिम पक्ष की दलीलों को स्वीकार करने के आदेश का स्वागत करते हैं और उम्मीद जताई कि इस मामले पर पूरा फैसला आने पर मुसलमानों को पूर्ण राहत हासिल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें उम्मीद थी कि पूरे एक्ट पर स्टे लिया जाएगा, लेकिन कुछ अहम बातों पर स्टे लिया गया, जिसका वह स्वागत करते हैं। उनके अनुसार अभी पूरा फैसला आना बाकी है, उम्मीद करते हैं कि हमें रिलीव हासिल होगी। निश्चित रूप से कोर्ट को जो अंतरिम फैसला आया है वह बेहद संतुलित है और तर्कसंगत भी है, जबकि सरकार की भाषा से लगता है कि वह फैसले से इतनी खुश नहीं है और वह यही दुहाई दे रही है कि संसद के पास कानूनों में अदालतों को ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

## ...तो सिख कैसा महसूस करेंगे



वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश है, हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट इस पूरे कानून पर जल्द अंतिम फैसला सुनाए और सुनवाई शुरू हो, सीओ की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह व्यक्ति जहां तक संभव हो मुस्लिम होना चाहिए, अब सरकार यही कहेगी कि उन्हें कोई योग्य मुस्लिम नहीं मिला, जो पार्टी किसी मुसलमान को सांसद का टिकट नहीं देती, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, क्या वह मुसलमान अधिकारी चुनेगी, खुफिया विभाग में कितने मुसलमान अधिकारी हैं, वे वक्फ में गैर मुसलमानों की नियुक्ति करेंगे, यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) में किसी गैर-सिख को सदस्य बना दिया जाए तो सिख कैसा महसूस करेंगे।

**-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम**

# नेपालः सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल के अंतरिम सरकार की नवनियुक्त प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार ग्रहण करने के बाद मातहतों के साथ संक्षिप्त बातचीत में साफ कर दिया है कि वे सत्ता का स्वाद चखने नहीं आई हैं, छह महीने बाद होने वाले चुनाव के बाद वे नए प्रतिनिधि सभा को सत्ता की चाभी सौंप देंगी। हां इस दौरान उनकी पूरी कोशिश होगी कि नेपाल अब साफ सुथरी और ईमानदार सरकार के हाथ में हो। इसके लिए संघर्षशील व ईमानदार युवाओं को आगे आना होगा।

उन्होंने जो दूसरी बड़ी बात कही वह नेपाल को तहस-नहस करने वालों की शिनाख्त कर उन्हें सजा दिलाने की। सुशीला कार्की के लिए यह बड़ी चुनौती है, क्योंकि आंदोलन तो जेन जी के हाथ में था और उन्हीं की सहमत से वह प्रधानमंत्री बनीं हैं तो क्या जेन जी के आंदोलन में दूसरे लोग भी घुस आए और देखते देखते नेपाल को राख में तब्दील कर दिया? ये दूसरे लोग आखिर कौन हो सकते हैं? इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है। हर जुबान पर अलग-अलग चर्चाएं हैं। अब अगर जेन जी के आंदोलन में भारी संख्या में उपद्रवी घुस आए और काठमांडू से लेकर नेपाल के मैदानी इलाकों तक आंदोलन को हिंसात्मक बना डाला तो यह मानना होगा कि वे कितने मुस्तैद थे? प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व का मौजूदा प्रशासन इन उपद्रवियों की शिनाख्त कैसे और किस आधार पर करता है यह देखने वाली बात होगी। भारी हिंसा के बीच पदासीन हुई सुशीला कार्की के समक्ष सिर्फ यही चुनौती नहीं है, देखें तो उनके समक्ष चुनौतियों का पहाड़ है। उम्मीद है कि इस सबके बावजूद वे जले बिखरे और टूटे फूटे नेपाल को नया जीवन दे पाने में कामयाब होंगी। सुशीला कार्की न्याय विद के साथ एक राजनीतिक परिवार से जुड़े रहने के नाते वे परिपक्व राजनीतिज्ञ भी हैं। इसकी झलक तब देखने को मिली जब जेन जी के तरफ से उनका नाम फाइनल होने के बाद भी वह प्रधानमंत्री बनने को लेकर हड़बड़ी में नहीं दिखीं। प्रधानमंत्री पद की शपथ उन्होंने तभी ली जब राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को संसद विघटन की उनकी मांग को मानना पड़ा। सुशीला कार्की के इस बात के सभी कायल हुए कि यदि पुराने प्रतिनिधि सभा का ही नेतृत्व करना है तो भ्रष्टाचार जिसके खिलाफ इतना बड़ा आन्दोलन हुआ, उससे पार पाना संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि वह एक भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व नहीं करना चाहेंगी।

सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुवेदी का ताल्लुक नेपाली कांग्रेस से थे जिन्हें स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का नजदीकी माना जाता है। दुर्गा प्रसाद सुवेदी पर 1973 में रायल नेपाल के जहाज के अपहरण का भी इल्जाम है। हालांकि यह एक आंदोलन का हिस्सा थे। इस घटना पर उनकी एक पुस्तक की खूब चर्चा रही। बहरहाल सुशीला कार्की के पति का नेपाली कांग्रेस से ताल्लुक होने का कोई छाप इन पर नहीं है और न ही नेपाली जहाज के अपहरण से भी इनका कोई लेना देना रहा। वह तब भी अपनी मर्जी की मुख्तार थीं और आज भी। बतौर न्यायाधीश उनके कई फैसले चर्चा में रहे जिसमें नेपाली कांग्रेस के एक मुस्लिम नेता के खिलाफ फैसला राजनीतिक गलियारों में भूचाल जैसा था। उनकी जो कार्यशैली और दृढ़ इच्छाशक्ति है निःसंदेह नेपाल को उसका फायदा मिलेगा। यद्यपि कि समय कम है, छह महीने बाद होने वाले चुनाव का परिदृश्य क्या होगा, इस पर कुछ भी कयासबाजी ठीक नहीं है। आगामी चुनाव को लेकर भारत विरोधी और भ्रष्टतम सरकार का नेतृत्व करने वाले केपी शर्मा ओली को सत्ता से उखाड़ फेंकने वाले जेन जी के नौजवानों का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। वह अलग कोई राजनीतिक दल गठित करेंगे या मौजूदा किसी दल के साथ आएंगे, यह भी तय नहीं है। भविष्य के नेपाल में साफ-सुथरी सरकार के लिए उन युवाओं का राजनीतिकरण जरूरी है। बेहद कम समय में सुशीला कार्की के समक्ष नेपाल को फिर से सजाने संवारने की चुनौती भी है। आगजनी और तोड़फोड़ में नेपाल को अरबों-खरबों का नुकसान हुआ है। नेपाल को फिर से बनाने में इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं है। इसके लिए कौन-कौन देश आगे आता है, यह काफी कुछ नई सरकार के विदेश नीति पर निर्भर करेगा। टूरिस्ट जो नेपाल के आर्थिक स्रोत का बड़ा जरिया है, उसे स्थापित करना भी बड़ी चुनौती है। नेपाल यूं तो आंदोलनों का देश है। सबसे भयावह आंदोलन लो. कतंत्र बहाली को लेकर था, जिसे जनयुद्ध के नाम से भी जाना जाता है, उसमें जनहानि खूब हुई लेकिन सरकारी इमारतों को क्षति नहीं पहुंचाई गई थी। बीच बीच में और भी तमाम आंदोलन हुए लेकिन वे इतना भयाक्रांत नहीं रहे। इस बार के आंदोलन की भयावहता देख भारत सहित अन्य देशों के टूरिस्टों का रुख नेपाल की ओर होने में वक्त लगेगा। काठमांडू में भारतीय पत्रकारों को चुन-चुन कर मारा गया यह जानते हुए कि जले भुने नेपाल के पुनर्निर्माण में भारत ही मुख्य सहायक होगा। दरअसल यह सब भारत के प्रति ओली सरकार द्वारा बोए गए जहर का ही असर था। कुछ वर्ष पूर्व आए भूकंप से नेपाल में जितनी तबाही नहीं हुई थी, नेपाली युवाओं ने अपने हाथों से नेपाल को उससे बड़ी त्रासदी दे दी। सरकार निकम्मी थी, उसे हटाने के लिए आंदोलन ठीक था, लेकिन सरकारी संपत्तियों को सुपुर्द-ए-खाक करना नादानी है। काठमांडू से लेकर नेपाल के तमाम शहरों कस्बों में जले हुए मकान, सरकारी इमारतों को देख ऐसा लगता है कि इसका पुनर्निर्माण आसान नहीं है। हर जुबान पर चर्चा है कि अब पशुपतिनाथ ही नेपाल को नया जीवन दे पाएंगे। सुशीला कार्की की जिद भ्रष्टाचार मुक्त नेपाल बनाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की भी है। नेपाल में अभी जितने भी राजनीतिक दल है, उसके सारे बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हैं, ऐसे में राजनीति से भ्रष्टाचार खत्म करना भी बड़ी चुनौती है। राजधानी काठमांडू जिसे काष्ठमंडप भी कहा जाता था, अब स्वाहा हो चुका है। मात्र 48 घंटे की अराजकता में नेपाल बर्बाद हो गया। सरकार और विपक्ष भाग खड़े हुए। मंत्रियों को अपनी जान बचाने को इधर-उधर भागना पड़ा। उन्हे घर के पिछवाड़े, नदी नालों में कूद कर भागते हुए देखा गया। आंदोलनकारियों के पकड़ में जो आए उनकी जमकर कुटाई हुई। युवाओं में सरकार हो या विपक्ष सभी नेताओं के प्रति ऐसा गुस्सा था कि चाहे संसद भवन हो या राष्ट्रपति कार्यालय, सिंह दरबार हो या रेवन्यू भवन सब में आग लगा दी गई। सारे जरूरी दस्तावेज जलकर स्वाहा हो गए। जेलों से भारी संख्या में कैदी फरार हो गए। पूर्व प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री, दर्जनों मंत्रियों के आवास फूंक दिए गए। भारत नेपाल संबंधों को नया आयाम देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्हें नेपाल का गांधी भी कहा जाता है, स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला की प्रतिमा पर वीरगंज में हथौड़ा चलाते हुए देखा गया। इधर जेन जी समूह में इस बात को लेकर वैचारिक मतभेद भी था कि अंत. रिम सरकार का नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का हो या राज संस्था विचारधारा का? सुशीला कार्की की शिक्षा वाराणसी के बीएचयू में भी हुई है और यह भारत के प्रधानमंत्री को फालो करती हैं। जेन जी समूह के 40 प्रतिशत से अधिक युवाओं की यह पहली पसंद थीं। जेन जी का यह सही फैसला था कि उन्होंने एक साहसी न्यायविद महिला को अंत. रम सरकार का मुखिया चुना। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला न्यायाधीश थीं, अब पहली महिला प्रधानमंत्री का खिताब भी उनके खाते में दर्ज हुआ। राजशाही के जमाने से ही नेपाल का भारत से उतार-चढ़ाव जैसा संबंध रहा है। लोकतंत्र बहाली के बाद ज्यादातर नेपाली सरकारें भारत से मतलब भर का संबंध रखती थी। अभी अभी तख्तापलट के शिकार हुए ओली की शिनाख्त कट्टर भारत विरोधी की रही है। उन्होंने नेपाल की जनता में भारत के खिलाफ जहर घोलने में कोई कसर नहीं छोड़ा। सत्ता से हटने के बाद भी सेना के कैंप शिवपुरी से उन्होंने तख्तापलट के लिए मनगढ़ंत कहानियों के साथ भारत पर आरोप मढ़ा है। भारत नेपाल के बीच असहमतियां हैं, इसे लेकर प्रधानमंत्री सुशीला कार्की का क्या रुख होता है, यह भी गौरतलब होगा। सनातनी विचारधारा से लैस पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की के हाथ नई सरकार की कमान भारत के लिए सुखद संकेत है। इस बात की कामना की जानी चाहिए कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में नेपाल में लोकतंत्र मजबूत हो और वह फिर से उठा खड़ा होने में सक्षम हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाली युवाओं के आक्रोश का असर

**भविष्य में ऐसे विद्रोह की पुनरावृत्ति को रोकने और शासन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र एंटी करप्शन कमीशन बनाया जाए जो राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त हो। साथ ही करेप्ट नेताओं पर मुकदमे चलाए जाएं। रोजगार सृजन हेतु युवा केंद्रित नीतियां -आईटी हब, कृषि सुधार अपनाए जाएं। एमसीसी ग्रांट को पारदर्शी तरीके से उपयोग में लाया जाए। साथ ही राजनीतिक स्थिरता हेतु चुनाव सुधार और राजनीति में युवाओं को शामिल किया जाए। इस समय नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय सहायता की नितांत आवश्यकता है।**



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

युवा शक्ति का पुंज है, भुजदंडों में जान। मेधा से सम्प्रक्त यह, रचता नए विधान। युवा उल्ट है वायु का, अंधड़ न बन जाए, इसकी मेधा -शक्ति का सभी करो सम्मान। ये पंक्तियां 8 सितंबर 25 को नेपाल की सड़कों पर उतरे युवाओं के विरोध प्रदर्शन की सटीकता को उद्घाटित करती हैं। हिमालय की गोद में बसा एक छोटा सा देश नेपाल आज एक अभूतपूर्व राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है जिसे जनरेशन-जी विद्रोह के नाम से जाना जाएगा, क्योंकि इस विद्रोह में जनरेशन-जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और जो नेपाल की आबादी का लगभग 30 प्रतिशत है। जेन-जी वह आबादी है जिसका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। 4 सितम्बर 2025 को ओली सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाया, जिसे युवाओं ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला माना जबकि सरकार ने इन प्लेटफार्म्स को फेक न्यूज फैलाने और विदेशी हस्तक्षेप का दोषी ठहराया। हामी नेपाल संगठन के लीडर व सामाजिक कार्यकर्ता सुदन गुरुंग ने सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं को एकजुट कर आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सोशल मीडिया प्रतिबंध का मुद्दा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और अक्षम शासन के खिलाफ लड़ाई है। इससे युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा क्योंकि ओली सरकार पर भाई-भतीजाबाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं और विगत वर्षों में सड़क निर्माण और बिजली परियोजनाओं में अरबों का घोटाला सामने आ चुका है। साथ ही युवा वर्ग पहले से ही शासक वर्ग के परिवारों को ठेके और नौकरियों में प्राथमिकता देने से नाराज था।

इसके साथ ही 2024 में ओली सरकार द्वारा दो बार गठबंधन बदलने से राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी और सत्ता परिवर्तन ने जनता का विश्वास तोड़ा। रैपर से मेयर बने बालेन शाह ने फेसबुक पर जेन -जी के नेतृत्व में शुरू हुए आंदोलन को समर्थन किया। बालेन, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के कारण नेपाल के युवाओं में बहुत अधिक लोकप्रिय हैं। आर्थिक असमानता और बेरोजगारी के कारण नेपाल के युवा त्रस्त हैं, उनके समर्थन से युवाओं के गुस्से को बल मिला। नेपाल की अर्थव्यवस्था मंदी से ग्रस्त है। नेपाल की अर्थव्यवस्था पर्यटन और रेमिटेंस अर्थात प्रवासी नेपाली मजदूरों से आने वाला धन, पर निर्भर है, यह व्यवस्था पटरी पर नहीं लौटी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन बढ़ा है, लेकिन युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं, जबकि नेताओं के परिवार लगातार अमीर हो रहे हैं, बुनियादी ढांचे में निवेश कम है। जनरेशन-जी को लगा कि विकास का मॉडल टूट चुका है, इस विचार ने विरोध प्रदर्शनों में ईंधन का काम किया। इसके साथ ही हिंदू राष्ट्र और राजशाही समर्थक समुदाय भी एक कारक हैं, जिनको लगा कि हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान खोती जा रही है। इन कारणों ने एक ज्वालामुखी का रूप धारण कर प्रदर्शन को हिंसक बनाया जिससे 19 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हैं, संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास और अन्य सरकारी इमारत में आग लगा दी गई। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को त्यागपत्र देना पड़ा। विद्रोह को रोकना समय की मांग है किन्तु यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन संकट से उबरने के लिए हमें सार्थक उपाय करने होंगे ताकि वर्तमान संकट को शांत करके भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। इस हेतु तात्कालिक रूप से सेना को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रहकर अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक को आमंत्रित कर संवाद शुरू करना चाहिए। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटा लिया गया है लेकिन फेक न्यूज पर नियंत्रण के लिए पारदर्शी नीति बनाई जानी जाए। साथ ही बेरोजगारों को आर्थिक राहत देते हुए बेरोजगारी भत्ता देने की व्यवस्था हो। पर्यटन को पुनर्जीवित किया जाए तथा विश्व बैंक से आपातकालीन फंड मांगे जाएं, ताकि नेपाल की अर्थव्यवस्था और निर्माण को पटरी पर लाया जा सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओजोन परत के बिना असंभव पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन का अस्तित्व

## विश्व ओजोन दिवस पर विशेष



**योगेश कुमार गोयल**

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदाई माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है।

प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2025 की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है। यह थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ओजोन परत के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विज्ञान की भूमिका और आवश्यक वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा।



हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ए परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है।

ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्राय: कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 50 मुस्लिम देश

## ईरान ने कहाः इस्लामी देश इजरायल से रिश्ता तोड़ें, पाकिस्तान की नाटो जैसी फोर्स बनाने की सलाह

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में आज मुस्लिम देशों के 50 नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए हैं। यह बैठक अरब लीग और आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन (ओआईसी) ने बुलाई है। इसका मकसद 9 सितम्बर को कतर पर हुए इजरायली हमले का जवाब देना है। इस हमले में हमास के 5 मेंबर और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारा गया था।

यह हमला उस समय हुआ जब हमास की एक टीम गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर बात करने दोहा में थी। आज की मीटिंग से पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते तोड़ने को कहा है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने की अपील की। वहीं पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसे जाइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया। इस्लामिक कोआपरेशन की इमरजेंसी बैठक के लिए 50 से ज्यादा इस्लामी देशों के नेता कतर पहुंचे। रविवार को इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों ने दोहा में इजरायलके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर बंद कमरे में एक बैठक की थी। इस दौरान कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी ने इजरायली हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि कतर अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने कहा कि दुनिया भर के मुस्लिम इस बैठक पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक जाइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र किया और कहा कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

इजरायल ने 9 सितम्बर कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद इजरायली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा था कि इजरायल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है। जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। हमले के बाद कतर ने इजरायल की कड़ी आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर 'कायराना हमला' करार दिया था और कहा था कि यह सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ की थी। उन्होंने कहा थी कि आतंकवादियों को दुनिया में कहीं भी इजरायलसे छूट नहीं मिलेगी।



### इजरायली हवाई हमले में यमन के 26 मीडियाकर्मी मारे गएः हूती

**समूह सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के हवाई हमले में मारे गए 46 लोगों में से 26 लोग स्थानीय मीडिया संस्थान के कर्मचारी थे। यमन के हूती समूह ने रविवार की इसकी जानकारी दी। एक बयान में हूती समूह ने कहा कि हमले में मध्य सना में तहरीर चौक पर स्थित दो समाचार पत्रों- 26 सितम्बर और अल-येमन के कार्यालय ध्वस्त हो गए। उन्होंने कहा कि इस हमले से उनका मीडिया संचालन कमजोर नहीं होगा। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि हमले में 165 लोग घायल हुए जिनमें महिला और बच्चे शामिल हैं। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने क्षतिग्रस्त आवासीय इमारतें और मलबे में खोजबीन कर रहे बचावकर्मियों का फुटेज जारी किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने सैन्य शिविरों, हूतियों के जनसंपर्क मुख्यालय और एक ईंधन भंडारण स्थल को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने साथ ही कहा कि ये कार्रवाई हूती समूह द्वारा किये गए ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में थी। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने इस हमले का जवाब देने की कसम खाई।



स्पेन। अललपार्डो से मैड्रिड तक ला वुल्टा साइकिल रेस के इक्कीसवें चरण के दौरान फलस्तीनी झंडे को लेकर विरोध प्रदर्शन कर नारे लगाते लोग।

### दोहा पर इजरायली हमले के बाद कैदियों की अदला-बदली पर बातचीत स्थगित

**गाजा।** हमास ने कहा है कि कतर की राजधानी दोहा में पिछले सप्ताह वार्ता के लिए गई उसके प्रतिनिधिमंडल पर इजरायली हमले के बाद कैदियों की अदला बदली के लिए इजरायल के साथ बातचीत निलंबित कर दी है। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ताहिर अल-नोनो ने एक बयान में कहा कि अगर बातचीत के लिए जिम्मेदार प्रतिनिधिमंडल पर देश के अंदर हमला होता है, तो बातचीत जारी नहीं रह सकती। हमास ने कहा कि पिछले मंगलवार को इजराइली हवाई हमलों में दोहा में उनके नेताओं द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासीय परिसरों को तब निशाना बनाया गया, जब वे अमेरिका समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे। समूह ने कहा कि वरिष्ठ हमास अधिकारी खलील अल-हय्या के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बच गया। लेकिन हमास के पांच सदस्य और कतर का एक सुरक्षा अधिकारी मारे गए। अल-नोनो ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली, दोनों के प्रयासों में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के 80 युवा नेता शामिल हुए

**नई दिल्ली।** असम के गुवाहाटी में आयोजित तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के 80 से अधिक युवा नेताओं ने शिरकत की। गत नौ से 11 सितम्बर तक आयोजित बिम्सटेक युवा नेता शिखर सम्मेलन, बिम्सटेक को और मज़बूत करने के लिए छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोषित 21-सूत्रीय कार्य योजना का हिस्सा था। शिखर सम्मेलन में 21वीं सदी के नेतृत्व पर प्रकाश डाला गया-लचीला, समावेशी और विविधता के प्रति संवेदनशील। उद्यमिता, डिज़ाइन थिंकिंग और अंतर-सांस्कृतिक सहयोग पर सत्रों ने प्रतिभागियों को स्थाई, सामाजिक रूप से उत्तरदाई समाधान तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

### चीन, थाईलैंड संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण करेंगे

**बीजिंग।** चीन और थाईलैंड इस महीने के अंत में संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि ये प्रशिक्षण थाईलैंड में आयोजित होगा। एमएनडी वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, चीन इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कई प्रकार के विमान और जमीनी वायु रक्षा बलों को तैनात करेगा।

### इस्लामाबाद में डेंगू के 25 नए मामले मिले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पिछले 24 घंटों में डेंगू बुखार के 25 नए मामले सामने आए हैं। जिला स्वास्थ्य कार्यालय (डीएचओ) के अनुसार नए संक्रमणों में से 13 ग्रामीण इलाकों में और 12 शहरी इलाकों में दर्ज किए गए, जिससे इस वर्ष राजधानी में डेंगू से पीड़ित लोगों की कुल संख्या 460 हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय कम से कम 21 मरीज शहर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं।

### कांगो इबोला वायरस का टीकाकरण शुरू

**किंशासा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कि मध्य कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में बुलापे स्वास्थ्य क्षेत्र में इबोला वायरस का टीकाकरण शुरू हो गया है। इस महीने की शुरुआत में कसाई प्रांत में इबोला वायरस का संक्रमण शुरू हुआ था। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि इस चरण में अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों और इबोला वायरस संक्रमण के पुष्ट मरीजों का टीकाकरण किया जा रहा है।

# जेन-जैड ने सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा

## कहाः हमने कुर्सी पर बैठाया, हटाने में वक्त नहीं लगेगा, बिना सलाह के मंत्री चुनने का आरोप

**काठमांडू।** नेपाल में जेन-जैड-प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा है। वे कैबिनेट विस्तार को लेकर नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार प्रदर्शनकारियों की राय लिए बिना मंत्रियों को चुन रही है।

इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे। गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा। जिस कुर्सी पर बैठाया है, वहीं से निकाल फेंकेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीनियर वकील ओमप्रकाश आर्यल सरकार में दखलअंदाजी कर रहे हैं। गुरुंग का आरोप है कि आर्यल ने खुद को गृहमंत्री बनाने का फैसला किया है। ओमप्रकाश आर्यल काठमांडू के मेयर बालेन शाह के करीबी माने जाते हैं। पीएम कार्की ने ओमप्रकाश आर्यल को गृह और कानून मंत्री, रामेश्वर खनाल को वित्त मंत्री और कुलमान घिसिंग को ऊर्जा मंत्री नियुक्त किया है। कार्की ने तीन दिन पहले 12 सितम्बर को अंतरिम पीएम की शपथ ली थी। इस दौरान गुरुंग ने माथा टेकते हुए कार्की के पैर छुए थे। कार्की ने तीन दिन पहले 12 सितम्बर को अंतरिम पीएम की शपथ ली थी। इस दौरान गुरुंग ने माथा टेकते हुए कार्की के पैर छुए थे। 36 साल के गुरुंग ने 8 सितम्बर को काठमांडू में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। वे हामी नेपाल नाम के एनजीओ के संस्थापक हैं। 2015 में बना यह संगठन आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने के लिए जाना जाता है। भूकंप और बाढ़ जैसी आपात स्थितियों में इसके सदस्य बचाव, भोजन और पानी की व्यवस्था करते रहे हैं। संगठन ने समय-समय पर छात्रों और प्रवासी नेपाली नागरिकों से जुड़े मुद्दे भी उठाए हैं। इसी साल भुवनेश्वर में एक नेपाली छात्रा की आत्महत्या के मामले में भी 'हामी नेपाल' ने खुलकर आवाज उठाई थी और सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा किए थे। दिलचस्प यह है कि यह संगठन आमतौर पर राजनीतिक विवादों से दूरी बनाए रखता है। इसके इंस्टाग्राम पेज पर ज्यादातर मानवीय गतिविधियों की ही झलक मिलती है। ऐसे में काठमांडू विरोध का ऐलान गुरुंग के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। गुरुंग का नाम पहली बार राजनीतिक विवाद में तब आया था, जब उन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले पर सवाल उठाए।



इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे, गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे, तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा

### नेपाल में तीन मंत्रियों ने ली शपथ

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने नवगठित अंतरिम सरकार के तीन मंत्रियों को सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह काठमांडू स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व वित्त सचिव रमेशोर प्रसाद खनल ने वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व प्रबंध निदेशक कुलमन घीसिग ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्रालय, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्रालय के साथ-साथ शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। ओम प्रकाश आर्यल गृह मंत्रालय और कानून, न्याय एवं संसदीय मामलों के मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। आर्यल एक वकील हैं और काठमांडू के महापौर के कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। गौरतलब है कि नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नामित किया गया था।

# गाजा में इजरायली हमले में सात फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** पश्चिमी गाजा में इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। चीन की समाचार समिति शिन्हुआ ने स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले बताया कि इजरायल ने रविवार को पश्चिमी गाजा में व्यापक हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलें और कई बहुमंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि इजरायली सेना ने विस्थापित लोगों के लिए 'फलस्तीन' शिविर को भी निशाना बनाया, जिसमें दर्जनों तंबू, आस-पास के घर और सुविधाएं, इस्लामिक विश्वविद्यालय, सामुदायिक कॉलेज और आसपास के आवासीय ब्लॉक शामिल हैं। गाजा स्वास्थ्य विभाग सूत्रों ने बताया कि तेल अल-हवा में बार्सिलोना पार्क के पास एक आवासीय इमारत पर हुए हवाई हमले में सात फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है, और उन्हें इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में दिखाया गया है कि नागरिक सुरक्षा दल मलबे से लोगों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं। वीडियो में नष्ट हुई इमारतों के ऊपर धुएं का घना गुबार दिखाई दे रहा है।

**इजरायल ने हवाई हमलों के जरिये अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलों को निशाना बनाया**

# भारतीय मूल के नागरिक का सिर काटने पर भड़के ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय मूल के चंद्रा नागमलैया की हत्या की निंदा की। उन्होंने इसे भयानक बताया। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा चंद्रा नागमल्लैया डलास के रहने वाले थे। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा के अवैध अप्रवासी ने बेरहमी से उनका सिर कलम कर दिया।

हमारे देश में ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पहले भी बाल यौन शोषण, कार चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि बाइडन प्रशासन ने इस अपराधी को रिहा कर दिया था और क्यूबा ने उसे वापस लेने से भी इन्कार कर दिया था। दरअसल, टेक्सास के डलास में 10 सितम्बर को भारतीय मूल के नागमलैया की हत्या कर दी गई थी। ट्रम्प ने कहा कि अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी का समय अब खत्म हो गया है, अब सजा दी जाएगी। ट्रम्प ने लिखा, निश्चिंत रहें, यह अपराधी हमारी हिरासत में है। उसे प्रथम डिग्री हत्या (सोची-समझी साजिश) का दोषी ठहराया जाएगा। उसे कड़ी सजा मिलेगी ट्रम्प ने अपनी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम, अटार्नी जनरल पाम बान्डी और बार्डर जार टाम होमैन अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने का काम कर रहे हैं। 10 सितम्बर को भारतीय मूल के नागमलैया की अपने सहकर्मी, 37 साल के योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज के साथ टूटी हुई वाशिंग मशीन को लेकर विवाद हो गया था।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः नरमी का समय खत्म, अब सजा मिलेगी, पत्नी-बेटे के सामने हुई थी हत्या**

# बेलारूस पड़ोसी देशों को बिन मांगी सहायता नहीं देना चाहताः लुकाशेंको

**मिन्स्क।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सोमवार को कहा कि बेलारूस अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। लुकाशेंको ने कहा कि उसके पास अपने पड़ोसियों की बिना मांगे सहायता करने की कोई योजना नहीं है। लुकाशेंको ने रूस की रज़्वेदचिक समाचार पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बेलारूस बिना आमंत्रण के अपने पड़ोसियों की सीमाएं पार करने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बेलारूस उन सभी के साथ मित्रता और सहयोग करने के लिए तैयार है जो ईमानदारी से ऐसा चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बेलारूस के प्रति पश्चिम की अमित्र नीति आक्रामक होती जा रही है, लेकिन अभी तक उसे कोई विशेष जोखिम या प्रत्यक्ष सैन्य खतरा नहीं दिख रहा है।

# अमेरिका-चीन के बीच टिकटॉक पर बनी सहमति

## ट्रम्प ने दिए संकेत, कहाः अच्छी रही व्यापार वार्ता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच टिकटॉक को लेकर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिए हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप में अमेरिका और चीन के बीच बड़ी व्यापार बैठक बहुत अच्छी रही। इसमें एक खास कंपनी को लेकर समझौता हुआ है। जिसे हमारे देश के युवा बचाना चाहते थे। इससे साफ है कि ट्रम्प ने टिकटॉक को लेकर समझौते के संकेत दिए हैं।

टिकटॉक चीन से जुड़ी कंपनी है, जिसे अमेरिकी कानून के अनुसार बेचना होगा अन्यथा परिचालन बंद करना होगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप में अमेरिका और चीन के बीच बड़ी व्यापार बैठक बहुत अच्छी रही। यह जल्द ही समाप्त हो जाएगी। एक खास कंपनी को लेकर भी समझौता हुआ, इसे हमारे देश के युवा बहुत बचाना चाहते थे। वे बहुत खुश होंगे। मैं शुक्रवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करूंगा। यह रिश्ता बहुत मजबूत बना हुआ है। मैड्रिड में अमेरिका और चीन के अधिकारियों के बीच नई दौर की आर्थिक और व्यापारिक वार्ता चल रही है।

**टिकटॉप चीन से जुड़ी कंपनी है, जिसे अमेरिकी कानून के अनुसार बेचना होगा अन्यथा परिचालन बंद करना होगा**



अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर कर रहे हैं, जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच संबंधों में कई जटिलताएं हैं। व्यापार विवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताएं और तकनीकी उद्योग पर बढ़ते तनाव ने दोनों देशों के रिश्ते और कठिन बना दिए हैं। इसके बावजूद, मैड्रिड की वार्ता को आने वाले समय में द्विपक्षीय रिश्तों के लिए अहम कदम माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टिकटॉक की बिक्री की समयसीमा कई बार बढ़ा चुके हैं। पहली बार ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद 20 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद टिकटॉक पर अमेरिका में प्रतिबंध लगा दिया गया था। दूसरी बार अप्रैल में समयसीमा बढ़ाई गई, जब टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी में बदलने की कोशिश हो रही थी, लेकिन ट्रम्प की टैरिफ घोषणा के बाद चीन के पीछे हटने से यह सौदा टूट गया था। तीसरी बार ट्रम्प ने जून में समयसीमा 90 दिन के लिए बढ़ाई। ज्पाज्वा की मूल कंपनी बाइटडांस चीन की है और अमेरिका को आशंका है कि यह एप यूजर्स का डेटा चीन सरकार के साथ साझा कर सकता है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए अमेरिका ने एक कानून पारित किया था, जिसके तहत बाइटडांस को ज्पाज्वा का मालिकाना अधिकार किसी अमेरिकी कंपनी को सौंपना होगा या फिर देश में इसका संचालन बंद करना पड़ेगा। एफबीआई और फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन दोनों ने चेतावनी दी थी कि बाइटडांस उपयोगकर्ता डेटा, जैसे ब्राउजिंग हिस्ट्री, लोकेशन और बायोमेट्रिक जैसी जानकारियों को चीन की सत्तावादी सरकार के साथ साझा कर सकता है।

# पाक राष्ट्रपति ने चीन में जे-10 फाइटर जेट फैक्ट्री देखी

## आसिफ अली जरदारी ने हथियारों की तारीफ की, भारत के खिलाफ संघर्ष में इनका हुआ था इस्तेमाल

**बीजिंग।** 10 दिन के दौरे पर चीन पहुंचे पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने चेंगदू स्थित चीन के एविएशन इंडस्ट्री काम्पलेक्स का दौरा किया। पाकिस्तानी अखबार द डान के मुताबिक जरदारी इस जगह का दौरा करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। इस मौके पर उनके बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी और बेटी असीफा भुट्टो-जरदारी भी मौजूद थे।

जरदारी ने कंपनी के इंजीनियरों और वैज्ञानिकों से मुलाकात की और चीन निर्मित विमानों की क्षमताओं की सराहना की। इस दौरान जरदारी ने काम्पलेक्स में जे-10 और जेएफ-17 थंडर विमानों के बनने की प्रक्रिया को समझा। इसके अलावा उन्होंने पांचवीं पीढ़ी के जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान के बारे में भी जानकारी ली। जरदारी ने कहा कि जे-10 और जेएफ-17 ने पाकिस्तानी वायु सेना को मजबूत किया है और भारत के खिलाफ ये विमान पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और चीन रक्षा उत्पादन और विमानन में सहयोग का विस्तार करना जारी रखेंगे। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने एविएशन इंडस्ट्री काम्पलेक्स में विमानों के बनने की प्रक्रिया को समझा। जरदारी ने चीन की हाई-स्पीड ट्रेन का भी अनुभव लिया। वह चेंगदू से मियांयांग तक आधे घंटे की ट्रेन यात्रा पर गए। यात्रा के दौरान उन्होंने चीन की ट्रांसपोर्ट सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने पाल्यूशन फी इलेक्ट्रिक ट्रेन इंजन और भूकंप पूर्व चेतावनी तकनीकों को 'रेलवे इंजीनियरिंग का चमत्कार' बताया। चीनी अधिकारियों ने जरदारी को बताया कि चीन के पास दुनिया का सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क है, जिसकी लंबाई 45,000 किलोमीटर से ज्यादा है। यहां ट्रेनें 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं और हर साल दो अरब से ज्यादा यात्रियों को ले जाती हैं। यह नेटवर्क लगभग सभी बड़े चीनी शहरों को जोड़ता है।



जरदारी ने कंपनी के इंजीनियरों व वैज्ञानिकों से मुलाकात की

# कैमरून के बार में विस्फोट में एक की मौत, चार घायल

**याउंडे।** कैमरून के एंग्लोफोन उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के एक बार में रविवार को हुए आईईडी विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह विस्फोट क्षेत्र के बतिबो इलाके में हुआ। बम एक पुलिस स्टेशन के पास एक बार में लगाया गया था। एक क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों के एक समूह ने बार को निशाना बनाया क्योंकि पुलिसकर्मी अक्सर वहाँ जमा रहते हैं। हालांकि, विस्फोट के दौरान कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। सभी पीड़ित नागरिक थे जो दोस्तों और परिवार के साथ समय बिता रहे थे। किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने इस हमले के लिए क्षेत्र में सक्रिय अलगाववादी लड़ाकों को जिम्मेदार ठहराया है। अलगाववादियों ने सोमवार को स्कूलों के फिर से खुलने और अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को बाधित करने के लिए कैमरून के अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में एक महीने का लॉकडाउन शुरू किया।

